ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:56
उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 3 जून 2025
वर्ष 6, अंक 193, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

2026 तक मिलेंगे बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम 14

कार्लसन को हराकर गुकेश ने लिया हार का बदला 13

लॉ एंड ऑर्डर से कोई समझौता नहीं: डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल करेंगे

अमृत विचार : प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि पब्लिक की आवाज़ सुनी जाएगी लेकिन लॉ एंड ऑर्डर से समझौता नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाया जाएगा। शीघ्र शुरू होने वाले 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल किया जाएगा, ताकि वे नए जमाने की आपराधिक चुनौतियों से निपट सकें। पुलिस में 20 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मिली बड़ी जिम्मेदारी का हवाला देते हुए डीजीपी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

जेईई एडवांस्ड में रजित और देवदत्ता नेशनल टॉपर

परीक्षा परिणाम जारी, अलग-अलग वर्ग में दस टॉपर, रजित को 332 और देवदत्ता को 312 अंक मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 रजित गुप्ता ने हासिल की है। बालिका वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर देवदत्ता माझी हैं। रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक और देवदत्ता माझी ने 360 में से 312 अंक पाए हैं। परीक्षा परिणाम में अलग-अलग वर्ग में 10 टॉपर घोषित किए गए हैं।

आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1,80,422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 54,378 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। जिनमें 9,404 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा परिणामों में सीआरएल (कॉमन रैंक लिस्ट) 10 मेधावी घोषित किए गए हैं। इनमें रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, माजिद मुजाहिद हुसैन, पार्थ मंदर वर्तक, उज्जवल केसरी, अक्षत कुमार चौरसिया, साहिल मुकेश देओ, देवेश पंकज, अर्णव सिंह व वाडलामुदी लोकेश शामिल हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई जिसमें पेपर-1 एवं पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। जेईई एडवांस में विदेशी छात्रों ने भी परीक्षा दी थी। 129 विदेशी परीक्षार्थियों ने भी पंजीकरण कराया था। इनमें दोनों पेपर में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 13 विदेशी परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए हैं।

रजित गुप्ता

देवदत्ता माझी

काउंसलिंग 28 जुलाई तक

परीक्षा परिणाम आने के बाद अब युवा काउंसिलिंग में शामिल होंगे। जिसके बाद वे अपनी पसंद के इंस्टीट्यूट्स में दाखिला लेंगे। जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 जून से शुरू होंगे। काउंसलिंग 28 जुलाई तक चलेगी। काउंसलिंग 6 राउंड में होगी। जेईई एडवांस्ड के कट-ऑफ अंक और मिनिमम क्वालिफाइंग प्रतिशत सभी श्रेणियों जनरल, ओबीसी-एनसीएल, ईडब्ल्यूएस, एससी और एसटी के लिए कम कर दिया गया है। अभ्यार्थियों को 10 जून तक च्वाइस फिलिंग करने का मौका मिलेगा।

लखनऊ के श्रेयस को मिली 68वीं रैंक

लखनऊ। देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई (ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम) एडवांस परीक्षा में लखनऊ के श्रेयस लोहिया को अखिल भारतीय स्तर पर 68वीं रैंक हासिल हुई है। श्रेयस का बेस्ट परसेंटाईल स्कोर 100 प्रतिशत रहा है। लखनऊ के ही कृष्णा को 75वीं रैंक हासिल हुई है। लखनऊ के तत्सत मिश्रा को 775 वीं रैंक जबकि अथर्व गुप्ता को 1152 वीं रैंक मिली है।

एक नजर

इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रीष्मावकाश घोषित

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया है। एक जुलाई से फिर से कोर्ट नियमित सुनवाई करेंगी। हालांकि, ग्रीष्मावकाश में जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए सिविल और क्रिमिनल दोनों तरफ की आवश्यक पीठें काम करेंगी। उधर केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में भी पूरे जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। 8, 14, 21 और 28 जून को पीठें आवश्यक मामलों की सुनवाई करेंगी। कैट के उप रजिस्ट्रार एसके श्रीवास्तव ने कहा कि 21 जून को वर्चुअल मोड में सुनवाई होगी।

नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

भारत बनेगा विमान रखरखाव और मरम्मत का वैश्विक केंद्र

आईएटीए की बैठक में मोदी ने वैश्विक कंपनियों को दिया निवेश का न्योता

- देश में 2030 तक इस क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक कंपनियों को देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित नियामकीय ढांचे, अनुपालन में सुगमता और सरल कर ढांचे के साथ भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्र में रखरखाव और मरम्मत (एमआरओ) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विमान रखरखाव के लिए वैश्विक केंद्र बनने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व हवाई परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में भारत में 96 एमआरओ सुविधाएं थीं, जो अब बढ़कर 154 हो गई हैं। इसके अलावा स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी और कर को युक्तिसंगत बनाने के उपायों ने एमआरओ क्षेत्र को नई गति दी है।

मोदी ने यह भी कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है। उन्होंने कहा कि नया भारतीय विमान अधिनियम वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप है। इसके साथ एक सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचा, अनुपालन में सुगमता और सरल कर व्यवस्था है। यह सब प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर का प्रदान करता है। भारत में पिछली आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी। इस बार की बैठक में 1,600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं जिनमें शीर्ष वैश्विक विमानन उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले चार दशक में देश में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

वैश्विक विमानन परिवेश में देश की भूमिका बढ़ी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक विमानन परिवेश में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं। मोदी ने कहा कि आज, भारत अंतरिक्ष-विमानन के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। नागर विमानन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जिसे हर जगह स्वीकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने वाले तीन बुनियादी स्तंभों का जिक्र किया। एक विशाल बाजार, जो केवल उपभोक्ताओं का समूह नहीं, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है, एक मजबूत जनसांख्यिकी और प्रतिभा, जहां युवा नवोन्मेषक कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी सफलताएं हासिल कर रहे हैं और एक खुला तथा सहायक नीति परिवेश, जो औद्योगिक विकास को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।

सजगता और संवाद से ही बेहतर होगी कानून व्यवस्था : मुख्यमंत्री

योगी ने की कानून-व्यवस्था, पर्व की तैयारियों की समीक्षा

- कहा-विवाद की स्थिति में तहरीर की प्रतीक्षा न कर कदम उठाएं नई परंपरा की अनुमति नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कानून व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जनहित सर्वोपरि शासन का मूल मंत्र है। छोटे विवाद ही लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सजगता, सतर्कता और संवाद के माध्यम से बड़े से बड़े विवादों का समाधान करके कानून व्यवस्था बेहतर होगी। निर्देश दिए कि क्षेत्र में विवाद की स्थिति में संबंधित थाना 'तहरीर' की प्रतीक्षा न करे, आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहना चाहिए।

वे सोमवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, मंडलायुक्त, ज़ोन, पुलिस कमिश्नरेट, रेंज तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई व्यवस्था और आगामी पर्व-त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अपने-अपने क्षेत्रों में विगत वर्षों में हुई घटनाओं का विवरण खंगालें। प्रतिबंधित पशुओं के काटने, परंपरा से हटकर कार्य करने, अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर, संदिग्धों पर निषेधात्मक कार्रवाई की जाए। सभी थाना, तहसील, जनपद में पीस कमेटियों से संवाद सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक मार्गों पर यातायात अवरुद्ध न हो। धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की पैदल गश्त सतत जारी रहे।

प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर सख्त रोक

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थल चिह्नित हों। अन्यत्र कतई न हो। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पूर्णत: वर्जित रहे। प्रत्येक जिले में कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। आस्था का सम्मान हो किंतु नई परंपराओं को प्रोत्साहित न किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे।

टनकपुर-बरेली पैसेंजर को पलटाने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रेलवे ट्रैक की कैंची में शरारती तत्वों द्वारा भरा गया पत्थर।

- असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक की कैंची में भरे थे पत्थर, अर्थ लाइन का एंगल भी रखा था
- बरेली-पीलीभीत रेलखंड पर दोहना के पास लोको पायलट की सतर्कता से टला हादसा

अमृत विचार : बरेली-पीलीभीत रेलखंड पर दोहना के पास रविवार की देर रात रेलवे ट्रैक की कैंची में पत्थर भरकर असामाजिक तत्वों ने टनकपुर-बरेली पैसेंजर पलटाने की साजिश रची। लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। लोको पायलट ने मौके पर जाकर देखा तो अर्थ लाइन का एंगल भी तोड़कर रेलवे ट्रैक पर डाला गया था। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ के साथ भोजीपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तहरीर पर भोजीपुरा पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लगातार अलग-अलग जगह पर ट्रेन को पलटाने की साजिश रचने के मामले सामने आ रहे हैं। अब टनकपुर-बरेली पैसेंजर हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गई। गाड़ी नंबर 05307 टनकपुर-बरेली पैसेंजर टनकपुर से प्रतिदिन रात 9: 30 बजे चलकर 12: 55 पर बरेली जंक्शन आती है। रविवार की रात 11: 58 बजे पर ट्रेन दोहना स्टेशन के पास पहुंची थी। लोको पायलट को ट्रैक क्लियर नहीं होने का शक हुआ तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इंजन से नीचे उतरकर देखा तो पाया कि अर्थ लाइन के लोहे के एंगल को क्षतिग्रस्त करने के बाद रेल लाइन पर डाल दिया गया। इसके साथ ही रेल ट्रैक की कैंची में पत्थर भरे हुए मिले। इसके बाद रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद भोजीपुरा पुलिस के साथ आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। ट्रैक को सही करके 25 मिनट के बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया। बरेली सिटी के जीआरपी इंस्पेक्टर अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। भोजीपुरा थाने में तहरीर दी गई है।

> तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ करके जल्द ही साजिश रचने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा।
> -प्रवीण सोलंकी, थाना प्रभारी भोजीपुरा

सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत नहीं

- हाईकोर्ट ने समन को जायज बताया

लखनऊ। सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने मामले में राहुल पर मानहानि का मुकदमा चलाने को जारी समन में दखल देने से किया इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने संतुष्ट होने के बाद कि राहुल पर मानहानि का मुकदमा चलाने का मामला बनता है, समन जारी करने का सही निर्णय लिया।

इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने आदेश को चुनौती देने वाली राहुल की याचिका खारिज कर दी। 29 मई को न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कहा था कि विस्तृत आदेश दो जून को जारी किया जाएगा। राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की एक कोर्ट में दाखिल वाद में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

डेढ़ वर्ष के बच्चे को सीने से लगाकर ट्रेन के आगे कूदी मां, दोनों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- पोस्टमार्टम होने के बाद पत्नी-बेटे का शव लेने तक नहीं पहुंचा पति तो पुलिस ने बहन को सौंपा

अंगूरी (फाइल)

अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र में मामूली घरेलू विवाद में सोमवार को द्वारिकेश शुगर मिल के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर डेढ़ वर्ष के बच्चे को सीने से लगाकर मां ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर लिया। महिला की बहन ने अपने बहनोई पर पत्नी-बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि पोस्टमार्टम के बाद पति शव लेने नहीं पहुंचा तो पुलिस ने महिला की बहन को दोनों के शव सौंप दिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर कला निवासी गौरव ने बताया कि उसकी बहन अंगूरी की शादी 2023 में सात जून को मोपेंद्र निवासी तरा खास थाना फतेहगंज पूर्वी के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी में शराब पीने को लेकर घरेलू विवाद होने लगा। आए दिन मारपीट होती थी। अंगूरी (22) डेढ़ साल के बेटे अजय और पति मोपेंद्र के साथ सोमवार की सुबह करीब सात बजे दवा लेने पैदल ही निकली थी। रास्ते में द्वारिकेश शुगर मिल के पास स्थित रेलवे ट्रैक को मोपेंद्र ने पार किया। इसके बाद फाटक बंद हो गया। अंगूरी बेटे को लेकर इस पार ही रही। अचानक तेज गति से आ रही ट्रेन के आगे खड़ी हो गई। ट्रेन के लोको पायलट अशोक यादव हार्न बजाते रहे, लेकिन वह नहीं हटी। इससे मां-बेटे की ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर अंगूरी की बहन रेखा ने अपने बहनोई पर धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। फरीदपुर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले में जांच की जा रही है।

हवा में गिद्ध से टकराया विमान आपात स्थिति में रांची में उतरा

- इंडिगो के विमान में सवार थे 175 यात्री

रांची। इंडिगो की एक उड़ान के करीब 175 यात्री सोमवार को तब बाल-बाल बच गए जब विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतारा गया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, जबकि विमान एयरबस 320 को नुकसान पहुंचा है।

बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने बताया कि रांची के पास इंडिगो की एक उड़ान से गिद्ध टकरा गया। घटना के वक्त विमान रांची से करीब 10 से 12 नौटिकल मील दूर, करीब 3,000 से 4,000 फुट की ऊंचाई पर था। विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को उसे यहां आपातस्थिति में विमान उतारना पड़ा। यह घटना दोपहर 1 :14 बजे हुई। विमान का कोलकाता जाने का कार्यक्रम था।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज कैबिनेट की पहली बैठक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है।

कम शुल्क पर आयात कर सकेंगे इलेक्ट्रिक कार

दिशा-निर्देश जारी, 4,150 करोड़ निवेश वाली कंपनियों को 15% शुल्क पर आयात की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत सोमवार को दिशानिर्देश अधिसूचित कर दिए। इसमें स्थानीय विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली कंपनियों को महज 15 प्रतिशत आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात की अनुमति दी गई है।

इस योजना को पिछले साल 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था, लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश सोमवार को जारी किए। इससे इलेक्ट्रिक कार विनिर्माताओं के लिए आवेदन खिड़की खुलने पर आवेदन करने का रास्ता साफ हो गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, वैश्विक ईवी विनिर्माताओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीकृत आवेदकों को आवेदन मंजूर होने की तारीख से पांच साल के लिए 15 प्रतिशत के कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य वाली पूरी तरह तैयार (सीबीयू) इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, आयात शुल्क में राहत पाने के लिए स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

वहीं चार्जिंग ढांचा तैयार करने पर किए गए व्यय को प्रतिबद्ध निवेश के पांच प्रतिशत तक माना जाएगा। योजना के तहत आवेदकों को अनुमोदन पत्र जारी करने की तारीख से तीन साल के भीतर 25 प्रतिशत का न्यूनतम घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) और 50 प्रतिशत का न्यूनतम डीवीए पांच साल के भीतर हासिल किया जाना चाहिए।

शुल्क में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट

प्रति आवेदक को शुल्क के रूप में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट देने या फिर योजना के तहत किए गए उसके निवेश तक सीमित किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने कहा कि तीन साल की अवधि में आवेदक को भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 50 करोड़ डॉलर) की निवेश प्रतिबद्धता जतानी होगी। आवेदक को आवेदन मंजूर होने की तारीख से तीन साल के भीतर इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने और परिचालन शुरू करना होगा। नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबद्ध सुविधाएं, इंजीनियरिंग शोध एवं विकास पर किया गया व्यय भी इस योजना के तहत निवेश से जुड़े लाभ पाने के लिए पात्र होगा। हालांकि, संयंत्र के लिए भूमि पर किया गया व्यय इसका हिस्सा नहीं होगा लेकिन मुख्य संयंत्र की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

आज का मौसम

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।

33.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- जाट रेजीमेंट सेंटर में वेतन लेखा कार्यालय के नव निर्मित भवन का उद्घाटन सुबह 11 बजे
- मॉडल टाउन श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से
- नगर निगम में जनसुनवाई सुबह 10 बजे
- ज्येष्ठ के चौथे मंगलवार को श्री अग्रवाल समाज कल्याण समिति की ओर से प्रसाद भोज श्रीकृष्ण लीला स्थल में सुबह 11 बजे से
- ज्योति ललित कला अकादमी की ओर से युगवीणा लाइब्रेरी स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी का समापन सुबह 11:30 बजे से।

नाला सफाई पूरा करने को 18 दिन शेष, कई नाले चोक

अतिक्रमण की वजह से कई जगह नालों की सफाई में आ रही अड़चन, पार्षद ने नगर आयुक्त से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नाला सफाई के लिए इस बार करीब चार गुना बजट बढ़ा दिया गया है ताकि नालों की तलीझाड़ सफाई समय से हो सके और बरसात में लोगों को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े। इसके लिए 20 जून तक जून का समय निर्धारित किया गया है। पर हकीकत यह है कि एजेंसियों की लापरवाही और अतिक्रमण के कारण अभी 129 नालों की सफाई नहीं हो पाई है। अब देखना है कि शेष 18 दिनों में नाला सफाई कैसे पूरी होगी। कई जगहों पर अभी भी लोग जलभराव से परेशान हैं।

नगर निगम ने 20 जून तक 229 नालों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और निर्माण को साफ कराना है। पर अभी तक आधे से अधिक नाले सफाई की राह देख रहे हैं, जबकि इस बार पिछले साल के 1.20 करोड़ रुपये के मुकाबले पौने पांच करोड़ रुपये नाला सफाई पर खर्च किया जाना है। अब देखना है कि 18 दिन के अंदर सभी नालों की सफाई जिम्मेदार अधिकारी कैसे कराते हैं क्योंकि कई वार्डों में नाला चोक होने की समस्या बनी हुई है। कुछ जगहों पर अतिक्रमण के कारण परेशानी हो रही है। आजम नगर मोहल्ले में सोमवार को नाला चोक होने के कारण सड़क पर जलभराव हो गया था। लोगों को दिक्कत हो रही है। इसकी शिकायत पार्षद आरिफ कुरैशी ने नगर आयुक्त से की है। सिकलापुर में भी कई जगह पर नाला चोक होने के कारण दिक्कतें हो रही हैं। मलूकपुर, सुभाष नगर, बदायूं रोड पर भी नाला चोक है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भानु प्रकाश ने बताया कि समय से पहले नाला सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा।

- पिछले साल के मुकाबले चार गुना बढ़ा दिया गया नाला सफाई को बजट

बदायूं रोड पर कूड़ा और गंदगी से अटा पड़ा नाला। ● अमृत विचार

सिकलापुर में नाले की हो रही सफाई।

आजमनगर में सड़क पर भरा गंदा पानी।

ड्यूटी से गायब 5 संविदा चालकों की सेवा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली डिपो में थी सभी की तैनाती, एआरएम ने की कार्रवाई
- अन्य लापरवाह चालकों और परिचालकों को नोटिस की तैयारी

अमृत विचार : लंबे समय से ड्यूटी से गायब चल रहे बरेली डिपो में संविदा पर कार्यरत पांच चालकों की सेवा समाप्त कर दी गई। बिना बताए गैरहाजिर चल रहे इन चालकों को पूर्व में कई बार नोटिस दिया गया था। उसके बाद भी चालक अपने कार्य पर नहीं आ रहे थे। जिसके चलते इन पर कार्रवाई की गई है। वहीं गैरहाजिर अन्य चालकों और परिचालकों को भी काम पर आने के लिए नोटिस दिया जाएगा।

बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव के मुताबिक चालक श्याम सिंह 11 जनवरी, अनिल कुमार नौ मार्च, वकारउद्दीन 11 मार्च, विनीत कुमार 29 मार्च और धर्मेंद्र कुमार पांच अप्रैल से गैर हाजिर चल रहे थे। इनको कई बार नोटिस भेजा गया। यही नहीं फोन पर संपर्क करने की कोशिश भी की गई। इसके बाद भी चालकों ने किसी तरह का जवाब नहीं दिया। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए पांचों चालकों की संविदा समाप्त करते हुए मुख्यालय रिपोर्ट भेज दी गई है।

एआरएम के मुताबिक डिपो में तैनात कुछ अन्य चालकों की लापरवाही भी लगातार सामने आ रही है। इसकी वजह से बस संचालन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है और यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ता है।

कुंवरपुर में बिजली संकट पर फूटा गुस्सा

ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या पर लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मिशन सबस्टेशन के कुंवरपुर में तीन दिन से ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोगों ने सोमवार शाम बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बंच केबल को बदलवाकर दूसरे ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति को बहाल कराया। तब लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

मिशन सबस्टेशन के कुंवरपुर में ट्रांसफार्मर में ओवरलोडिंग की समस्या से बार बार बंच केबल टूट रही थी। जिससे क्षेत्र में ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या हो रही थी। सोमवार शाम को बिजली कटौती से नाराज लोगों ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र कुमार और जेई मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को शांत कराकर ट्रांसफार्मर का लोड कम करके दूसरे ट्रांसफार्मर से आपूर्ति को बहाल कराया।

- अफसरों ने समझाकर शांत कराया, नई केबल डलवाई

कुवंरपुर में बिजली समस्या को लेकर सड़क एकत्र हुए लोग। ● अमृत विचार

फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद शाहदाना में बिजली गुल, लोगों को हुई परेशानी

शाहदाना सबस्टेशन के हजियापुर नारी निकेतन के पास ट्रांसफार्मर में सोमवार रात 8:40 पर तेज धमाका होने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं कोहाड़पीर, डीडीपुरम सबस्टेशन के जाटवपुरा में लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान रहे। रामपुर बाग और महानगर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। कुतुबखाना सबस्टेशन के कटरा मानराय बाजार में शाम 7 से 8 बजे तक बिजली गुल रही। किला सब स्टेशन के सिद्धार्थनगर, हार्टमन स्कूल के पास ट्रांसफार्मर के एक फेस में आग लग जाने से आपूर्ति प्रभावित हुई। जगतपुर, सुभाषनगर, डेलापीर, सनसिटी और दुर्गानगर के साथ सीबीगंज समेत अन्य सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में लोकल फाल्ट, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज से जुड़ी शिकायतें रामपुर बाग में हेल्प डेस्क पर पहुंचती रहीं। वहीं रात 9 बजे फाल्ट की वजह से मिशन सबस्टेशन के पुरानी पुलिस लाइन में आपूर्ति बाधित रही।

बदायूं रोड का ट्रांसमिशन शुरू होने से तीन सबस्टेशन को मिलेगी राहत

बरेली : बदायूं रोड पर नवनिर्मित 220 केवी ट्रांसमिशन शुरू होने के बाद तीन सबस्टेशन पर बिजली कटौती से राहत मिलेगी। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने रविवार को नवनिर्मित ट्रांसमिशन का निरीक्षण कर जल्द 33 केवी लाइन का निर्माण पूरा कर सुभाषनगर सबस्टेशन की आपूर्ति को उससे जोड़ने के निर्देश दिए। अभी किला, सुभाषनगर और मढ़ीनाथ में 15 किलोमीटर दूर परसाखेड़ा से 33 केवी की लाइन आती है, जिसमें फाल्ट होने के बाद उसे ठीक करने में समय लगता है। बदायूं रोड पर नवनिर्मित 220 केवी ट्रांसमिशन शुरू होने पर सुभाषनगर, किला और मढ़ीनाथ सबस्टेशन पर नए ट्रांसमिशन से आपूर्ति की 33 केवी लाइन को जोड़ा जाएगा।

जेई के साथ मारपीट में टीजी टू और लाइन कुली निलंबित

बरेली, अमृत विचार : जेई के साथ गालीगलौज और मारपीट करने के साथ ही शराब पीकर ड्यूटी करने के मामले में अधिशासी अभियंता ने टीजी टू को निलंबित किया है। अधिशासी अभियंता रमाशंकर मौर्य ने बताया कि टीजी टू गोकुल मौर्य ने अवर अभियंता पंकज कुमार के साथ मारपीट और हाथापाई करके उनकी कर में लात मारी और धमकी दी। अधीक्षण अभियंता द्वारा किए गए निरीक्षण में वह शराब के नशे में पाए गए। इसके बाद उन्हें निलंबित किया गया है। इसके अलावा लाइन कुली गौतम मौर्य को भी शराब के नशे में ड्यूटी करने और गलत व्यवहार करने के मामले में निलंबित किया गया है। फिलहाल, अफसर लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सख्त हैं।

- लाइन कुली पर नशे में ड्यूटी करने और गलत व्यवहार करने का आरोप, अधिशासी अभियंता ने की कार्रवाई

सीएम ग्रिड के कार्यों में मिलीं खामियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: सीएम ग्रिड स्कीम के तहत बन रही सड़क की 40 साल की गारंटी तय की जानी है। हकीकत यह है कि नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने सोमवार को कामों का निरीक्षण किया तो कई खामियां मिली हैं। इस पर मुख्य अभियंता ने फर्म को नोटिस जारी कर सुधार करने का निर्देश दिया है। कार्यस्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिलने पर हिदायत दी है कि अगर कोई दुर्घटना होती है तो फर्म की जिम्मेदारी होगी।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट (ग्रिड) के तहत मॉडल टाउन में 58.17 करोड़ रुपये से 3400 मीटर लंबी सड़क, फुटपाथ, सीवर, जलकल, स्टार्म वाटर की पाइप लाइन और बिजली के तार भूमिगत किया जाना है। इसका काम चल रहा है। दोपहर में मुख्य अभियंता और फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर ने स्टेडियम रोड को जोड़ने वाली डीडीपुरम् और एकता नगर रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आई कि आरसीसी ह्यूम पाइप लाइन डाली जा रही थी। जो मानक के अनुरूप नहीं थी, आगणन में दिए मानक के अनुसार बदलने का निर्देश दिया गया। बारिश का मौसम नजदीक होने के बाद भी खुदाई का काम किया जा रहा था और चेम्बर को मिट्टी से ढका नहीं गया था। इससे हादसा होने का भय बना हुआ है।

इस पर मुख्य अभियंता ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर कोई दुर्घटना हुई तो जिम्मेदारी फर्म की होगी। उन्होंने शासन के निर्देशों का पालन करते हुए मॉडल स्ट्रक्चर को 10 जून तक तैयार करने को कहा। वहीं चेम्बर में हनी कॉम्बिंग में कमी पाई गई। कुछ स्थानों पर प्लास्टर क्षतिग्रस्त था। पीसीसी मानक के अनुसार नहीं कराया गया था। इस पर आरसीसी की तराई पर पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिए गए। स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के कैप न होने से चोक होने की संभावना को देखते हुए कैप लगाने का निर्देश दिया गया।

निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते चीफ इंजीनियर। ● अमृत विचार

- चीफ इंजीनियर को निरीक्षण में निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के इंतजाम नहीं मिले
- सीएम ग्रिड में बन रही सड़क पर 40 साल की गारंटी, फर्म को जारी किया गया नोटिस

लोड बढ़ने पर महीने भर में ही फुंक गए तीन सौ ट्रांसफार्मर

बरेली, अमृत विचार : भीषण गर्मी में बिजली का लोड़ बढ़ते ही ट्रांसफार्मर फुंकने का सिलसिला तेज हो गया है। आंकड़ों के अनुसार शहर से देहात तक अकेले मई माह में तीन सौ से ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं, मगर किसी एसडीओ और जेई पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल ने ओवरलोडिंग या अन्य फाल्ट की वजह से ट्रांसफार्मर फुंकने या क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित क्षेत्र के एसडीओ और जेई पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन जिले इस आदेश का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।

- ट्रांसफार्मर फुंकने पर पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश

> पिछले साल की तुलना में इस बार ट्रांसफार्मर फुंकने में 50 प्रतिशत की कमी आई है। जहां ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं, वहां अधिकतर ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर हैं। वहां के संबंधित एक्सईन, एसडीओ और जेई से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता

डेयरी संचालक की शिकायत पर व्यापारी का ही काट दिया चालान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईजीआरएस पर शिकायत के बाद नगर निगम ने शिकायतकर्ता पर ही कर दी कार्रवाई
- वारंट लेकर पहुंची पुलिस, तब हुई जानकारी, व्यापारी ने कराई जमानत और भरा जुर्माना

अमृत विचार : डेयरी संचालक द्वारा नाले में गोबर बहाये जाने की आईजीआरएस पर शिकायत करने के बाद नगर निगम ने उल्टी कार्रवाई की है। डेयरी संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय शिकायतकर्ता व्यापारी का ही चालान काट दिया। व्यापारी को इसकी जानकारी तब हुई जब प्रेमनगर थाना पुलिस व्यापारी का वारंट लेकर उनके पास पहुंची। व्यापारी ने जमानत करानी पड़ी और कोर्ट में 1500 रुपये चालान फीस जमा करनी पड़ी है।

प्रेमनगर स्थित ब्रहमपुरा शिव शक्ति स्टेट कॉलोनी निवासी अंशुल सिन्हा ने आईजीआरएस पर शिकायत की थी कि उनके शोरूम और मकान के पास नाला चोक है। आईजीआरएस पर एक फरवरी 2025 को की गई शिकायत में इसका कारण बताया गया है कि डेयरी संचालक द्वारा गोबर बहाये जाने से नाला चोक हुआ है। डेयरी की साफ सफाई दिन में कई बार पानी की पाइप से की जाती है, जिससे गोबर नाली आता है और नाला चोक हो जा रहा है। उन्होंने इससे बीमारी फैलने की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस पर शिकायत का निस्तारण 16 फरवरी 2025 तक करने का निर्देश दिए गए।

उधर, आरोप है कि नगर निगम की टीम 14 फरवरी को उनके पास पहुंची। अब उन्हें पता चला है कि उल्टे उनका ही चालान कट गया है। जब प्रेमनगर थाने की पुलिस वारंट लेकर आई और थाने में आने के कहा गया तब शिकायतकर्ता व्यापारी को चालान कट जाने के बारे में पता चला। इसके कारण व्यापारी को दो गवाह लगाकर जमानत कराई और कोर्ट में 1500 रुपये का जुर्माना फीस जमा की है। उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. नैन सिंह का कहना है कि इस मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। सफाई निरीक्षक से मामले की जानकारी ली जाएगी।

नगर निगम की टीम ने चौपला और सीआई पार्क रोड से अतिक्रमण हटाया, सामान जब्त किया

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम की टीम ने सोमवार को चौपला और सीआई पार्क रोड से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों का चालान किया और सामान को जब्त करने की कार्रवाई करते हुए 22 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

अब एफएसडीए का नया पता नदौसी, शिफ्ट होने लगा दफ्तर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यालय का नया पता नंदौसी हो गया है। कलेक्ट्रेट से कार्यालय को नदौसी स्थित मंडलीय फूड एवं ड्रग प्रयोगशाला में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक सप्ताह में पूरा कार्यालय प्रयोगशाला में बने नवीन कार्यालय में शिफ्ट हो जाएगा।

करीब चार सालों से नदौसी में इस प्रयोगशाला का निर्माण हो रहा था। तीन माह पहले निर्माण पूरा हो गया। लैब संचालन के लिए अंकुर वाजपेयी और निधि सिंह के रूप में साइंटिफिक अफसर प्रथम और द्वितीय की तैनाती कर दी गई है। विभाग के अनुसार अन्य पदों पर भी जल्द स्टाफ की तैनाती की जाएगी।

इन पदों पर होगी तैनाती : तकनीकी पदों में उप आयुक्त दो, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, ज्येष्ठ विश्लेषक, कनिष्ठ विश्लेषक और प्रशासनिक अधिकारी, प्रधान सहायक, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक और लेखा संवर्ग के लिए लेखाकार और सहायक लेखाकार की तैनाती होनी है।

नदौसी में नवनिर्मित प्रयोगशाला।

- मंडलीय प्रयोगशाला में जल्द शुरू होगी खाद्य पदार्थों की जांच
- लैब संचालन को दो साइंटिफिक अफसरों की तैनाती

निर्धारित शुल्क पर करा सकेंगे जांच

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त संदीप चौरसिया के अनुसार लैब निर्माण पर करीब 24 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। कोई भी व्यक्ति लैब में निर्धारित शुल्क पर नमूनों की जांच करा सकता है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार: नगर निगम की टीम ने वार्ड 20 के आजम नगर क्षेत्र में पंजाबी मार्केट तक सोमवार को विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इसमें लोगों एवं व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पूर्णिमा सक्सेना ने स्वच्छता के महत्व, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामाजिक प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कचरा केवल निर्धारित डस्टबिन में डालें, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सेवा का नियमित रूप से उपयोग करें। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा।

सड़क पर कचरा फेंकने वालों पर नजर रखेंगे ड्रोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: स्मार्ट सिटी फेज टू के तहत शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई पर खास जोर दिया जा रहा है। सफाई व्यवस्था ठीक करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों संग ड्रोन भी खरीदे जाएंगे। ड्रोन शहर में कचरा फेंकने वालों की निगरानी करेंगे। कूड़ा जलाने और कचरा फेंकने वालों की तस्वीर कैद करेगा, इनकी पहचान कर नगर निगम जुर्माने की कार्रवाई करेगा।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के पहले चरण के सभी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब 80 वार्डों में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट पर काम किया जाना है। करीब 75 करोड़ रुपये के बजट से होने वाले कार्य में सफाई व्यवस्था को चकाचक किया जाए। इसके लिए सड़क पर कचरा फेंकने पर शिकंजा कसा जाएगा और सही तरीके से निस्तारण की निगरानी की जाएगी। योजना है कि जिन जगहों पर कूड़ा, कचरा अधिक है, उन स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। ऐसे इलाके के लिए ड्रोन की खरीदारी की जाएगी और उससे निगरानी की जाएगी। इसके लिए टीम बनाकर कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी के अधिकारी स्मार्ट सिटी जयपुर, इंदौर के अधिकारी से जानकारी ले रहे हैं।

- सभी वार्डों को स्वच्छ बनाने को नगर निगम का प्लान तैयार
- आधुनिक उपकरणों के साथ ड्रोन भी खरीदे जाएंगे

> स्मार्ट सिटी के दूसरे फेज में एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर काम किया जा रहा है। सफाई के लिए आधुनिक उपकरण और रोबोट की खरीदारी की जानी है। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। स्वच्छता को लेकर हर वार्डों में लोगों को जागरूक भी किया ज रहा है।
>
> –संजीव कुमार मौर्य, सीईओ

रोबोट करेंगे नालों और गलियों की सफाई

स्मार्ट सिटी मिशन फेज टू की कार्ययोजना एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन (इंटिग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट) पर आधारित है। इसमें सभी वार्डों को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक गलियों की सफाई के लिए छोटे आकार के रोबोट खरीदे जाएंगे, जो कंप्यूटरीकृत प्रणाली पर आधारित होंगे और रिमोट से चलाए जा सकेंगे। इस रोबोट में चार ऐसे कैमरे होंगे, जो पानी के अंदर भी काम करेंगे। रोबोट नाले की सफाई कर गंदगी बाहर लाने के साथ, कूड़े को वाहन में लोड करने और बिखरे कूड़े को इकट्ठा करने में भी सक्षम होगा। इसको लेकर रोबोट की खरीदारी का प्लान बनाया जा रहा है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

लापरवाही : अब सीवर लाइन के गड्ढे ने ली मासूम की जान

चार दिन से लापता मासूम का शव सीवर लाइन में मिला, खेलने निकले बच्चे की सीवर के गड्ढे में गिर कर हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम की लापरवाही लगातार लोगों की जान ले रही है। सिल्ट से दबकर सब्जी विक्रेता की मौत का गुस्सा अभी थमा भी नहीं था कि सीवर लाइन में गिर कर मासूम की जान चली गई। बारादरी के संजय नगर निवासी नौ वर्षीय विराट का शव चार दिन बाद सीवर लाइन में पड़ा मिला। परिजनों और क्षेत्र के लोगों में आक्रोश की जानकारी मिलने पर सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव, सीओ फरीदपुर संदीप सिंह, इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय और तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस सुरक्षा में ही बच्चे का अंतिम संस्कार किया गया है।

विराट (फाइल फोटो)।

हादसे-दर हादसे के बाद भी नगर निगम की लापरवाही रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों बारादरी थाना क्षेत्र में झाड़ियों में सो रहे सब्जी विक्रेता सुनील की मौत को लेकर अभी कार्रवाई पूरी भी नहीं हुई थी कि बारादरी थाना क्षेत्र में ही एक और मासूम की जान चली गई। संजय नगर त्रिमूर्ति के पास रहने वाले हरिमोहन का बड़ा बेटा विराट यादव (9) 30 मई को शाम 5.30 बजे घर से खेलने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं आया। हर जगह तलाश करने के बाद भी जब विराट नहीं मिला। तब हरिमोहन ने थाना बारादरी में गुमशुदगी दर्ज कराई। बच्चे की तलाश में सोमवार को परिवार को लोग सीवर लाइन के खुले होल के पास पहुंचे।

परिवार के लोगों ने अंदर झांक कर देखा तो उन्हें सिल्ट के नीचे कुछ महसूस हुआ। तब विराट के परिजनों ने उसे निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान बच्चे का पैर दिख गया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया। जानकारी मिलने पर सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव, सीओ फरीदपुर संदीप सिंह, बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से शव को बाहर निकवाया। हरिमोहन ने शव की पहचान अपने बेटे विराट के रूप में की।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

सब्जी विक्रेता की जान लेने वाले लापरवाह कर्मचारी अभी भी फरार

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र में 22 मई को दोपहर छांव में सो रहे नवादा शेखान निवासी सब्जी विक्रेता सुनील प्रजापति पर नगर निगम के ठेके के कर्मचारियों ने लापरवाही में नाले से निकली ट्रॉली भर सिल्ट पलट दी थी, जिससे उनकी दबकर मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी नगर निगम के ठेकेदार नईम शास्त्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि, आरोपी ठेकेदार ने पूछताछ में बताया था कि उसके लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का इंतजाम बबलू यादव, सुनील, हरिओम, महावीर, शीशपाल उर्फ बिट्टू करते हैं। पुलिस इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। लेकिन, सभी आरोपी मोबाइल फोन बंद कर घर से फरार हैं। उधर पुलिस की रिपोर्ट पर नगर निगम ने आरोपी ठेकेदार की फर्म एनीजेनी सर्विसेट प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में डाल दिया है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि आरोपी ठेकेदार को जेल भेजा जा चुका है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शव निकलवाने को मंगवाई जेसीबी

इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि सिल्ट में शव दब गया था। लोगों ने शव को निकलाने का प्रयास किया, लेकिन सिल्ट बाधक बन रही थी। तब उन्होंने मौके पर जेसीबी मंगवाई। इसके बाद सिल्ट को हटाकर विराट का शव नाले से बाहर निकाला जा सका। शव की पहचान होने के बाद हरिमोहन यादव, उनकी पत्नी पारूल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। विराट तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

सीसीटीवी फुटेज में जाता दिखा था विराट

संजय नगर निवासी हरिमोहन यादव ने बताया कि घटना के बाद से वह और थाना पुलिस बच्चे की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। सीसीटीवी में पुलिस और परिजनों को विराट रेजीडेंसी कॉलोनी की ओर जाता दिखा। इसके बाद सोमवार को परिजन सीवर लाइन के खुले स्थान पर बच्चे को तलाश कर रहे थे। तभी उन्हें एक स्थान पर सिल्ट के नीचे कुछ दबे होने की आशंका हुई। जब लोगों ने वहां पर तलाश किया, तब बच्चे का पैर दिख गया। बताया जाता है कि बच्चा जहां पर सीवर लाइन के खुले होल में गिरा था। वहां से करीब 100 मीटर दूर उसका शव मिला।

> बालक का शव नाले में मिला है। मौत किस वजह से हुई है, इसकी जानकारी नहीं है। जांच के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम बस्ती के पास के नाले को कवर्ड कराने की योजना बनाई हे। जिन जगहों पर अधिक लोगों का आना-जाना होता है, वहां के नालों को बहुत जल्द कवर्ड कराया जाएगा। इसको लेकर निर्देश दिए गए हैं।
> –संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

> चार दिन से लापता विराट का शव सीवर लाइन में खुले स्थान पर मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की ओर से किसी पर भी किसी तरह की आशंका नहीं जताई गई है और न ही तहरीर दी गई है।
> – पंकज श्रीवास्तव सीओ तृतीय

कैनविज सीएमडी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी

बरेली, अमृत विचार : तीन वर्ष पुराने चेक बाउंस के मामले में अदालत में हाजिर न होने, वारंट से बचने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित कुमार ने कैनविज रिजोर्ट्स एंड मोटल्स के सीएमडी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर एसएसपी को निर्देश दिया है कि प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर को निर्देशित कर एनबीडब्ल्यू तामिल कराएं। मामले में सुनवाई 1 जुलाई को होगी।

- **प्रभारी निरीक्षक को एनबीडब्ल्यू तामिल कराने को निर्देशित किया, 1 जुलाई को प्रकरण में होगी सुनवाई**

थाना सुभाषनगर बदायूं रोड निवासी नवीन चौहान ने सीएमडी के विरुद्ध वर्ष 2022 में चेक बाउंस केस अदालत में दायर किया था। अर्जी देकर बताया था कि 12 फरवरी 2022 को सीएमडी ने एक चेक 6,27,421 रुपये का दिया था, बैंक ने फंड न होने पर बाउंस कर दिया था। नोटिस भेजने के बाद भी रकम का भुगतान नहीं किया।

एक नजर

छह थानों की पुलिस ने पकड़े 16 वारंटी

बरेली, अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर 18 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। सभा को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। बारादरी पुलिस ने चार वारंटियों को दबोचा, जिसमें इसरार उर्फ कल्लू, महावीर जाटव, दीपक उर्फ मक्खी और राजेश सागर शामिल हैं। ये सभी एजाजनगर, डोहरा और संजय नगर इलाके से पकड़े गए। भोजीपुरा पुलिस ने तीन आरोपियों में दिनेश, संजू और मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार किया। वहीं हाफिजगंज पुलिस ने रिठौरा और सदरपुर से तीन वारंटी अब्दुल हलीम उर्फ गरीब अहमद, तौफीक और राम सिंह को गिरफ्तार किया। बहेड़ी पुलिस ने अंगनलाल को, क्योलड़िया पुलिस ने जवेदा से कन्हैया उर्फ निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया। बिथरी चैनपुर पुलिस ने बेनीपुर सादात और तैय्यतपुर से चार फरार आरोपियों सोनू, राजवीर सिंह, सत्यवीर सिंह और इसरार को गिरफ्तार किया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि यह अभियान जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार जारी रहेगा।

अवैध शराब बनाने में दो वर्ष की कैद और जुर्माना

विधि संवाददाता, बरेली : 20 लीटर अवैध शराब तस्करी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने फरीदपुर बदरा कासिमपुर निवासी नन्हे को परीक्षण में दोषी पाते हुए 2 वर्ष कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि फरीदपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वर्ष 2019 में फरीदपुर ग्राम बदरा कासिमपुर निवासी नन्हे को शराब बनाते हुए पकड़ा था। उसके पास से अवैध शराब बनाने का सामान व 20 लीटर शराब बरामद हुई थी।

एमडी परिवहन निगम ने सहायक प्रबंधक विधि को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली और मुरादाबाद रीजन का अतिरिक्त चार्ज, सहारनपुर में तिरमल सिंह की मूल तैनाती**
- **रोडवेज से जुड़े विधिक प्रकरणों में शिथिलता और अनुशासनहीनता बरतने पर की कार्रवाई**

अमृत विचार : परिवहन निगम में अब रोडवेज से जुड़े विधिक प्रकरणों की पैरवी में शिथिलता और अनुशासनहीनता बरतने पर बरेली और मुरादाबाद रीजन के कार्यवाहक सहायक प्रबंधक (विधि) तिरमल सिंह को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने की है।

तिरमल सिंह की मूल तैनाती सहारनपुर में है। प्रबंधक निदेशक के जारी आदेश में कहा गया कि तिरमल सिंह को अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता बरतने, रोडवेज से जुड़े विधिक प्रकरणों की पैरवी में शिथिलता बरतने, परिवहन निगम बनाम अमित कुमार प्रकरण में हाईकोर्ट की ओर से नाराजगी जताने पर विभाग की छवि धूमिल करने के साथ ही निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाने समेत कई अन्य गंभीर आरोपों में कार्रवाई की गई है। इधर, कुछ दिन पहले बरेली परिक्षेत्र के रोडवेज के सेवा प्रबंधक धनजी राम और बदायूं डिपो के एआरएम अजय कुमार को निलंबित किया गया था। सेवा प्रबंधक पर फर्जी बिल बनाकर भुगतान करने बसों के मेंटनेंस में पाई गई अनियमितता की जांच में सहयोग न करने, बिना टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराये अनधिकृत फर्म से काम लेने और फर्म के नाम पर फर्जी बिल बनवाकर भुगतान कराकर निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाई का आरोप था। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि सहायक प्रबंधक तिरमल सिंह को निलंबन के दौरान परिवहन निगम मुख्यालय से अटैच किया है।

पत्नी को भरण पोषण राशि न देने पर पति के विरुद्ध वारंट जारी

विधि संवाददाता, बरेली : पत्नी को भरण पोषण की रकम अदा न करने पर अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने थाना इज्जतनगर की महानगर कालोनी निवासी पति के विरुद्ध 85 हजार रुपये का रिकवरी वारंट जारी कर थानाध्यक्ष इज्जतनगर को वसूली कर अदालत में पेश करने का आदेश दिया है।

महिला ने अदालत में 2011 में वाद दायर कर पति से भरण पोषण राशि दिलाने की याचना की थी। कोर्ट ने 3 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से भरण पोषण देने का आदेश 29 अगस्त 2017 को दिया था। लम्बे समय से पति ने पत्नी को भरण पोषण की रकम अदा नहीं की, कुल 85 हजार रुपये का भुगतान होना है। कोर्ट ने इज्जतनगर पुलिस को पति से रकम वसूलकर 13 जून तक कोर्ट में दिये जाने अथवा गिरफ्तार कर हाजिर करने का निर्देश दिया है।

लूट करने वाले चार आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पकड़े गए बदमाशों के पास से 50 हजार रुपये व मोबाइल बरामद**
- **किला क्षेत्र में 3 दिन पहले महिला से लूटी थी नकदी व मोबाइल**

अमृत विचार : किला थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले महिला के साथ लूट करने वाले चार बदमाशों के साथ पुलिस मुठभेड़ हुई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। पुलिस ने चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपियों के पास से लूट के 50 हजार रुपये, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, तमंचे और घटना में इस्तेमाल की गई दो बाइक बरामद हुई हैं।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुंशीनगर के विहारमान नगला निवासी शालू वर्मा 30 मई को ज्वेलरी के दुकान से वापस घर जाने के लिए ऑटो में बैठ रही थी कि आरोपियों ने पीछे से आकर झपट्टा मारकर उनके कंधे पर टंगा बैग लूट लिया था। बैग में एक लाख रुपये, मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड समेत अन्य सामान था। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर रही थी। इस दौरान टीम को रविवार की देर रात बाकरगंज से दौली रघुवर दयाल रोड पर बदमाशों के मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस टीम फौरन मौके पर पहुंची। जहां पर पहले से मौजूद आरोपियों की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस से घिरता देख आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग करना कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जो आसिफ के बांये पैर में जा घुसी, जबकि, मुठभेड़ में मुख्य आरक्षी अनूप दाहिनी बाजू में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की पहचान परसाखेड़ा निवासी घायल आसिफ, रहीमुद्दीन, तिलियापुर सोहिल और मोहम्मद बिलाल के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस टीम पर जानलेवा हमले का एक और केस दर्ज करते हुए कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस अब सभी अपराधियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में किला थाना प्रभारी राजेश कुमार, दरोगा जुगमेन्द्र बालियान, दरोगा वकार अहमद समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी मंहगे शौक को पूरा करने के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे। सभी को कोर्ट में पेश किया, इसके बाद जेल भेज दिया।

पुलिस गिरफ्त में महिला के साथ लूट करने वाले आरोपी। ● अमृत विचार

अस्पताल में भर्ती घायल बदमाश आसिफ।

ट्रेन में भीड़, मुश्किल में यात्री

बरेली जंक्शन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस में भीड़ के कारण सीट पाने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। वहीं, महिला कोच में पुरुष यात्री चढ़ गए। इस दौरान रेलवे पुलिस नजर नहीं आई। ● अमृत विचार

जंक्शन : इंटरसिटी का एसी खराब, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दूसरा एसी कोच नहीं होने क चलते स्लीपर कोच लगाकर ट्रेन को किया गया रवाना**

अमृत विचार : बरेली से दिल्ली के लिए चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में सोमवार सुबह एसी खराब होने पर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया, लेकिन दूसरा एसी कोच नहीं होने पर स्लीपर कोच लगाकर ही ट्रेन को रवाना किया। रेलवे अधिकारियों ने किसी तरह से हंगामा करने वाले यात्रियों को शांत कराया।

गर्मी में ट्रेनों की एसी खराब होने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। ट्रेन नंबर 14315 इंटरसिटी एक्सप्रेस बरेली से सुबह 4:55 पर दिल्ली के लिए रवाना होती है। ट्रेन को सोमवार की सुबह रवाना करने से पहले रविवार रात यार्ड में ट्रेन की जांच की गई तो पता लगा कि सी-1 चेयरकार कोच का एसी काम नहीं कर रहा। यार्ड में अन्य कोई एसी कोच मौजूद नहीं होने पर स्लीपर कोच ट्रेन में लगाया गया। इसके बाद सोमवार सुबह ट्रेन बरेली जंक्शन से 5:10 बजे चलाई गई। स्लीपर श्रेणी के इस कोच में एसी न होने के कारण यात्रियों हंगामा किया। यात्रियों का कहना था कि उन्होंने किराया एसी श्रेणी का दिया है, जबकि उनको बिना एसी के कोच में यात्रा करनी पड़ रही है। सीएमआई सय्यद मोहम्मद इमरान चिश्ती ने बताया कि इंटरसिटी एक्सप्रेस का एसी खराब होने के बाद स्लीपर कोच लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया था।

श्रमजीवी में महिला कोच में घुसे पुरुष यात्री

बरेली : ट्रेनों में भीड़ अधिक होने के चलते महिला कोच में भी पुरुष यात्री चढ़ जा रहे हैं, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को बरेली जंक्शन के एक नंबर प्लेटफार्म पर पहुंची श्रमजीवी एक्सप्रेस की महिला कोच में पुरुष यात्रियों के चढ़ने की सूचना मिलने के बाद आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद महिला कोच में सवार पुरुषों को उतारा गया। वहीं ट्रेनों के दिव्यांग कोच में भी अन्य लोगों के सवार होने से दिव्यांग यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों में भीड़ अधिक होने के चलते यात्रियों को सीट पाने के लिए काफी मारामारी करनी पड़ रही है।

ट्रेनों ने घंटों कराया इंतजार

बरेली : गर्मी के मौसम में ट्रेनों का लेट होने का क्रम लगातार जारी है। ट्रेन लेट होने से यात्रियों को गर्मी में घंटों खड़े होकर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। सोमवार को ट्रेन नंबर 22423 गोरखपुर सुपरफास्ट 2 : 30 घंटे की देरी से आई। ट्रेन नंबर 54075 दिल्ली पैसेंजर ट्रेन भी सोमवार को दो घंटे की अधिक देरी से पहुंची। वहीं ट्रेन नंबर 05577 आनंद विहार स्पेशल ट्रेन सोमवार को पांच घंटे की देरी से पहुंची। वही ट्रेन नंबर 12392, 14230 समेत अन्य ट्रेनें भी जंक्शन पर देरी से पहुंची।

सेना की वीडियो बनाने वालों की जुटाई जानकारी

शीशगढ़, अमृत विचार : पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर के समय कस्बे से सटे ग्राम जाफरपुर के बब्लू और फैज नाम के दो युवकों ने पंजाब में भारतीय सेना की वीडियो बनाई थी। जिस पर पंजाब पुलिस ने उन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने जेल भेजा था। पंजाब पुलिस के पूछताछ पर सोमवार को एसटीएफ की टीम आरोपियों के चाल चलन की जांच करने को गांव जाफरपुर पहुंची थी। युवकों के बारे में पूरी जानकारी हासिल करने के बाद पुलिस वापस लौट गई। प्रधान पति मोहम्मद ताहिर ने बताया वह दोनों पंजाब में रहकर नारियल पानी बेचते, जो आर्मी की वीडियो बनाते पकड़े गए थे। वहीं इस मामले में प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ हरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है।

आरोप : रंजिशन लिखा दी बिजली कर्मियों से मारपीट की झूठी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **लोगों ने खुद को बताया निर्दोष एसएसपी को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की**

अमृत विचार : रिठौरा उपकेंद्र पर हुए विवाद में बिजली विभाग के जेई ने 11 नामजद समेत 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में दो लोगों ने खुद को निर्दोष बताते हुए एसएसपी अनुराग आर्य को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है।

इज्जतनगर के गांव मुड़िया अहमदनगर निवासी एडवोकेट कैलाश पटेल और अमित कुमार ने बताया कि गांव में लो वोल्टेज की समस्या है। इसकी शिकायत करने के लिए 28 मई को गांव के कुछ लोग रिठौरा विद्युत उपकेंद्र पर रात 8.30 बजे गए थे। वहां कर्मचारियों से कहासुनी हो गई थी। इस प्रकरण में बिजली विभाग के जेई ने कुछ लोगों के इशारे पर उनके गांव के कई लोगों के रिपोर्ट में झूठे नाम लिखा दिए। कैलाश पटेल ने बताया कि जिस वक्त लोग उपकेंद्र पर गए थे। उस वक्त वह अपनी दुकान पर थे। पुलिस सीसीटीवी चेक करा सकती है। अमित कुमार ने बताया कि उस दिन 8 बजे वह अपने जयपुर निवासी दोस्त के साथ विशप मंडल इंटर कॉलेज में लगी नुमाइश देखने गए थे। पुलिस चाहे तो सीसीटीवी और उनकी लोकेशन चेक कर सकती है। अमित और कैलाश ने बताया कि उनकी तरह ही गांव के राहुल पटेल का नाम भी झूठा लिखाया गया है। जिस दिन रात में यह घटना हुई थी। उस दिन राहुल दिल्ली में था। उसने फोन करके इंस्पेक्टर हाफिजगंज और चौकी इंचार्ज रिठौरा को भी बताया था। अपनी लोकेशन व उस वक्त का एक मॉल का बिल भी भेजा था। बताया कि वे तीनों लोग निर्देश हैं। एसएसपी ने मामले में जांच कराने का आश्वासन दिया है।

चालान दर चालान : आरटीओ ने 130 वाहनों के पंजीकरण निलंबित किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ट्रैफिक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले परिवहन विभाग के रडार पर हैं। पांच या उससे अधिक चालान वालों पर आरटीओ ने कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यातायात पुलिस ने ऐसे वाहनों का ब्योरा भेजा था। इसके बाद आरटीओ प्रशासन ने 130 वाहनों के पंजीकरण निलंबित कर दिए हैं। इन सभी पर 20 या इससे अधिक चालान का भुगतान बाकी हैं।

एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार ने बताया कि शहर के कुछ लोग यातायात नियमों के प्रति संजीदा नहीं हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन के बाद भी वाहन स्वामी न तो जुर्माने की राशि जमा कर रहे हैं, न यातायात नियमों का पालन कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक केवल 25 से 30 फीसदी वाहन मालिक चालान की राशि जमा कर रहे हैं। यातायात विभाग ने ऐसे वाहनों का ब्योरा निकाला, जिसमें सामने आया कि 130 दो पहिया ऐसे वाहन हैं, जिन पर 20 या उससे अधिक चालान है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद वाहनों के पंजीकरण निलंबन की कार्रवाई की गई है।

आरटीओ के जारी आदेश में कहा गया है कि विभाग ने इन वाहनों से सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना से सार्वजनिक मार्ग पर उनके नियम विरुद्ध वाहन संचालन से जनता के लिए खतरा उत्पन्न होना माना है, जिससे सड़क दुर्घटना होने की भी संभावना रहती है। यह कार्रवाई मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत की गई है, सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन तीन माह के लिए निलंबित किया है।

- **एसपी ट्रैफिक ने संभागीय परिवहन विभाग को भेजी थी वाहनों की चालानी रिपोर्ट**
- **ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और निर्धारित शमन शुल्क नहीं भरने पर की कार्रवाई**

लाइसेंस भी होगा निरस्त, इसलिए फंसा पेच

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार ने बताया कि यातायात पुलिस ने जिन वाहन स्वामियों की रिपोर्ट भेजी है। उसमें स्पष्ट रूप से ये दर्ज नहीं है कि वाहन चला कौन रहा था, लाइसेंस नंबर क्या है? ऐसे में संशय है कि किसका लाइसेंस निरस्त किया जाए। ऐसे में इन वाहनों का पंजीकरण निलंबित करने की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर वाहन चलाने वाले का पता लगाया जा रहा है। इसके बाद लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा।

70 हजार से ज्यादा वाहन विभाग के रडार पर

जिले में 70 हजार से ज्यादा दो और चार पहिया वाहन परिवहन विभाग के रडार पर हैं। इन पर जुर्माने की एक करोड़ रुपये से अधिक राशि बाकी है। इनमें 16 हजार से ज्यादा ऐसे वाहन हैं जिनके तीन से लेकर 60 चालान तक हो चुके हैं। बार-बार चालान होने के बाद भी यह वाहन स्वामी जुर्माने की राशि जमा नहीं कर रहे हैं। इन वाहनों के पंजीकरण और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू होगी।

मैसेज इनबॉक्स पर रखें नजर, चूक हुई तो पड़ेगा दंड

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार ने वाहन स्वामियों से अपील की है वह ध्यान से अपने मोबाइल का मैसेज इनबॉक्स चेक कर लें कि कहीं दोपहिया या चार पहिया वाहन का कोई चालान कटने का कोई मैसेज तो नहीं आया। यह चूक वाहन स्वामियों की दिक्कत बढ़ा सकती है। पांच या इससे अधिक चालान पर लाइसेंस और वाहन का पंजीकरण निरस्त करा दिया जाएगा। इसके बाद वह तीन माह के लिए वाहन नहीं चला सकेंगे।

युवक को पीटा, मांगी 50 हजार की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गार्डन में कार केयर के मालिक के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट की। विरोध करने पर 50 हजार की रंगदारी मांगी। पीड़ित के पिता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डेलापीर स्थित पटेल विहार निवासी सत्यप्रकाश पटेल ने बताया कि उनका रामपुर गार्डन में कार केयर की दुकान है। जहां पर उनका बेटा मणि पटेल सोमवार की शाम छह बजे बैठा था। इसी बीच कुछ दबंग आए और गालीगलौज करते हुए उसकी पिटाई लगा दी, जिससे उसका बेटा घायल हो गया। विरोध करने पर 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। कोतवाली प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोप सही पाए गए तो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

प्रदेश में नए मामले बढ़ने पर शासन ने कोरोना जांच के दिए आदेश, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की तैयारी

अलर्ट : सांस रोगियों की कल से होगी कोविड जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कोरोना ने तेजी से पलटवार करना शुरू कर दिया है। प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद शासन ने सांस और गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों की कोविड जांच के आदेश दिए हैं। डीएम अविनाश सिंह ने भी स्वास्थ्य विभाग के साथ सोमवार को बैठक कर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बुधवार से जिला अस्पताल में सांस रोगियों की कोविड जांच शुरू करने की बात कही जा रही है।

सैंपल की होगी जीनोम सिक्वेसिंग

बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि एंटीजन किट आ गई हैं। शीघ्र ही सरकारी चिकित्सालयों में कोविड की जांच शुरू करा दी जाएगी। ऐसे कोविड-19 धनात्मक रोगी जिनका आरटीपीसीआर जांच में सांस स्तर 25 से कम होंगे, उनके नमूने को केजीएमयू भेजकर जीनोम सिक्वेसिंग कराई जाएगी, जिससे वायरस के वेरिएंट का पता लग सके। जिला अस्पताल स्थित बीएसएल टू लैब में जांच होगी।

- जिले में वर्ष 2023 के मई में सामने आया था कोरोना का आखिरी मरीज
- जिला अस्पताल की बीएसएल टू लैब में जांच के लिए पहुंची एंटीजन किट

गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों की होगी निगरानी

डीएम ने निर्देश दिया कि जिले में गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के साथ ही कैंसर का उपचार करा रहे व ऑर्गन ट्रांसप्लांट वाले रोगियों की विशेष निगरानी की जाए, वहीं कोविड-19 की जांच रिपोर्ट यूडीएसपी पोर्टल पर अपलोड की जाए। जिले में पांच राजकीय कोविड चिकित्सालयों में 460 बेड और 19 निजी चिकित्सालयों में 2531 बेड कोविड मरीजों के लिए आरक्षित हैं।

50 हजार से अधिक मिले थे संक्रमित

वर्ष 2020 में कोविड ने दस्तक दी थी। तीन साल तक कोविड ने जमकर कहर बरपाया था। इस दौरान विभाग की ओर से वर्ष 2020 से 2023 तक जिले में कुल 2308811 मरीजों की जांच की गई थी, जिसमें कुल 51164 मरीज कोरोना संक्रमित मिले थे। 378 मरीजों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

जीरो पॉवर्टी : पात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए तेज करें तैयारी

बरेली, अमृत विचार : मुख्य सचिव मनोज सिंह ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग की। जिले से सीडीओ देवयानी, डीपीआरओ कमल किशोर समेत अन्य कई अधिकारी वीसी में जुड़े।

मुख्य सचिव ने कहा कि जीरो पॉवटी के तहत सर्वे करके चिह्नित किए गए परिवारों को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग तैयारी तेज कर दें। एक अक्टूबर 2025 तक सभी पात्रों को जिन योजनाओं से वंचित है, उसका लाभ हर हाल में मिल जाए। कोई भी पात्र योजना से लाभान्वित होने से छूटने न पाए।

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण : सर्वे को परखने के लिए आएंगी उपायुक्त

बरेली, अमृत विचार : जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए साढ़े चार महीने तक चले सर्वे को परखने के लिए मंगलवार को एसआईआरडी की उपायुक्त आ रही हैं। वह दो ब्लॉकों में सत्यापन के लिए जा सकती हैं। उनके दौरे को लेकर विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए एक जनवरी से सर्वे शुरू किया गया था। 15 मई तक चले सर्वे में 63301 लोगों को सूचीबद्ध किया गया। इसमें 38602 का सर्वे टीमों ने और 24699 लोगों ने सेल्फ सर्वे किया। पात्रता के मानकों पर लोगों को शामिल करने के लिए तीन स्तर पर सत्यापन होना है। सर्वे किस तरह से किया गया है, कोई गड़बड़ी तो नहीं की गई है, इसका सत्यापन करने के लिए ग्राम्य विकास आयुक्त के आदेश पर मंगलवार को एसआईआरडी की उपायुक्त निरिजा गुप्ता आएंगी। शासन से पत्र जारी किया गया है।

अब टेंट लगवाने की याद आई, फिर भी रोगी बेहाल

जिला अस्पताल की ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़, पैथोलॉजी लैब के बाहर कड़ी धूप में लाइन में लग रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मी से मरीज बेहाल हुए तो जिला अस्पताल प्रशासन ने पर्चा काउंटर के बाहर टेंट लगाने की सुध ली, मगर लैब के बाहर मरीजों को धूप से बचाने के लिए फिर भी इंतजाम नहीं किए गए। ओपीडी में मरीजों की भीड़ रही। बुजुर्ग मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई।

दरअसल, पर्चा काउंटर पर मरीजों की भीड़ रहती है। कई बार मरीजों की लाइन परिसर से बाहर पहुंच जाती है। गर्मी और धूप की वजह से मरीजों को दिक्कत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए सोमवार को पर्चा काउंटर के बाहर टेंट लगवाया गया, ताकि मरीजों को राहत मिल सके, लेकिन अन्य विभागों में लाइन में लगे मरीज गर्मी से बेहाल नजर आए।

बुखार, सांस और डायरिया रोगी अधिक : अस्पताल में 1432 नए मरीजों का पंजीकरण हुआ। वहीं इससे अधिक पुराने रोगी भी इलाज के लिए पहुंचे। फिजिशियन डॉ वैभव के अनुसार ओपीडी के साथ ही इमरजेंसी में भी आने वाले अधिकांश मरीज तेज बुखार, उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन, डायरिया की चपेट में मिल रहे हैं। जिन्हें परामर्श दिया गया। वहीं भले ही अस्पताल प्रशासन ने पर्चा काउंटर पर मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए टेंट लगवा दिया हो लेकिन पैथोलॉजी लैब के अंदर और बाहर गर्मी से निपटने के इंतजाम नाकाफी थे।

धूप से बचाव के लिए पर्चा काउंटर के बाहर लगवाया टेंट। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

ऐसे करें गर्मी से बचाव

दोपहर में ज्यादा देर धूप में रहने से बचें, बाहर जाते समय सिर को ढककर रखें, डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए तरल पदार्थों का सेवन करें और पानी पिएं, बीमार के लक्षण सामने आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

दो व्हीलचेयर, वो भी गायब, परेशान हुए दिव्यांग

बरेली, अमृत विचार : सीएमओ कार्यालय में सोमवार को आयोजित दिव्यांगजन शिविर में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। इसकी वजह से दिव्यांगों को परेशानी हुई। चलने फिरने में अक्षम दिव्यांगजनों की राहत के लिए जो दो व्हीलचेयर रखवाई गई थीं, वो भी ढूंढने पर भी दिव्यांगों को नहीं मिलीं। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

तप रही टीन, अब रखवाए वॉटर कूलर

सीएमओ कार्यालय में जिस स्थान पर दिव्यांगजन कार्यालय संचालित हो रहा है, वह परिसर संकरा है। तेज धूप में टीनशेड के नीचे दिव्यांगों को दिक्कत हो रही है। सोमवार को विभाग ने यहां दो वाटर कूलर रखवा दिए, ताकि पानी के लिए दिव्यांगों को भटकना न पड़े।

खनिज फाउंडेशन न्याय की मद से गोशालाओं में लगेंगी एलईडी लाइटें

बरेली, अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को खनन विभाग की शासी परिषद और प्रबंध समिति की बैठक सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में हुई।

जिला खनिज फाउंडेशन न्याय के लेखों का वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक के किए गए ऑडिट बिल का भुगतान गगन मेहरोत्रा एंड एसोसिएट्स चार्ट्स एकाउंटेंट को करने की स्वीकृति प्रदान की गई। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह ने जिला खनिज फाउंडेशन न्याय की मद से जनपद में संचालित गोशालाओं में एलईडी लाइटों की व्यवस्था कराने का प्रस्ताव रखा।

सपा कार्यकर्ता की तल्ख प्रतिक्रिया नोटिस देना कोषाध्यक्ष के अधिकार में नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पार्टी नेतृत्व की अनुमति के बिना जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी की होर्डिंग लगाने के मामले में जारी की गई नोटिस को लेकर भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के कठर्रा निवासी सपा कार्यकर्ता नासिर हुसैन ने तल्ख प्रतिक्रिया दी है। नोटिस का जवाब जिला कोषाध्यक्ष को देने से इनकार करते हुए उन्हें उनका कार्यक्षेत्र समझाया है। कहा कि किसी कार्यकर्ता को नोटिस भेजना जिला कोषाध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने तीन दिन पूर्व सपा कार्यकर्ता नासिर हुसैन को नोटिस जारी कर कहा था कि होर्डिंग में उसने खुद को जिला पंचायत के वार्ड नंबर 12 से प्रत्याशी लिखवा रखा है। जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप के पास होर्डिंग की फोटो आने के बाद

- जिला कोषाध्यक्ष के नोटिस का जवाब देने से इनकार, कहा, आपका काम कोष इकट्ठा करना
- जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी की होर्डिंग लगाने के मामले में कोषाध्यक्ष ने जारी की थी नोटिस

उन्होंने इसका संज्ञान लिया था। इसके बाद जारी की गई नोटिस में सात दिन के अंदर जवाब देने के लिए कहा था। यह भी कहा था कि पार्टी नेतृत्व की बिना अनुमति के कैसे खुद को प्रत्याशी लिख दिया है। इसे घोर अनुशासनहीनता बताया था। नोटिस मिलने के बाद सपा कार्यकर्ता ने पत्र के माध्यम से प्रतिक्रिया दी है। लिखा है कि वार्ड नंबर 12 में किसी अन्य व्यक्ति ने उनके नाम का होर्डिंग बनवाकर वार्ड में लगवा दिया है। इसकी जानकारी होने से उन्होंने इनकार किया है। जवाब में तल्ख टिप्पणी करते हुए लिखा कि जहां तक उन्हें जानकारी है कि जिला कोषाध्यक्ष का काम जिला कार्यकारिणी से कोष इकट्ठा करने का होता है। नोटिस जारी करने का काम जिलाध्यक्ष या महासचिव का होता है। नोटिस जारी करना उनके अधिकार में नहीं है। ऐसे में आपकी नोटिस का जवाब देने का दायित्व नहीं बनता है। उसने कहा कि छात्र जीवन से पार्टी का वफादार सिपाही है। विधानसभा क्षेत्र में 2022 और 2024 में पार्टी को जिताने का काम किया है।

आगामी विधानसभा चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशी को चुनाव जिताने की कोशिश की जाएगी। नासिर ने इसकी प्रतिलिपि सपा के प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव को भी भेजी है। उधर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि वे छोटे से कार्यकर्ता हैं। उन्हें उनका कार्यक्षेत्र समझाया गया है, जिसको वह जानते हैं। नोटिस जिलाध्यक्ष के निर्देश पर नोटिस भेजी गई थी।

सार-संक्षेप

डॉ. विमल और डॉ. रविश के जरनल का विमोचन

बरेली, अमृत विचार : वाराणसी में रविवार को आयोजित हुई आईएमए उत्तर प्रदेश की कॉन्फ्रेंस में आईएमए यूपी के एडिटर जरनल डॉ. रवीश अग्रवाल और को-एडिटर जरनल डॉ. विमल भारद्वाज शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सभा में आईएमए यूपी स्टेट का तिमाही जरनल का विमोचन हुआ। विमोचन मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। डॉ. रवीश ने बताया कि इस जरनल में प्रदेश की विभिन्न शाखाओं की ओर से की गईं गतिविधियों का विवरण दिया गया है। साथ ही समय समय पर निर्गत होने वाले शासन के आदेशों को भी इसमें स्थान दिया गया है। जरनल में महत्वपूर्ण चिकित्सकीय आर्टिकल भी छापे हैं। इस सभा में आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल, आईएमए के अध्यक्ष डॉ. पीके अग्रवाल, आईएमए यूपी के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. राजीव गोयल, आईएमए यूपी के सचिव डॉ. आशीष अग्रवाल, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. रवि मेहरा, डॉ. कंवल मेहरा, आईएमए बरेली के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, डॉ. अनूप आर्य, डॉ. राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

सेक्टर प्रभारी अभी से बूथों पर हो जाएं सक्रिय

बरेली, अमृत विचार : शहर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी निर्मोज यादव ने कहा कि, सभी सेक्टर प्रभारी अभी से ही बूथ पर सक्रिय हो जाएं। आपकी सक्रियता की वजह से भाजपा की कोई साजिश कामयाब नहीं हो पाएगी। उनके झूठ का पर्दाफाश आप लोग पूरी मजबूती के साथ कर सकते हैं। उन्होंने यह बातें शहर विधानसभा कमेटी के अलावा जोन 2, 3 और 4 की अलग-अलग सेक्टरों में बैठक के दौरान कहीं। कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने, बूथ पर प्रभारी नियुक्त करने पर जोर दिया। सेक्टर प्रभारियों को मतदाता सूची पर विशेष नजर रखने के आदेश दिए। उन्होंने अलग-अलग सेक्टरों में पार्टी की जमीनी हकीकत को परखा। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि बूथ पर मेहनत कर पार्टी को मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, महानगर उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, महानगर उपाध्यक्ष खालिद खां, शहर विधानसभा अध्यक्ष हसीब खान, पार्षद दल नेता गौरव सक्सेना, पार्षद अब्दुल कय्यूम मुन्ना, अलीम सुल्तानी, इकबाल, शिवम प्रजापति, आशिक हुसैन, उस्मान अल्वी, सलामत हुसैन, हर दयाल लोधी, ब्रजेश यादव, नीटू कश्यप, मुजीब खान आदि मौजूद रहे।

चित्रकला प्रदर्शनी : भगवान बुद्ध की पेंटिंग को सराहा

बरेली, अमृत विचार : युगवीणा लाइब्रेरी स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में सामूहिक राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी के दूसरे सोमवार को कला प्रेमियों की भीड़ चित्रकला को निहारने पहुंची। मुख्य अतिथि डॉ अनीश अहमद ने चित्रकारों के कलाकृतियों की सराहना की। लखनऊ की चित्रकार सुषमा पाल के द्वारा बनाई गई भगवान बुद्ध की वाश पेंटिंग को दर्शकों ने सराहा। मंडाला आर्ट, सुक्ष्म पेंटिंग को भी तारीफ मिली। आयोजन समिति ने बताया कि प्रदर्शनी में सात राज्यों की 70 पेंटिंग को प्रदर्शित किया गया। कलाकारों में हरी प्रिया, जसप्रीत मोहन, गरिमा सिंह, ऋषिता आनंद, सारिका भारद्वाज, दीक्षा चंद्र, रुचि दिवाकर, दानिश अहमद, सलमान शमशी, रजत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

17 हजार से अधिक पात्रों को इस बार मिलेगा शौचालय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में इस साल 17 हजार से अधिक लोगों के शौचालय बनवाए जाएंगे। शासन ने पंचायती राज विभाग को लक्ष्य आवंटित कर दिया है। इसके बाद विभाग की ओर से सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है।

जिले को खुले में शौच से मुक्त करने के लिए साल दर साल शौचालय बनवाए जा रहे हैं। एक शौचालय पर सरकार की ओर से 12 हजार रुपये दिए जाते हैं। पहली किस्त के 6 हजार रुपये निर्माण शुरू होने से पहले और 6 हजार रुपये शौचालय बनने के बाद दिए जाते हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन से जिले को 17491 शौचालय बनाने का लक्ष्य दिया गया है।

- शासन से लक्ष्य आवंटित होने के बाद पंचायती राज विभाग ने शुरू कराया सत्यापन

जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि लक्ष्य आवंटित होने के बाद एडीओ पंचायत और सचिवों से शौचालय के लिए ऑनलाइन आए आवेदनों का सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन में पात्र मिलने मिलने वाले लोगों को ही इसका लाभ मिलेगा। अगर परिवार में किसी के पास पहले से शौचालय बना होगा तो उसे अपात्र मानते हुए पात्रता की सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

पिछले साल बने साढ़े चार हजार शौचालयों की शासन से मिलने वाली दूसरी किस्त लटकी

बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से 24462 शौचालय बनाने का लक्ष्य मिला था। विभाग की ओर से शत प्रतिशत शौचालयों का निर्माण करा दिया गया। पहली किस्त सभी लाभार्थियों को जारी कर दी गई थी, जबकि दूसरी किस्त 20 हजार को ही मिल सकी। लगभग साढ़े चार हजार ऐसे लोग हैं, जिन्हें दूसरी किस्त के छह हजार रुपये अभी तक नहीं मिल सके हैं। डीपीआरओ का कहना है कि बजट न होने की वजह से दूसरी किस्त जारी नहीं हो सकी है। शासन से बजट आते ही धनराशि लाभार्थियों के खाते में भेज दी जाएगी।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002
ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (रविवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

बच्ची के गले में फंसा मोती, डॉक्टरों ने निकाला

बरेली, अमृत विचार : खेल-खेल में चार साल की बच्ची ने मुंह में मोती डाल लिया, जो गले की आहार नाल में फंस गया। बच्ची को सांस लेने में दिक्कत हुई तो परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने सूझबूझ से बच्ची के गले में फंसा मोती बाहर निकाला। कस्बा फरीदपुर निवासी चार वर्षीय याशी मिश्रा को गले में मोती फंसने के कारण सांस लेने में परेशानी हो रही थी। परिजनों ने उसे सीएचसी में सोमवार दोपहर करीब 11 बजे भर्ती कराया। डॉ. तरुण शर्मा की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम ने बच्ची के गले में फंसे मोती को सफलतापूर्वक निकाला। डॉक्टर तरुण शर्मा ने बताया कि यह एक बहुत ही नाजुक प्रक्रिया थी, लेकिन उनकी टीम ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। टीम में शामिल डॉ. धर्मेंद्र यादव ने बताया कि बच्ची की सेहत अब स्थिर है। वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ हो जाएगी। परिजनों ने डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया।

सेहत को फिट रखने के लिए साइकिलिंग की तरफ बढ़ रहे कदम

शहर में कई साइकिलिंग क्लब से जुड़े हैं सैकड़ों लोग

विश्व साइकिल दिवस

शब्या सिंह तोमर, बरेली

अमृत विचार : भागमभाग भरी जिंदगी में लोग सेहत की तरफ तब ध्यान दे रहे हैं, जब उन्हें कई बीमारियां चपेट में ले रही हैं। अब युवा, व्यस्क वर्ग भी सेहत के प्रति फिक्रमंद नजर आ रहा है। शहर में कई साइकिलिंग क्लब हैं, जिनसे सैकड़ों लोग जुड़े हैं और रोज या सप्ताह में साइकिल यात्रा करते हैं। अच्छी बात यह है कि खुद को फिट रखने के लिए डॉक्टरों का समूह भी युवाओं को जागरूक कर रहा है। साइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण पिछले साल नवंबर से हर रविवार को साइकिल रैली निकालकर युवाओं को जागरूक कर रहा है।

साइक्लिंग को लेकर लोगों में क्रेज बढ़ रहा है। कार के जमाने में भी साइकिल की दुकानों पर लगातार साइकिल बिक्री जारी है। साई स्टेडियम में हर सप्ताह चलाई जाने वाली साइकिल रैली में बच्चे, बूढ़े व युवा शामिल हो रहे हैं। साई केंद्र प्रभारी गायत्री कन्नौजिया के अनुसार हर सप्ताह 100 से अधिक लोग इस रैली से जुड़ते हैं। साइकिलिंग खिलाड़ियों के लिए एक सकारात्मक कसरत का कार्य करती है। तमाम लोगों ने रैली से प्रभावित होकर साइकिलिंग शुरू की है।

डॉक्टर की सलाह : जिला अस्पताल के डॉ. राहुल बाजपेयी के अनुसार साइकिलिंग हमारे सभी अंगों को फिट रखने में फायदे मंद है। जैसे साइकिल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, वैसे ही पर्यावरण भी साइकिलिंग के अनुकूल होना चाहिए। साइकिल चलाने से घुटनों के दर्द, जोड़ो में दर्द, हार्ट संबंधी समस्या, फेफड़ों की समस्या, पेट की समस्या से निजात मिलती है।

साइकिलिंग करते आईएमए ग्रुप के सदस्य।

डॉक्टरों के साथ बच्चे भी ग्रुप के सदस्य

साइकिल ग्रुप के सबसे शुरुआती सदस्यों में से एक पीडियाट्रिक डॉ. धर्मेंद्र नाथ ने बताया कि इस ग्रुप की शुरुआत 2020 में कोविड में रविंद्र ओबराय ने की थी, जिनकी खुद की एक साइकिल की दुकान थी। यह ग्रुप हर संडे कम से कम 50 किलोमीटर की यात्रा करता है। जिसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं। अब इस ग्रुप से 200 लोग जुड़ चुके हैं। वहीं डॉक्टरों का भी अपना आईएमए साइकिलिंग ग्रुप है, जिसमें मुख्य सदस्यों में डॉ. विनोद पागरानी, डॉ प्रमेंद्र, महेशवरी, आर के सिंह, शिवम कमथान आदि शामिल हैं।

शहर में साइकिल की दुकान पर मौजूद ग्राहक। ● अमृत विचार

शहर में 97 हजार की साइकिल खरीदने के शौकीन

इस्लामिया मार्केट में रीटेल एवं होलसेल साइकिल शोरूम के जानकार हसन के अनुसार बच्चों से लेकर व्यस्क साइकिलें खरीद में रुचि दिखा रहे हैं। हर रोज 42 से 45 साइकिलें तक बिकती हैं। सालाना ये आंकड़ा 18000 साइकिलों से अधिक पहुंच जाता है। व्यस्क वर्ग का रुझान बैटरी व गियर वाली साइकिल की तरफ बढ़ रहा है। हर माह न्यूनतम 20 बैटरी युक्त साइकिलें बिक जाती हैं। अब तक शहर में आई सबसे महंगी साइकिल 97 हजार रुपये की है, जिसे एक ही घर के तीन सदस्यों ने लिया है। वहीं ग्रामीण आज भी पारंपरिक साइकिल खरीद रहे हैं। हालांकि अब महिलाओं के लिए खासतौर पर बनी लेडी बर्ड साइकिल की बिक्री कम हुई है, क्योंकि उन्हें भी गियर वाली साइकिलें पसंद आ रही हैं।

क्या कहते हैं साइकिलिंग करने वाले

फौज से 2013 में रिटायर हुआ, तब से रोजाना 5 किमी. साइकिलिंग कर रहा हूं। इससे शरीर में कभी कोलेस्ट्रॉल की समस्या नहीं हुई। अपने साथ अपने दोस्तों को भी साइकिलिंग करने को कहता हूं।
–चौधरी कुलदीप पंवार, सेवानिवृत्ति फौजी

एक समय पर पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हुआ था, मोटापा भी बढ़ गया था। इसके बाद साइकिलिंग शुरू की, साइकिलिंग करने से धीरे-धीरे शरीर की दिक्कतें दूरी हो गईं।
–देवेंद्र गोस्वामी, सेवानिवृत्ति फौजी

रोजाना 8 किलोमीटर साइकिल चलाता हूं। इस वर्ष 54 का हो जाऊंगा, लेकिन चार साल पहले लगी साइकिल की आदत अब नहीं छूटेगी। साइकिल चलाना अब पैशन बन चुका है।
–वीरेंद्र सिंह, व्यापारी

चार साल पहले शुरू की साइक्लिंग अब आदत बन गई है। मौसम कैसा भी हो मगर साइकिलिंग जारी रहती है। साइकिलिंग के माध्यम से नेपाल में भी कई रेस में प्रतिभाग कर चुका हूं।
–संजीव जिंदल, इंफ्लूएंसर

नैक टीम ने आईवीआरआई में शुरू किया मूल्यांकन

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम ने सोमवार को निरीक्षण किया। टीम 4 जून तक रहकर यहां की स्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर, एकेडमिक गतिविधियां आदि का अवलोकन करेगी। इसी आधार पर संस्थान को सीजीपीए में अंक और फिर ग्रेड तय होगी।

आईवीआरआई नैक मूल्यांकन पहली बार करा रहा है। साल भर से आईवीआआरई प्रशासन तैयारियों में जुटा था। इसके लिए निदेशक त्रिवेणी दत्त की अध्यक्षता में नैक समन्वयक और संबंधित अधिकारियों की क्रमवार बैठकें भी जारी रही थीं। टीम संस्थान में रहकर इंफ्रास्ट्रक्चर, एकेडमिक गतिविधियां, लैब, पॉलीक्लीनिक, डियर पार्क, एनिमल फार्म, डिजिटल गतिविधि, शोध प्रोजेक्ट समेत कृषि विज्ञान केंद्र, सीएआरआई का निरीक्षण करेगी।

जेईई एडवांस में छात्रों ने लहराया परचम

सोमवार को जारी हुआ परिणाम, जोसा काउंसलिंग के लिए कटऑफ भी जारी की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : देश की दूसरी सबसे कठिन और इंजीनियरिंग का ख्वाब देखने वाले छात्रों के लिए सुनहरी हकीकत कही जाने वाली ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) एडवांस का परिणाम सोमवार को जारी हो गया। शहर के कई होनहारों ने अच्छे अंक हासिल किए। ये अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) संस्थानों में प्रवेश लेने की प्रक्रिया में शामिल होंगे।

मेडिट कोचिंग के डायरेक्टर विशाल वार्ष्णेय के मुताबिक जेईई एडवांस के पूर्णांक 360 के सापेक्ष कट ऑफ जारी हुई है। जोसा काउंसलिंग के लिए जनरल कैटेगरी की कट ऑफ 74 अंक, ओबीसी की 66 अंक, ईडब्ल्यूएस की 37 अंक, एससी की 37 अंक, एसटी की 37 अंक है। काउंसलिंग के लिए मंगलवार शाम से आवेदन शुरू हो जाएंगे। जेईई एडवांस पास करने के बाद ही आईआईटी के स्नातक, इंटीग्रेटेड परास्नातक, स्नातक मास्टर डुअल डिग्री में प्रवेश मिलता है। देश के 23 आईआईटी संस्थानों में 18,160 सीटें हैं। जेईई की परीक्षा में मेडिट कोचिंग की विद्यार्थी हनी सिंह बिष्ट ने 401 (कैट), वैभव कुमार सिंह ने 3487 (कैट), आयुष गंगवार 4192 (कैट), आदित्य शर्मा ने 6152, अभिषेक गुप्ता ने 8512, मो. अनस ने 8963, धंय अग्रवाल ने 14569, नव्या अग्रवाल ने 20075, समन्वय थपलियाल ने 21575, समीर खान ने 25137 रैंक हासिल की है।

इधर, टारगेट कोचिंग के अर्थ गोयल ने 4379 रैंक, विदित ने 14878 और आशी ने 14875 रैंक हासिल की है। यह तीनों विद्यार्थी दिल्ली रहकर तैयारी कर रहे हैं। तीन विद्यार्थियों ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा कोचिंग संचालक को दिया है। अर्थ गोयल आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव गोयल और डॉ ऋतु राजीव के पुत्र हैं।

वैभव सिंह।

हनी सिंह।

आयुष गंगवार।

आदित्य।

शाश्वत का मुंह मीठा करते परिजन। ● अमृत विचार

जीआरएम के चैतन्य की ऑल इंडिया 1121 रैंक

डोहरा रोड स्थित जीआरएम स्कूल के विद्यार्थी चैतन्य मल्होत्रा ने अखिल भारतीय स्तर पर 1121 रैंक प्राप्त की है। चैतन्य ने इसी वर्ष 12वीं कक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। पीसीएम ग्रुप में विद्यालय टॉपर रहे। चैतन्य की सफलता पर विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्राचार्य शील सक्सेना ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

आईएएस बनना है शाश्वत का सपना

शाश्वत कुमार की ऑल इंडिया रैंक 10225 और ओबीसी कैटेगरी में 2326 रैंक है। वह आईएएस बनना चाहते हैं। पिता नीलांचल कुमार बरेली में चकबंदी विभाग में कानून-गो है। मूल रूप से पीलीभीत के पूरनपुर निवासी शाश्वत कुमार बताते हैं कि उन्होंने जेईई मैंस की की तैयारी ऑनलाइन की। इंटर में 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। फिजिक्स और गणित में अच्छे अंक आने पर इंजीनियरिंग की तैयारी की। पहले प्रयास में ही अच्छी रैंक मिली गई। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ-साथ आईएएसी की तैयारी जारी रहेगी।

आईसीटी अवार्ड के लिए पुष्पा अरुण का चयन

बरेली, अमृत विचार : प्रदेश स्तर पर आईसीटी (इंफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टैक्नोलॉजी) अवार्ड के लिए जिले से प्राथमिक विद्यालय चनेहटा की शिक्षिका पुष्पा अरुण का चयन हुआ है। आईसीटी अवार्ड के लिए 75 जिलों से डेढ़ सौ प्रतिभागियों ने 13 से 16 मई तक लखनऊ में आयोजित हुई प्रतियोगिता में भाग लिया था।

शिक्षक लाल बहादुर ने बताया जिले की शिक्षिका द्वारा बनाए गए वीडियो की सराहना निदेशक भी कर चुके हैं। शिक्षिका ने सभी का आभार जताया है। वहीं पुष्पा की इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह व सहायक शिक्षा निदेशक डॉ अजीत गंगवार ने भी खुशी जाहिर की है।

भक्ति संध्या में भजनों पर झूम उठे श्रोता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : वेद प्रचार मंडल एवं आशीष रायल वंश पार्क समिति की ओर से सोमवार शाम कालोनी में यज्ञ एवं भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। भजन सम्राट गायक पंडित दिनेश पथिक ने भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रोता झूम उठे।

पंडित दिनेश पथिक।

भक्ति संगीत महोत्सव का आयोजन आचार्य अवनीन्द्र शास्त्री के निर्देश में वैदिक यज्ञ से प्रारंभ हुआ। भाजपा ब्रज क्षेत्र के उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्य, आशीष रायल पार्क समिति के अध्यक्ष केएन सहगल, सुरेश चन्द्र आर्य, सुनील कुमार, डॉ सुबोध दीक्षित, श्याम सिंह राठौर, कृष्ण कुमार अग्रवाल, अमित गंगवार, दयाशंकर, सुरेश चंद्र पाठक, प्रदीप अग्रवाल, अतुल मिश्रा, सुरेश कुमार अग्रवाल, ओपी गुप्ता, वेद प्रचार मंडल के अध्यक्ष विजेन्द्र नाथ गुप्ता ने भक्ति संगीत का प्रारंभ किया। वेद मंत्रों का पाठ फरीदपुर आर्य समाज के कोषाध्यक्ष निमेन्द्र नाथ गुप्ता ने किया। सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, अनिल सक्सेना, अर्बन कोआपरेटिव बैंक की अध्यक्षा श्रुति गंगवार, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक संजीव अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेश कुमार मिश्रा पप्पू भरतौल, शशि भूषण अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, सचिन सक्सेना, दीपक गोयल, रामपाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

● वेद प्रचार मंडल एवं आशीष रायल वंश पार्क समिति ने आयोजन कराया

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

समन्वय प्रतियोगिता के नाम पर खेल संघ नहीं कर सकेंगे वसूली

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय और क्रीड़ा संघों के समन्वय से होने वाली प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। खेल निदेशालय ने 30 मई को प्रदेशीय क्रीड़ा संघों को पत्र जारी कर समन्वय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों से इंट्री शुल्क लेने पर प्रतिबंध लगा दिया।

दरअसल, प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर, जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग प्रतियोगिताओं में प्रदेशीय क्रीड़ा संघों के माध्यम से प्रतिभागी खिलाड़ियों से समन्वय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के नाम पर प्रविष्टि, रजिस्ट्रेशन, प्रवेश के लिए नकद धनराशि ली जाती है, जिसकी कोई रसीद उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। जिला तैराकी संघ के सचिव सुनील मित्तल ने बताया कि यह फैसला सराहनीय है। जिले में तैराकी में अब तक किसी खिलाड़ी से इस तरह की वसूली की शिकायत नहीं सामने आई है।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए करने होंगे सामूहिक प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में एनएसएस यूनिट एक और तीन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों और संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम की शुरुआत एक संकल्प (शपथ) समारोह से हुई, जिसमें उपस्थित सभी छात्रों और संकाय सदस्यों ने तंबाकू सेवन से दूर रहने और समाज में इसकी हानियों के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इस दौरान कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे की आदतों से बचाने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। वहीं, फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े छात्रों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे समाज में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाएं।

छात्रों ने तंबाकू विरोधी नारों के पोस्टर और समूह चर्चा जैसी गतिविधियों के माध्यम से सभी का ध्यान आकर्षित किया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में नकारात्मक आदतों से दूर रहने और स्वास्थ्य के प्रति सजग बनने की प्रेरणा देते हैं। विश्वविद्यालय हमेशा ऐसे प्रयासों को समर्थन देता रहेगा। प्रमुख संयोजक प्रशांत कुमार और अंकित कुमार ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में शपथ लेते शिक्षक और छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शिक्षक पदोन्नति, प्रोन्नत वेतनमान समेत कई मांगें उठाईं

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) वर्षों से लंबित मांगों और शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार से मिला।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश रस्तोगी ने बताया कि शिक्षकों की समस्याएं आपके कार्यालय से निस्तारित नहीं हो रही हैं। जिनमें एक समस्या पदोन्नति की है, शासन से स्पष्ट आदेश हैं कि पदोन्नति संयुक्त शिक्षा निदेशक के बजाय जिला विद्यालय निरीक्षक के स्तर से ही करनी है। बावजूद पदोन्नति नहीं की जा रही है। अन्य जनपदों में डीआईओएस के स्तर से पदोन्नति की बात कही गई। जिलाध्यक्ष श्याम नारायण शर्मा ने प्रोन्नत वेतनमान समेत शिक्षकों की अन्य लंबित मांगों को रखा। जिला मंत्री प्रदीप पटेल ने शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश रस्तोगी, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, मंडल मंत्री डॉ. संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संयुक्त मंत्री प्रबल तिवारी, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

डीआईओएस से वार्ता करते माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के पदाधिकारी।

● समस्याओं को लेकर डीआईओएस से मिला शिक्षक संघ

बरेली कॉलेजः बीए और बीएससी में सबसे ज्यादा पंजीकरण

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण जारी हैं। सोमवार को 1691 पंजीकरण हुए। इनमें सबसे ज्यादा पंजीकरण बीए और बीएससी में हुए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीएससी गणित में 132, बायोलॉजी में 301, बीकॉम में 274, बीए में 665, बीबीए में 102, बीसीए में 122 और बी कॉम ऑनर्स में 95 पंजीकरण हुए हैं। ये सभी पंजीकरण प्रथम वर्ष में एडमिशन के लिए कराए गए हैं।



समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic TM
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

पति ने मोड़ा मुंह, अज्ञात में पंचनामा भर रही थी पुलिस

अंगूरी की बहन रेखा ने उठाया सवाल, बोली- बड़े ऑपरेशन से मृत बच्चा जन्मा था, ऐसे में वह बेटे को गोद में लेकर पैदल कैसे ट्रैक पर पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बहन ने पहुंच कर मृतक मां-बेटे की शिनाख्त की, पोस्टमार्टम के बाद शव अपने मायके ले गई
- अंतिम संस्कार के बाद परिजन पुलिस को आज देंगे तहरीर, पति के खिलाफ दर्ज कराएंगे रिपोर्ट

अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र के द्वारिकेश शुगर मिल के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर जान गंवाने वाले मां-बेटे की मौत के बाद महिला के पति ने मुंह मोड़ लिया।

वह हादसे के समय साथ में मौजूद था, लेकिन दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया। हादसे के बाद पति समेत ससुराली भी नजर नहीं आए। पुलिस मृतक मां-बेटे का पंचनामा अज्ञात में भर रही थी, हालांकि बहन ने पहुंच कर दोनों का पंचनामा भरवाया। पोस्टमार्टम के बाद भी पति या ससुरालीजन मां-बेटे का शव लेने नहीं पहुंचे। ऐसे में मृतका की बहन ही शव मायके ले गई। उधर, मृतका की बहन ने मां-बेटे की हत्या का आरोप बहनोई पर लगाया है। उसने आरोप लगाया कि उसकी बहन अंगूरी ने हाल ही में बड़े ऑपरेशन से मृत बच्चे को जन्म दिया था, वह चल ही नहीं सकती थी तो फिर पैदल ट्रैक तक कैसे पहुंची। रेखा ने बताया कि मंगलवार को अंतिम संस्कार के बाद पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगी

ट्रेन से कटकर मां-बेटे की मौत के बाद मौके पर जांच करते अधिकारी।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के द्वारिकेश शुगर मिल के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव तरा खास निवासी अंगूरी द्वारा बेटे अजय संग ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने के मामले में पति पर परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम करनपुर कला निवासी रेखा ने बताया कि सोमवार सुबह उसकी बहन के पति मोपेंद्र ने फोन कर सूचना दी कि अंगूरी बेटे संग ट्रेन के आगे कूद गई, जिससे दोनों की मौत हो गई। उस समय वह भाई गौरव के साथ बिलसंडा में एक शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी। हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची तो देखा बहन के ससुराल से कोई भी घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। आरोप है कि पुलिस अज्ञात में पंचनामा भर कर कार्रवाई कर रही थी। मौके पर पहुंचने के बाद उन्होंने अपनी बहन की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम होने के बाद भी ससुराल से कोई भी शव लेने नहीं आया। शव को पोस्टमार्टम के बाद रेखा मायके करनपुर कला ले गई। इसके बाद अपने पिता ओमप्रकाश को फोन पर सूचना दी। पिता भी सूचना के बाद राजस्थान से घर के लिए रवाना हो गए। रेखा का आरोप है कि उसके बहनोई ने उसे ट्रेन के पास खड़ा करके धक्का दे दिया, जिससे मां-बेटे की मौत हो गई।

रोते हुए बोली रेखा, बहन को मार देते बेटे ने क्या बिगाड़ा था

रेखा ने रोते हुए कहा कि अगर उसकी बहन अंगूरी की गलती थी तो उसे मार देते, लेकिन डेढ़ साल के मासूम अजय ने क्या बिगाड़ा था। जिसे ट्रेन के आगे फेंक दिया। उसने तो अभी ठीक से लोगों को पहचानना भी नहीं सीखा था। यह कहते हुए उसका गला भर आया। घटनास्थल पर यह सुन सभी की आंखें नम हो गईं। आरोप है कि लगभग एक माह पहले अंगूरी ने बड़े ऑपरेशन से एक मृत बेटी को जन्म दिया था, लेकिन, 8 दिन पहले ही उसके ऑपरेशन के टांके काटे गए हैं। जब वह खुद ही मरीज है तो तरा खास से चलकर द्वारकेश चीनी मिल के पास कैसे पहुंच गई, जबकि तराखास से घटनास्थल की दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की होगी।

रेखा ने एक रिश्तेदार पर भी मिलीभगत का लगाया आरोप

रेखा ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बहन ने आत्महत्या की तो उनके पति को उसके साथ होना चाहिए, लेकिन साथ होना तो दूर की बात है उसका शव को भी लेने वाला उनके ससुराल से कोई नहीं था। उन्होंने बताया बहन का अंतिम संस्कार कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगी। बहन के हत्यारोपियों को जरुर सजा दिलाया जाएगा। आरोप है उसकी बहन की हत्या में उसके पति का एक रिश्तेदार भी शामिल है। वह अक्सर उसकी बहन को छोड़ने का दबाव बनाता था। फिलहाल मृतक के शव को उसके मायके करनपुर कला उनकी बहन लेकर चली गई है।

> महिला अपने पति और बच्चे के साथ दवा लेने जा रही थी। पति फाटक पार कर गया, लेकिन महिला ट्रेन आने के कारण रुक गई और ट्रेन आते ही बच्चे को गोद में लेकर ट्रैक पर खड़ी हो गई। जिससे टक्कर लगने से दोनों की मौत हो गई। ऐसा लोको पायलट अशोक यादव और गेट मैन ने बताया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।
> -राधेश्याम, फरीदपुर प्रभारी निरीक्षक

अभियान के दौरान 32 और संदिग्ध मिले, सत्यापन शुरू

- जिले भर की पुलिस ने 93 स्थानों पर चेकिंग की

बरेली, अमृत विचार : अवैध रूप से निवास कर रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को लेकर चलाए जा रहे अभियान में सोमवार को 32 संदिग्ध और मिले। फिलहाल वह रोहिंग्या या बांग्लादेशी नहीं हैं। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर उसका सत्यापन करा रही है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों समेत संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कराने और उनका सत्यापन के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अस्थायी रूप से डेरा, टेंट, झुग्गी-झोपड़ियों में निवास कर रहे लोगों की गहनता से जांच की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिले भर की पुलिस ने 93 स्थानों पर चेकिंग की। इसमें 588 लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान 32 संदिग्ध व्यक्ति पाए गए, जिनमें सबसे ज्यादा शेरगढ़ के कस्बा जाटवपुरा में 12, और भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर भट्टा में सात संदिग्ध पाए गए हैं। सभी का सत्यापन किया जा रहा है।

पहले भी हुई ट्रेन पलटाने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: भोजीपुरा में ट्रेन पलटाने की साजिश रचने का मामला पहला नहीं है। पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन अभी तक एक भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। सिविल पुलिस और जीआरपी रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सिर्फ जांच करने तक सीमित हैं, यही वजह है कि आरोपी ट्रेन पलटाने की साजिश बार-बार रच रहे हैं। जीआरपी और सिविल पुलिस एक बार फिर रेलवे ट्रैक पर पेट्रोलिंग बढ़ाकर साजिश करने वालों की तलाश शुरू करने की बात कह रही है।

जिले में शरारती तत्वों द्वारा रेलवे ट्रैक पर पत्थर, लोहे के पाइप, सीमेंट के टुकड़े और अन्य चीजें रखकर कई बार ट्रेनें पलटाने की साजिश हो चुकी हैं, लेकिन पूर्व में हुई किसी घटना का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। 15 जनवरी 2025 को बरेली सिटी जाने वाली सवारी गाड़ी को ट्रैक पर पत्थर रखकर पलटाने की साजिश की गई थी। इसके अलावा नवंबर 2024 में सेंथल-भोजीपुरा स्टेशन के बीच मालगाड़ी पलटाने की साजिश की गई थी। रेलवे ट्रैक पर कंक्रीट के खंभे रखे गए थे। इस मामले में हाफिजगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इससे पहले बरेली-टनकपुर रेलखंड में ही खुराफातियों ने पटरियों के 15 पेंड्रोल क्लिप खोलकर ट्रेनों को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश की थी, लेकिन अभी तक किसी मामले की खुलासा नहीं हो सका है। लगातार मामले सामने आने के बाद अब रेलवे की तरफ से ट्रैक पर पेट्रोलिंग बढ़ाकर दी गई है। साजिश करने वालों की तलाश की जा रही है।

ट्रेन पलटाने की साजिश के बाद जांच करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

- ट्रैक पर पेट्रोलिंग बढ़ाकर साजिश करने वालों की तलाश तेज
- सिविल पुलिस व जीआरपी रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच तक सीमित

किन्नर से की मारपीट तीन लोगों पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र के जगतपुर में रहने वाले किन्नर सनम ने तीन लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सनम ने बताया कि जगतपुर निवासी गुरु किन्नर नवाब उर्फ मुन्नी की वह शिष्या है।

उसके गुरु ने खुश होकर जजमानी के लिए जगतपुर और आसपास का क्षेत्र दिया था। यह बात गुरु के यहां नौकरी कर रहे अन्ने उर्फ अनिया और अलाउद्दीन उर्फ शारदा को हजम नहीं हुई। ये दोनों रिठौरा के निवासी हैं। पीड़ित ने बताया कि ये लोग उनके क्षेत्र में घुसकर जबरन जजमानी करते हैं। आरोप है कि 21 मई को अन्ने उर्फ अनिया, अलाउद्दीन उर्फ शारदा और कालज उर्फ सोनू ने घेरकर उसके साथ मारपीट की, उसने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

विधि संवाददाता, बरेली :

अमृत विचार: ऑनलाइन गेम के जरिए जान पहचान कर किशोरी को बहलाकर ले जाने के बाद झारखंड में दुष्कर्म करने के बिहार के लुल्हा धानाव निवासी आरोपी की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था 29 मार्च को दोपहर 12:20 बजे से उसकी बेटी कहीं चली गई। फोन बंद जा रहा था। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पता चला कि पुत्री किसी नाबालिग लड़के के साथ ट्रेन से चली गई है। पीड़िता ने बयान में बताया कि आरोपी के साथ उसकी ऑनलाइन गेमिंग से दोस्ती हुई थी। 29 मार्च को उसने मुझे साथ ले जाकर दुष्कर्म किया।

ब्लैकलिस्ट होने के बाद ठेकेदार ने की कर्मचारी से मारपीट

- ठेकेदार जावेद अली के साथ काम करता है पीड़ित

बरेली, अमृत विचार : ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार ने दूसरे ठेकेदार को फंसाने की लिए कई झूठी शिकायतें की, जो जांच में असत्य पाई गईं। इससे नाराज आरोपी ने ठेकेदार जावेद अली के कर्मचारी के साथ मारपीट की और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी थाना क्षेत्र के आकाशपुरम निवासी वमनेश कुमार ने बताया कि वह पीडब्ल्यूडी के ए लेवल के ठेकेदार जावेद अली के यहां कर्मचारी है। बदायूं के नेकपुर मोहल्ला निवासी सतीश चंद्र दीक्षित पीडब्ल्यूडी में ठेकेदारी करते थे। सतीश जावेद अली के खिलाफ अक्सर झूठी शिकायतें करते रहते थे। जांच में 20 शिकायतें असत्य पाई गईं। वहीं, जब अधिकारियों ने सतीश की जानकारी की तो पता चला कि वह फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ठेकेदारी कर रहा है। इस पर उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया। इससे वह जावेद अली के कर्मचारियों और जावेद अली से रंजिश मानने लगा। आरोपी ने 18 जून 2024 को पीड़ित व अन्य कर्मचारियों को धमकाया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके बाद पीड़ित को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी दी थी। तब पीड़ित ने डर के कारण समझौता कर लिया। आरोप है पीड़ित 28 मई को सुबह 9.30 बजे के करीब ठेकेदार जावेद अली के साथ डीएम से मिलने जा रहा था। रास्ते में ईसाइयों की पुलिया के पास सतीश मिला गया। उसके साथ तीन अज्ञात लोग व एक महिला थी। उनकी गाड़ी रुकवा कर सतीश ने गालीगलौज शुरू कर दी।

सांप्रदायिक सोच रखने वाले कुर्बानी पर प्रतिबंध की मांग कर रहे

बरेली, अमृत विचार: आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि बकरीद पर कुर्बानी पर प्रतिबंध की मांग करने वाले लोग सांप्रदायिक सोच रखते हैं।

बताया हैदराबाद के टी राजा, मुंबई के नितीश राने, गाजियाबाद विधायक और स्वामी राम भद्राचार्य जैसे लोग कुर्बानी पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। कहा कि ऐसा हरगिज नहीं हो सकता है, यह त्योहार 1450 सालों से परंपरागत तरीके से होता आया है, यह कोई नया त्योहार नहीं है। मुसलमान कुर्बानी के त्योहार को हरगिज नहीं छोड़ सकता, क्योंकि यह इस्लाम का अहम हिस्सा है। उन्होंने देश के मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें, दूसरे धर्मों की आस्था का ख्याल रखते हुए खुले में कुर्बानी न करें ।

खुले में कुर्बानी न करें, वीडियो वायरल करने से बचें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पुलिस लाइन के रविन्द्रालय सभागार में सोमवार को ईद-उल- अजहा (बकरीद) को लेकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि सभी सद्भावना के सिपाही हैं, हमारी और आपकी जिम्मेदारी है कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो। निर्देश दिए कि कुर्बानी खुले में न करें और न ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी दें। बच्चों को समझाएं कि कुर्बानी की वीडियो न बनाएं और न ही वायरल करें।

डीएम ने निर्देश दिए कि कुर्बानी अवशेष को एकत्र करने के लिए नगर निगम की ट्राली एक बार क्षेत्र में जाने के बाद दोबारा भी जाए। ट्रालियों में नीचे की तरफ और ऊपर दोनों ओर तिरपाल लगाएं, जिससे रक्त आदि मार्ग में न फैले। बिजली, पानी की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। कहा कि पशुओं के अवशेषों को खुले में न फेंके। गंगा-जमुनी की तहजीब को बनाकर रखें। अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने की बात कही। डीएम ने कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के निर्देश दिए, ताकि किसी की समस्या हो तो लोग परेशानी में फोन कर जानकारी दे सकें।

एसएसपी अनुराग आर्य ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर परंपरागत रूप से जहां नमाज पढ़ते आए हैं, वहीं नमाज अदा करें, जो सामूहिक कुर्बानी स्थल पहले से चिह्नित हैं, वहां कुर्बानी पर्दा लगाकर करें। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। पानी की आपूर्ति पूरे दिन रखी जाएगी। एसडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन में शांति समिति की बैठक करते डीएम और एसएसपी।

- डीएम ने ईद-उल-जुहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

खुले में न करें जानवरों की कुर्बानी: अहसन मियां

बरेली, अमृत विचार : दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने कहा कि ईद उल अजहा पर मुसलमान बिना किसी को तकलीफ दिए खुशदिली के साथ त्योहार मनाएं। कुर्बानी का दिखावा हरगिज नहीं होना चाहिए। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि सोमवार को दरगाह आला हजरत कार्यालय पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि कुर्बानी करते समय जानवरों की तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर न करें। वहीं जानवरों की कुर्बानी खुली जगह में न करें। कहीं बंद जगह में इसका इंतजाम किया जाए। साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। जानवरों का खून नालियों में न बहाएं, कुर्बानी के बाद उसके अपशिष्ट किसी गड्ढे दफन करें। कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी की भावनाएं आहत हों।

एक नजर

डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

आंवला, अमृत विचार : अनुपुरा मठिया के पास एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। सोमवार की सुबह भमोरा निवासी अर्जुन दोस्त लल्ला बाबू के साथ बहन की ससुराल बिसौली बदायूं में बाइक से दावत खाने जा रहा था। इसी दौरान स्टेट हाईवे पर अनुपुरा मठिया के समीप रामनगर की ओर से आ रहे एक डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों घायल हो गए।

कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक घायल

भमोरा, अमृत विचार : बेकाबू कार की टक्कर से ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजा। देवचरा दातागंज रोड पर सोमवार दोपहर ई-रिक्शा में सवारी लेकर आ रहे ओमपाल निवासी रामपुर कांकर के ई रिक्शा में सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं ई रिक्शा चालक ओमपाल घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को कब्जे में ओमपाल को अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पत्नी समेत ससुरालियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार ने पत्नी रिंकी भारती (सचिव, ब्लॉक स्वार) और उसके परिजनों पर मारपीट, हत्या की कोशिश, 40 लाख की मांगने और बदनाम करने का आरोप लगाते हुए थाना मीरगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजय का आरोप है कि उसे सोशल मीडिया पर बदनाम किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिंकी भारती समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सपा के विधानसभा महासचिव बने शिवम

मीरगंज, अमृत विचार : शिवम सक्सेना निवासी मोहल्ला मालीपुरा को सपा मीरगंज विधानसभा क्षेत्र का महासचिव नियुक्त किया गया।यह जिम्मेदारी जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने सौंपी। उन्होंने बताया कि शिवम सक्सेना की सामाजिक सक्रियता, पार्टी के प्रति निष्ठा, और संगठनात्मक दक्षता को ध्यान में रखते हुए यह मनोनयन किया गया है। सपा के विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने बताया कि शिवम बहुत सक्रिय रहते हैं। पार्टी में लोगों को जोड़ने का काम करते हैं।

चौबारी में आज से सजेगा गंगा दशहरा मेला

तीन सदस्यीय मेला कमेटी गठित, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह और एसपी सिटी मानुष पारीक ने किया निरीक्षण

संवाददाता, कैंट

अमृत विचार : ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला के आयोजन का लेकर एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक ने पुलिस क्षेत्राधिकारियों के साथ सोमवार को रामगंगा के चौबारी घाट का निरीक्षण किया।

रामगंगा रेलवे ब्रिज की पश्चिम दिशा में प्रशासन ने स्नान घाट तैयार कराया है। नवंबर में हुए कार्तिक पूर्णिमा मेले का भी स्नान घाट इसी जगह पर बनाया गया था। ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला चौबारी घाट पर 3 जून से 7 जून तक सजेगा। मुख्य स्नान गुरुवार 5 जून को होगा। मेले को व्यापक ढंग से संपन्न करने के लिए प्रशासन ने तीन सदस्यीय मेला कमेटी गठित की है। मेले में पेयजल, स्वच्छता तथा प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए मेला कमेटी के सदस्यों जयवीर सिंह, प्रदीप पांडेय तथा प्रवीन सिंह को जिम्मेदारी सौंप गई है। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए

घाट का निरीक्षण करतीं एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह और एसपी सिटी मानुष पारीक।

- **पांच दिवसीय मेले में पेयजल स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश**

उपरोक्त मेला कमेटी के सदस्य मेला मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार का सहयोग करेंगे।

घाट पर लगाई जाएंगी बैरिकेडिंग : कोई भी श्रद्धालु पानी की अधिक गहराई में स्नान करने न पहुंचे। इसलिए सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन के द्वारा घाट के किनारे बैरिकेडिंग तथा निगरानी टॉवर लगाए जाएंगे। महिलाओं को स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम भी बनाए जाएंगे। भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। खोया पाया केंद्र भी बनाया जाएगा। मेला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य जयवीर सिंह ने बताया, ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला रामगंगा के चौबारी घाट पर 1925 से लगातार लग रहा है। पहले मेले में बड़े स्तर पर नखासा बाजार लगाया जाता था। गोवंशीय पशुओं की खरीद फरोख्त पर रोक लगने के बाद से नखासा मेले में अब सिर्फ घोड़े ही खरीद फरोख्त के लिए आते हैं। फर्नीचर इत्यादि की सैकड़ों दुकानें सजाई जाती हैं।

शहर में रहेगी भारी वाहनों की नो एंट्री

- **घाट पर भीड़ से पहले पुलिस अलर्ट, रामगंगा की तरफ नहीं जा सकेंगे कोई वाहन**

बरेली, अमृत विचार : ज्येष्ठ के गंगा दशहरा के मौके पर 5 जून को चौबारी घाट रामगंगा नदी पर लाखों श्रद्धालु स्नान और पूजन के लिए पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर यातायात पुलिस ने बुधवार शाम 6 बजे से गुरुवार रात तक रूट डायवर्जन लागू किया है। एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि गुरुवार को गंगा दशहरा है, इसलिए रामगंगा घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ पहुंचेगी। इसके कारण भारी वाहन और रोडवेज बसों की एंट्री शहर में प्रतिबंधित की गई है। सभी भारी वाहनों को बाईपास से डायवर्ट कर रामगंगा पुल और मुख्य मार्गों से दूर रखा गया है। बताया कि दिल्ली-रामपुर की तरफ से बरेली आने वाले भारी वाहन और रोडवेज बसें झुमका तिराहे से बड़े बाईपास बिलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस से ट्रांसपोर्ट नगर और रोडवेज बसें सेटेलाइट बस स्टैंड तक आएंगी। जिन वाहनों को लखनऊ की तरफ जाना है, वह बड़ा बाईपास से जा सकेंगे और जिन वाहनों को बदायूं जाना है, वह बड़े बाईपास से फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी से दातागंज, देवचरा, भमौरा होकर जा सकेंगे।

बदायूं से बरेली की तरफ आने वाले भारी वाहन : बसें देवचरा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी से बड़ा बाईपास से इन्वर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर व सेटेलाइट तक आ सकेंगे। जिन भारी वाहनों को लखनऊ व दिल्ली की तरफ जाना है वह भी इसी मार्ग से फतेहगंज पूर्वी होकर दिल्ली-लखनऊ हाईवे से जा सकेंगी। नैनीताल और पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहन-रोडवेज बसें जिनको बरेली आना है बड़े बाईपास से बिलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे और रोजवेज बसें सेटेलाइट बस स्टैंड तक आएंगी।

गंगा स्नान की समाप्ति तक यहां भारी वाहन रहेंगे प्रतिबंधित : 4 जून की शाम छह बजे से 5 जून गंगा स्नान की समाप्ति तक सभी प्रकार के भारी वाहन व रोडवेज बसें देवचरा, रम्पुरा, अखा से रामगंगा की तरफ और चौपुला चौराहे तथा पुल से रामगंगा की तरफ व बुखारा मोड़ से रामगंगा की तरफ प्रतिबंधित रहेंगी। गंगा स्नान समाप्ति तक रामगंगा पुल भारी वाहनों के लिये पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही एसपी ट्रैफिक ने अपील की है कि गंगा दशहरा स्नान पर्व में आने वाले श्रद्धालु अपने-अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा करें। रामगंगा पुल और मुख्य मार्ग पर अपने वाहन पार्क न करें और असुविधा से बचें।

सार-संक्षेप

अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर निकाली शोभायात्रा

बहेड़ी, अमृत विचार : महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्मोत्सव पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनके कार्यों को याद किया जा रहा है। इसी क्रम में पाल समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली। रामलीला मैदान से शोभायात्रा को सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने झंडी दिखाकर किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग, ट्रक यूनियन रोड, लोधीपुर चौराहा, बाईपास मार्ग, महादेव पुरम होती हुई वापस रामलीला मैदान पर पहुंच कर समाप्त हुई। सांसद ने महारानी होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश पाल, हरीश चंद्र पाल, हरबंस सिंह पाल, लक्की पाल, राजेंद्र पाल, डॉ हरेंद्र पाल, शैलेन्द्र विक्रम, राकेश कुमार पाल, करन पाल, मोहित पाल, मनजीत बघेल,, राजपाल, उमेश पाल, महेंद्र, पाल, विजय पाल, मुकेश पाल, सत्यपाल, इंद्रपाल ललित पाल सहित तमाम समाजसेवी।

आईटीआई के 27 छात्रों का हुआ चयन

मीरगंज, अमृत विचार : अनुबिस आईटीआई के 27 छात्रों का अलग -अलग कंपनियों में नौकरी के लिए चयन हुआ। इस चयन प्रक्रिया में कुल 55 छात्रों ने भाग लिया था। छात्रों की इस सफलता पर संस्थान के प्राचार्य इं शरद सक्सेना ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, समर्पण और फैकल्टी के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। इं .शरद सक्सेना ने हमेशा से ही छात्रों को तकनीकी दक्षता और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देने पर बल देते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संस्थान और अधिक कंपनियों के साथ प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एसडीएम न्यायिक बहेड़ी देखेंगे ईओ का कार्य

नवाबगंज, अमृत विचार : तैनाती के बाद भी ईओ के कार्यालय नहीं पहुंचने पर डीएम ने बहेड़ी के एसडीएम न्यायिक राजजनम यादव को यहां भेजा है। उन्होंने सोमवार को यहां पहुंचकर अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की है। उनके पास परियोजना अधिकारी डूडा का पदभार भी है। 30 अप्रैल को यहां तैनाती होने के बाद से ईओ रामरतन लंबी छुट्टी पर चले गए। जिनके न आने से बाधित पड़े नगर के विकास को देखते हुए पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने जिलाधिकारी से वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग की थी।

गंगा दशहरा पर नदी के किनारे मुस्तैद रहेगी पुलिस

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : बकरीद और गंगा दशहरा को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा गंगा दशहरा पर रामगंगा एवं बहगुल नदी पर श्रद्धालुओं के नहाने की उचित व्यवस्था की जाएगी तथा पुलिस फोर्स पूरे समय तक नदियों के तटों पर मुस्तैद रहेगी। नदियों के आसपास गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई है। ताकि किसी भी दुर्घटना पर तुरंत सहायता मिल सके। इसके अलावा बकरीद को लेकर लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व सभी शांतिपूर्वक ढंग से मनाए तथा किसी भी समस्या को लेकर लोग उनसे तत्काल संपर्क करें।

बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान टिसुआ बुधपाल सिंह यादव, अमृता प्रधान मनोहर सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, इकरार अंसारी, फारूक अहमद, राकेश गुप्ता, कामराज मिश्रा, पवन राज मिश्रा, अरुण मिश्रा, अजय गुप्ता, प्रशांत मिश्रा, रामसेवक शर्मा, राकेश गंगवार, अरविंद गुप्ता, आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बीमार होता जा रहा पशु अस्पताल

संवाददाता, नवाबगंज

- **अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिलने से पशु पालक हो रहे निराश**
- **जर्जर भवन में स्टॉफ बैठने को मजबूर, हादसे की आशंका**

अमृत विचार : कस्बे में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय की हालत दिनोंदिन बद से बदतर होती जा रही है। पूरे परिसर में उगे खरपतवार के इसकी देखरेख की हकीकत बया करने को काफी है, जर्जर हो चुके भवन में जान जोखिम में डालकर स्टाफ बैठ रहा है।

पशु चिकित्सालय में स्टॉफ के नाम पर पशु चिकित्साधिकारी और फार्मासिस्ट के साथ दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी तैनात हैं, लेकिन इसकी स्थिति दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। गर्भाधान आदि की सारी सुविधाएं होने के बावजूद भी पशुपालकों का रुझान इससे हट चुका है, वे अपने गाय-भैंस को लाने से गुरेज करते हैं। अब मात्र बकरे - बकरियों का अस्पताल ही बन कर रह गया है। आलम ये है कि अब मात्र बकरे - बकरी के इलाज और गर्भाधान तक ही सीमित होकर रह गया है। आवासों का हाल ये है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के लिए बने आवास जर्जर होने के बाद सांड़ों के बाड़ों में टाट और फट्टे तानकर रहने पर यह कर्मचारी विवश है। डॉक्टर और फार्मासिस्ट आवासों का हाल भी बेहतर नहीं है। अस्पताल में मिले चतुर्थ श्रेणी कर्मी कौशल कुमार ने बताया कि भवन सुधार के बारे में कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी हैं। चिकित्साधिकारी विपिन तोमर से भेंट नहीं हो सकी तो फार्मासिस्ट मनीष सिंह भी छुट्टी पर थे और आने वाले इक्का दुक्का पशुओं के इलाज की औपचारिकता भी चतुर्थ श्रेणी कर्मी के हवाले ही थी। वहीं अरसे से यहां तैनात महिला चतुर्थ श्रेणी कर्मी राजेश्वरी देवी का स्वास्थ्य भी सुचारु ड्यूटी लायक नहीं रह गया है। इसके बावजूद भी विभाग का ध्यान इस ओर नहीं है।

अस्पताल परिसर में उगी झाड़ियां और फैली गंदगी। ● अमृत विचार

पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ा, भेजा जेल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने कांस्टेबल कुलदीप के साथ मिलकर बाइपास रामपुर रोड पर यात्री शेड के पास से आसिफ निवासी मोहल्ला अंसारी कस्बा और थाना फतेहगंज पश्चिमी को एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में वह बाइक चोरी की निकली, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

अलीगंज, अमृत विचार : पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ पकड़ा, उस पर रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गश्त के दौरान अलीगंज पुलिस ने रविवार रात एक व्यक्ति को संदिग्ध लगने पर पकड़ा, तलाशी में उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने अपना नाम राम भरोसे निवासी कमालपुर थाना अलीगंज बताया है।

बिजली कटौती से लोग परेशान

देवरनियां, अमृत विचार: नगर पंचायत देवरनियां में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं, कटौती की जानकारी के लिए जब लोग फोन करते है तो अधिकारी फोन तक नहीं उठाते।

इस वजह से लोगों में आक्रोश पनप रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही पर भाकियू जिला उपाध्यक्ष ने आन्दोलन की चेतावनी दी है। देवरनियां, मुंडिया जागीर, सेमीखेड़ा कस्बों को मिलाकर बनी करीब तीस हजार की आबादी वाली नगर पंचायत देवरनियां में पिछले कुछ दिनों से बिजली की खूब कटौती हो रही है, जिससे भीषण गर्मी में लोग परेशान है। वहीं बिजली महकमे के अफसर इस समस्या से अंजान बने हुए हैं। लोगों की समस्या का समाधान कराना तो दूर, फोन तक नहीं उठाते। यहां तक की मीडिया कर्मियों के भी फोन अधिकारी नहीं उठाते। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष मुस्तफा उर्फ लल्ला खां ने कहा अगर जल्द ही बिजली में सुधार नहीं हुआ तो आन्दोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों से खुद को घिरता देख फायरिंग करते भागे बदमाश

संवाददाता, भुता

अमृत विचार: रविवार रात 10:30 बजे आश्रम के पीछे कॉलोनी में बदमाशों ने एक मकान पर घुसने की कोशिश की, आहट होने पर मकान मालिक जाग गया और उसने शोर मचा दिया।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण आकर बदमाशों को घेरने की कोशिश करने लगे। बदमाशों ने ग्रामीणों से खुद को घिरता देख फायरिंग की तो ग्रामीणों ने भी फायरिंग की, जिससे वह भाग गए। बदमाश कोई घटना का अंजाम नहीं दे पाए। सूचना पर पहुंची पुलिस कांबिंग करती रहीं, लेकिन कोई बदमाश हाथ नहीं आया।रविवार रात फरीदपुर रोड पर आश्रम के पीछे कॉलोनी में मनोज, रामबाबू के मकान में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश घुसने की कोशिश की, आहट पाकर मनोज व उसके परिवारजन जाग गए और शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के दर्जनों ग्रामीण लाठी- डंडे लेकर आ गए, और बदमाशों ने अपने को घिरते देख फायरिंग कर दी। तभी ग्रामीणों ने फायरिंग करते हुए बदमाशों को खदेड़ दिया। सूचना पर यूपी112 पुलिस भी पहुंची। ग्रामीण चोरों की दहशत से रात रात भर छत पर बैठकर जागने को मजबूर हैं। बता दें पिछले एक माह में क्षेत्र में 20- 25 घरों में चोरियां हो चुकी है।

बदमाशों की आने सूचना पर जुटे ग्रामीण और मौके पर पहुंची पुलिस।

- **चोरी के इरादे से मकान में घुस रहे चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ा**

लाखों रुपये की नकदी और जेवर चोर समेट ले गए, लेकिन पुलिस अभी तक एक भी चोर को पकड़कर किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी। चोर एक के बाद एक वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रही है, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे रखे पड़ी हैं, इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। सीओ फरीदपुर संदीप सिंह ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए टीमें लगा दी गई है। शीघ्र ही चोरों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

मारपीट से नाराज दुल्हन ने शादी से किया मना

संवाददाता, आंवला

- **वर पक्ष कन्या पक्ष को बरात घर और खाने पर हुए खर्च देने को तैयार, दोनों पक्षों में हुआ समझौता**

अमृत विचार: जयमाला के दौरान दुल्हन के भाई से मारपीट करने से नाराज दुल्हन ने शादी से इन्कार कर दिया। जिससे घरातियों और बरातियों में हड़कंप मच गया। समझाने के बावजूद दुल्हन के इन्कार करने पर दोनों पक्ष अपने अपने घरों को चले गए। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है।

बिशारतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की कन्या की शादी आंवला के एक मोहल्ले के युवक से तय हुई थी। रविवार को कन्या पक्ष ने बरात की खातिरदारी के लिए कस्बे के एक बरातघर में व्यवस्था की। कन्या पक्ष ने बरात का स्वागत कर उनकी आवभगत की। भोजन के बाद दूल्हा बैंड बाजे के साथ बरातघर के द्वार पर पहुंचा। महिलाओं ने तिलक कर नेग दिया। दोनों पक्ष के लोग विवाह कार्यक्रम में प्रसन्न होकर कार्य कर रहे थे। जयमाला की तैयारी के दौरान वर पक्ष स्टेज पर पहुंच गया। कन्या पक्ष ने बताया कि दुल्हन कमरे में तैयार हो रही थी।

इसी दौरान बराती कमरे में घुसने की कोशिश करने लगे। दुल्हरन के भाई ने विरोध किया तो बरातियों ने उसकी पिटाई कर दी। इस बात से नाराज होकर दुल्हन ने शादी से इन्कार कर दिया। वर पक्ष ने बताया जयमाला के दौरान दूल्हा स्टेज पर बैठा था। दुल्हन के आने पर दूल्हा उसे स्टेज पर लाने के लिए उठा था। इसी बीच दुल्हन पक्ष के लोग उसे वापस लेकर चले गए। मामला बिगड़ने पर दोनों पक्षों ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। परंतु सहमति नहीं बन सकी। कन्या पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न करने को लेकर बरात ले जाने का आरोप लगाया। वहीं वह पक्ष ने जयमाला के दौरान दुल्हन को वापस ले जाने समेत अन्य आरोप लगाए। दुल्हन ने कहा शादी से पहले ही उसके भाई की पिटाई कर दी गई। शादी के बाद उसकी क्या हालत करेंगे। पुलिस ने संभ्रात व्यक्तियों की मौजूदगी में दुल्हन पक्ष की दी गई बाइक की कीमत, बरात घर, भोजन में खर्च धनराशि को 6 जून को लौटाने की बात तय हुई। दोनों पक्षों की सहमति बनने पर पुलिस ने समझौता करा दिया। हल्का दरोगा बिहारी लाल ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। वर पक्ष शादी में खर्च धनराशि को 6 जून को वापस लौटाएगा।

पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने को सौंपा ज्ञापन

फरीदपुर अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत की मासिक पंचायत किसान इंटर कॉलेज में हुई, इसमें पांच सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी को सौंपा।

मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया ज्ञापन में प्रमुख रूप से छुट्टा पशुओं से हो रही समस्या, वृद्धा अवस्था पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना एवं किसान सम्मान निधि में हो रही लापरवाही को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह एवं जिला अध्यक्ष सोमवीर सिंह ने कहा कि छुट्टा पशुओं से किसानों को नुकसान हो रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्रों सोनू व दिनेश को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई वास्ता नहीं होगा **लाखन पुत्र मोतीराम निवासी गुलड़िया धिमर पर. व तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर 6104437 जारी दिनांक 26.11.2012 में पिता का नाम त्रुटिवश नन्हें खां दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम हाकिम अली है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरे पिता का नाम हाकिम अली ही दर्ज है। **मो. आरिफ पुत्र श्री हाशिम अली निवासी 141 पिपरिया रामदयाल तुलसीपुर थाना भोजीपुरा तहसील व जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र धीरज कुमार व अन्नू कुमार व पूजा पत्नी शिवम राना व आरती पुत्री नरेश कुमार के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नरेश कुमार पुत्र जंगबहादुर निवासी 112 आजादनगर, कालोनी कटरा चाँद खां पुराना शहर, जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. कैफ पुत्र स्व. शाहिद व उसकी पत्नी मंतशा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **शबीना पत्नी स्व. शाहिद निवासी 72 चमेली बगिया लीची बाग किला जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व के पासपोर्ट में मेरा नाम अमृत पाल सिंह अंकित था लेकिन अब मैंने अपना नाम अमृत सिंह कर लिया है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है। भविष्य में मुझे अमृत सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **अमृत सिंह पुत्र झरमन सिंह निवासी मोहल्ला अशरफ खां थाना कोतवाली तहसील व जिला पीलीभीत।**

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आवश्यकता है
- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U. | Admission Open | Session 2025-26 | BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह -माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक-तुल्य बना लेता है।

संपादकीय

बड़ा विमानन बाजार

चार दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल चुका है और आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है। सोमवार को इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि देश 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने की राह पर है। देश में निवेश का यही है सही समय है और यहां भरपूर संभावनाएं हैं। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। वास्तव में भारत एक ऐसे बदलाव के दौर से गुजर रहा है जो अभूतपूर्व आर्थिक चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए, भारत सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत कई प्रयास कर रही है। यह पहल निवेश, नवाचार, बौद्धिक संपदा की रक्षा और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देती है। सरकार हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है, जिससे विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।

सरकार, निवेशक और उद्यमी, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिए आशावादी हैं। हालांकि चीन वैश्विक विनिर्माण और ऊर्जा संक्रमण पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख शक्ति है क्योंकि इसने अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और आर्थिक नीति का लाभ उठाकर रणनीतिक लाभ प्राप्त किया है। इसके बावजूद भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इस प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव आ रहे हैं। अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और वित्तीय हितधारकों के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं। सरकार भारत की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। अभियान के तहत, भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर विमान घटक विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी वैश्विक विमानन केंद्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। अपेक्षाकृत प्रतिकूल वैश्विक परिवेश में, भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए सरकार को इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन देने चाहिए।

बढ़ता तापमान जीवन के लिए संकट का सबब बना

सुनील कुमार महला
स्तंभकार

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा।

वास्तव में धरती का तापमान का लगातार बढ़ना कहीं न कहीं गंभीर खतरों का संकेत दे रहा है। आज मानव की जीवनशैली लगातार बदलती चली जा रही है और मानवीय गतिविधियों के कारण, अंधाधुंध विकास, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नीले ग्रह पर खतरा मंडराने लगा है। एक जानकारी के अनुसार मानवीय जीवनशैली के कारण इस सदी के अंत तक धरती का औसत तापमान 2.7 सेंटीग्रेट बढ़ जाएगा। वास्तव में धरती के तापमान के इतना बढ़ने का सीधा सा मतलब यह है कि इस सदी के अंत तक धरती के ग्लेशियरों की बस एक चौथाई बर्फ़ ही बची रहेगी तथा बाकी तीन चौथाई बर्फ़ ख़त्म हो जाएगी। ग्लेशियर बर्फ पृथ्वी पर ताजे पानी का सबसे बड़ा भंडार है, जो बर्फ की चादरों के साथ दुनिया के ताजे पानी का लगभग 69 प्रतिशत रखता है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग दो प्रतिशत भाग ग्लेशियरों में संग्रहीत है। इतना ही नहीं, ग्लेशियर अतीत की जलवायु के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। ये ग्लेशियर ही हैं, जिनसे कृषि, जल विद्युत एवं पेयजल हेतु जल मिलता है। समुद्र जल स्तर में ग्लेशियरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा। दरअसल यह खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी एक ताज़ा रिसर्च में किया गया है। इस संदर्भ में ताज़ा उदाहरण स्विट्जरलैंड का है, जहां ऊंचे पहाड़ों से टूटे एक ग्लेशियर ने निचले इलाके में तबाही मचा घाटी में बसे ब्लैटन गांव (नब्बे फीसदी गांव को) बर्च नाम के ग्लेशियर ने बर्बाद कर दिया। दरअसल,ग्लेशियरों के इस तरह टूटने के पीछे सबसे बड़ी वजह है धरती के औसत तापमान का बढ़ना। कहना ग़लत नहीं होगा कि तापमान में बढ़ोत्तरी भारी बारिश (अतिवृष्टि), तो कहीं सूखा (अनावृष्टि), कभी ग्लेशियरों की झीलों के फटने तो कभी बड़े तूफ़ानों जैसे अतिमौसमी बदलावों की शक्ल में हमारे सामने आ रहा है। प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी रिसर्च के मुताबिक दुनिया के ग्लेशियर मौजूदा अनुमान से कहीं ज्यादा तेज़ी से पिघल रहे हैं और इस सदी के अंत तक अगर धरती का औसत तापमान अगर 2.7 सेंटीग्रेट और बढ़ा तो दुनिया में मौजूद ग्लेशियरों में सिर्फ़ 24 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रह जाएगी, जो कि एक बड़ा और गंभीर खतरा है। जानकारी के अनुसार ग्लेशियरों की 76 प्रतिशत बर्फ़ पिघल चुकी होगी।

> हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी।

पेरिस समझौते में ये तय हुआ था, कि दुनिया के तापमान को पूर्व औद्योगिक तापमान से 1.5 सेंटीग्रेट से ज़्यादा नहीं बढ़ने देना है, लेकिन आज विकसित देश ही कार्बन उत्सर्जन के अधिक जिम्मेदार हैं और कोई भी ग्लोबल वार्मिंग को कम करने को लेकर जिम्मेदार नजर नहीं आते। साइंस पत्रिका में छपी रिसर्च के मुताबिक अगर दुनिया का औसत तापमान 1.5 सेंटीग्रेट तक ही बढ़ा तो भी ग्लेशियरों की 46 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी, सिर्फ़ 54 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रहेगी, यह बहुत ही चिंताजनक है, क्यों कि ग्लेशियर पानी के बड़े स्त्रोत होते हैं और जल ही जीवन है। शोध में सामने आया है कि अगर औसत तापमान बढ़ना बंद हो जाए और उतना ही रहे, जितना कि आज है, तो भी दुनिया के ग्लेशियरों की बर्फ़ 2020 के स्तर से 39 सेंटीग्रेट कम हो जाएगी। मतलब यह है कि आज भी तापमान कुछ कम नहीं है और यह नीले ग्रह को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। शोध में पाया गया है कि यदि दुनिया का औसत तापमान 2 सेंटीग्रेट बढ़ा तो स्कैंडिनेवियन देशों यानी नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क के ग्लेशियरों की सारी बर्फ़ पिघल जाएगी। इतना ही नहीं, उत्तर अमेरिका की रॉकी पहाड़ियों, यूरोप के आल्प्स और आइसलैंड के ग्लेशियरों की क़रीब 90 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी।औसत तापमान में 2 सेंटीग्रेट की बढ़ोतरी का भारी असर दक्षिण एशिया में हिंदूकुश हिमालय पर भी पड़ने की संभावनाएं जताई गईं हैं।

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी। वास्तव में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदूकुश हिमालय से निकलने वाली नदियां जो गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र की घाटियों में बहती हैं वो क़रीब दो अरब आबादी के लिए अनाज, मनुष्य की आजीविका और पानी की गारंटी हैं। वास्तव में आज धरती का लगातार बढ़ता हुआ तापमान न केवल मनुष्य के लिए अपितु धरती के सभी जीवों, वनस्पतियों, हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संकट का सबब बनता चला जा रहा है।

अंत में यही कहूंगा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए हमें सामूहिक रूप से कदम उठाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझना होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे नीले ग्रह को गर्म करने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना ही ग्लेशियरों के पिघलने की गति को धीमा करने का सबसे प्रभावी तरीका है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि धरती के तापमान में मामूली वृद्धि भी कहीं न कहीं मायने रखती है। मानव को समझने की जरूरत है कि विकास के नाम पर हमें प्रकृति से छेड़छाड़ और खिलवाड़ को बंद करना होगा। पर्यावरण के साथ संबंध स्थापित करते हुए भी विकास किया ही जा सकता है। एक जानकारी के अनुसार दुनिया में क़रीब पौने तीन लाख ग्लेशियर हैं।

पृथ्वी पर, 99 प्रतिशत ग्लेशियर बर्फ ध्रुवीय क्षेत्रों में विशाल बर्फ की चादरों (जिन्हें "महाद्वीपीय ग्लेशियर" भी कहा जाता है) के भीतर समाहित है। हमें ग्लेशियरों को संरक्षित करना होगा और जल प्रबंधन को बढ़ावा देना होगा, ताकि भविष्य में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

प्रसंगवश

आम आदमी की सवारी

विश्व साइकिल दिवस पर

साइकिल मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है। साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।

रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

मौजूदा समय में बांग्लादेश नाजुक मोड़ पर

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है।

बांग्लादेश एक बड़े राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। 8 अगस्त 2024 को 'छात्र आंदोलनों' की आड़ में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार और प्रमुख के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। कट्टरपंथी तेजी से मजबूत होकर उभरे हैं। सैन्य जुंटा का दबदबा बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण से आतंकियों के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हुआ है तो दूसरी ओर बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध तय करने में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। बात यहीं तक आकर खत्म नहीं होती। मोहम्मद यूनूस ने चीनी निवेशकों को यह कहते हुए आमंत्रित किया है कि वे बांग्लादेश को अपना घर और उत्पादन केंद्र बनाएं। उदारवादी और लोकतंत्र समर्थक हैरान हैं कि बांग्लादेश किस ओर जा रहा है और दुनिया को इस बदलाव को कैसे समझना चाहिए।

भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत पश्चिम मोर्चे पर युद्ध जैसे हालात का सामना कर रहा है। इस राजनीतिक तनाव के कोलाहल से दूर, ड्रैगन चुपचाप लेकिन निश्चित रूप से भारत के पूर्वी क्षेत्र में अपनी पैठ बना रहा है। कुछ दिन पहले ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि चीनी अधिकारियों ने बांग्लादेश के रंगपुर में लालमोनिरहाट एयरबेस का निरीक्षण किया है जिसे सरकार फिर से बनाने की योजना बना रही है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से बमुश्किल 20 किमी दक्षिण में स्थित ऐसा एयरबेस भारत में चिंता का विषय है, खासकर तब जब भू-राजनीतिक परिदृश्य गंभीरता का विषय बना हो। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है, नेपाल और बांग्लादेश दोनों की सीमाओं के पास स्थित है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दो राष्ट्रीय राजमार्ग और दो ब्रॉड-गेज रेलवे लाइनें यहां से गुजरती हैं, कई सड़क और रेलवे पुल हैं, और लाखों टन माल पूर्वोत्तर में आता-जाता है और भूटान से भी इसकी कनेक्टिविटी है। यह तथ्य भी जगजाहिर है कि 1967 में सिक्किम के नाथू ला इलाके में चीन की कई आक्रामक कार्रवाइयों के कारण सशस्त्र झड़पें हुईं, जिसका भारतीय सेना ने बहुत ही जोरदार तरीके से जवाब दिया। नाथू ला में चीन की कार्रवाइयां क्षेत्र में क्षेत्रीय दावों और प्रभाव को स्थापित करने की उसकी रणनीति का हिस्सा रही हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनूस का यह कहना कि अंतरिम सरकार सुधारों को लागू करने, निवेश के माहौल को बढ़ाने, नियामक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और व्यापार संचालन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने में दृढ़ रही है, कई बड़े निहितार्थ लिए है जिस पर भारत को सतर्कता से नजर रखनी होगी।

कूटनीतिक फेरबदल और विवादास्पद नीतिगत निर्णयों से सरकार और शीर्ष अधिकारियों तथा विदेश सेवा के बीच गहरी दरारें उजागर हुई हैं। व्यापक विरोध प्रदर्शनों से नौकरशाही के कामकाज में रुकावट का खतरा उत्पन्न हो रहा है। जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है। अनेक नागरिक, जो कभी यूनुस के सुधारवादी रुख का समर्थन करते थे, अब उम्मीद और हताशा के बीच फंस गए हैं। बांग्लादेश के नागरिक प्रशासन पर सेना का मौन प्रभाव हमेशा से ही रहा है। सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने यूनूस से दिसंबर 2025 तक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कहा है जबकि यूनूस जून 2026 तक चुनाव कराने की बात कहते रहे हैं। अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई है। जमात-ए-इस्लामी पर 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान की सेना के साथ मिलकर हत्याएं करने जैसे आरोप भी हैं। इसके पहले जमात के इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उस पर कई लोगों की हत्या, अपहरण जैसे संगीन आरोप थे। अंदाज लगाया जा सकता है कि जब ऐसे लोग चुनाव लड़कर वहां की संसद में पहुंचेंगे तो पड़ोसी देशों के साथ सरकार के रिश्ते कैसे होंगे? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बांग्लादेश मौजूदा समय में एक नाजुक मोड़ पर है। बांग्लादेश की राजनीति गहरे मतभेदों से अटी पड़ी है। अंतरिम सरकार नई चुनौतियों का सामना करने के लिए उभरते हुए सत्ता केंद्रों के साथ जुड़ सकती है। आगे का रास्ता आदर्शवाद पर कम और व्यावहारिक राजनीतिक बातचीत पर अधिक निर्भर करेगा। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करना होगा।

सोशल फोरम

पहली बार पता चला

हमें अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर और विशेषज्ञों के दायरे में जाकर कोई विश्लेषण नहीं करना चाहिए, न उन्हें यह बताना चाहिए कि उनका कोई काम कितना सही है या गलत है। यदि जल सेनाध्यक्ष ने किसी से प्रकाश्य ढंग से कोई बात की है तो जो कुछ कहा है उसका मतलब वही नहीं होता। जो संदेश देना है और जिस दबाव में रखना है, वही ध्यान देने योग्य है, जिसको हम जान नहीं सकते। परंतु घटित होने के बाद जान भी जाएंगे।

भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

राजनीतिक किसी भी घटना या कार्य का लाभ उठाने से बाज आए, ऐसा हो नहीं सकता। धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार के बाद जो करना था, वह पहले तय था। विपक्षी दलों का समर्थन लेना भी उसी का हिस्सा था। दूसरे दल कठोर कार्रवाई करने की मांग के लिए नैतिक और राजनीतिक दोनों कारणों से बाध्य थे। आपरेशन सिंदूर दूसरे देशों के आकलन में और हमारे लिए भी अविश्वसनीय रूप से सफल रहा। पहली बार हमें अपने निजी आयुध विकसित करने की सफलता का पता चला, सामरिक शक्ति का पता चला। सैन्य विज्ञान के विशेषज्ञों ने यह स्वीकार किया कि यह सैन्यविज्ञान में यह एक नया और बहुत आगे बढ़ा हुआ प्रयोग है। हमारे लिए यह दूसरी सफलता गर्व की बात है।

जहां तक राजनीतिक लाभ उठाने की बात है यदि मोदी बिल्कुल चुप रहते तो इसका बहुत अधिक लाभ मिलता। ललकार भरे स्वर में और बार-बार उसको दोहराते नहीं तो उन्हें इसका अधिक लाभ मिलता। कोई इतना मूढ नहीं हो सकता कि यह न समझ सके कि उनका लक्ष्य राजनीतिक लाभ उठाना भी है। परंतु इस गलती को खरगे ने अपनी गलती से दूर कर दिया और कांग्रेस को जितनी अधिक क्षति पहुंचाई है, वह मोदी उन पर प्रहार करके भी नहीं कर सकते थे। उत्साह में कोई कुछ भी बोल जाए परंतु न तो देश की अर्थव्यवस्था बिना किसी नए उकसावे के युद्ध को जारी रखना चाहती है, न मोदी इसे चाहतें हैं। दूसरे कुछ देश हमारी आर्थिक प्रगति को रोकने के लिए देश को युद्ध में अवश्य उलझाए रखना चाहते हैं।

-फेसबुक वॉल से

फल का नहीं कोई फ़ल

रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

> साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है।

काफी दिनों बाद एक बार फिर देवभूमि उत्तराखंड जाना हुआ। हालांकि इन दिनों मेरे मनपसंद फलों का मौसम है और अपने शहर के बाजार उनसे भरे भी पड़े हैं मगर न जाने क्या सोच कर तय किया कि इस बार जितने दिन भी पहाड़ पर रहूंगा, स्थानीय फलों का ही सेवन करूंगा। मेरी जानकारी में था ही कि इन दिनों पहाड़ के पेड़ भी फलों से लद जाते हैं और काफल, किरमोड़, घिंगारू, पांगर तथा बेडू जैसे न जाने कितने किस्म के ऐसे फलों की बहार होती है जिन्हें हम समतल जगह वाले लोगों ने आमतौर पर देखा भी नहीं होता। ये फल न केवल स्वाद में लाजवाब होते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। काफल तो उत्तराखंड का राजकीय फल ही है, जो मीठा, खट्टा और रसीला होता है और उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और अनेक विटामिन भी होते हैं।

देवभूमि के पहाड़ों पर तिमला, मेलू, अमेज, दाडिम़, करौंदा, तूंग, जंगली आंवला, खुबानी, हिसर, किनगोड़ जैसे अनेक अन्य जंगली फल भी पाए जाते हैं, जो इंसानी सेहत के लिए बेहद मुफीद होते हैं। मगर यह क्या? चंबा, टिहरी और काना ताल के बाजारों में कहीं भी कोई स्थानीय फल ढूंढे से भी नहीं मिला। वहां के बाजार भी उन्हीं आमों, लीची, आड़ू और सेब से भरे पड़े थे जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश अथवा दिल्ली की आजाद पुर सब्जी मंडी से वहां पहुंचे थे। बेशक सवाल छोटा सा था मगर मैं उसमें अटक गया कि पहाड़ का फल जब पहाड़ पर ही नहीं मिलता तो बाकी देश के बाशिंदे उनका सेवन कैसे करेंगे? ऐसे में इन नायाब फलों के निर्यात की बात तो सोची भी कैसे जा सकती है?

स्थानीय लोगों से जब इस विषय में बात की तो पता चला कि सेब, माल्टा, आड़ू और खुबानी जैसे पारंपरिक फलों को छोड़ कर अन्य स्थानीय फलों की वहां खेती ही नहीं की जाती और प्राकृतिक रूप से जो फल जितना भी उपलब्ध होता है, उसे ही स्थानीय लोग इस्तेमाल कर लेते हैं। इन बेहतरीन फलों को बाज़ार तक पहुंचाने के लिए आज तक कोई प्रयास न तो सरकार ने किया है और न ही काश्तकारों ने। ले देकर बुरांश के फूल का रस जरूर बोतलों में बंद कर पर्यटकों को बेचा जाने लगा है। मगर बुरांश का फल तो अभी भी बाजार तक नहीं पहुंचा। जबकि यह फल भी स्वादिष्ट होने के साथ साथ अनेक बीमारियों के इलाज में भी उपयोगी होता है। दुनिया जानती है कि उत्तराखंड के अधिकांश फल जैविक रूप से उगाए जाते हैं और इन फलों के पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव-विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। काफल, हिसालू, और बेड़ जैसे फल तो स्थानीन संस्कृति, लोकगीतों और लोककथाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

पहाड़ से लौट कर पड़ताल की तो पता चला कि साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है। वर्ष 2016 में 4551 मीट्रिक टन फलों का यहां से निर्यात होता था जो अब घटते घटते मात्र 1192 मीट्रिक टन ही रह गया है। हैरानी की बात नहीं है कि उत्तम क्वालिटी के फलों का उत्पादन करने के बावजूद राज्य से अब मात्र 4 करोड़ 68 लाख का ही निर्यात होता है? इन फलों में भी केवल वही फल हैं जो हमें आमतौर पर अपने गली मोहल्ले में भी मिल जाते हैं। केवल पहाड़ पर ही मिलने वाले फल सिरे से गायब हैं। जाहिर है कि राज्य सरकार का इस ओर कतई ध्यान नहीं है और यही कारण है कि किसान फलों की बागवानी को लेकर उदासीन हो रहे हैं। कई बार घोषणा के बावजूद राज्य में काश्तकारों को ओला वृष्टि जैसी आपदाओं से निपटने को सब्सिडी नहीं दी जा रही और किसानों को मंडियों से जोड़ने को कोई महत्वपूर्ण पहल भी अब तक नहीं की गई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर भी राज्य सरकार का ध्यान नहीं है तो फिर उसका ध्यान कहां है? इसका सीधा सा जवाब है- धार्मिक पर्यटन और केवल धार्मिक पर्यटन। आंकड़े बताते हैं कि 66 हजार करोड़ के सालाना बजट वाली राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए तो केवल चार धाम यात्रा पर ही खर्च कर दिए हैं। बेशक चार धाम यात्रा से राज्य को अच्छे खासे राजस्व की प्राप्ति होती है और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है मगर राजस्व और रोजगार तो फलों का उत्पादन भी दे सकता है, उस बारे में क्यों नहीं कोई सोचता?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

सार-संक्षेप

ताहिर सक्लैनी ने मसल्स मैन का खिताब जीता

बरेली, अमृत विचार : रजा क्लासिक की ओर से रविवार को आयोजित हुई मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में पुराने शहर के निवासी ताहिर सक्लैनी ने पहला स्थान हासिल कर मसल्स मैन का खिताब जीता है। उन्होंने 40 किलो भार वर्ग में मास्टर श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया है।

शिक्षामित्र के संगठन को समर्पित थे रमेश चंद्र

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्रा के निधन पर जिला इकाई की तरफ से सोमवार को सेठ दामोदर पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि उनकी कमी को कोई पूर्ण नहीं कर सकता है। वह संगठन के प्रति समर्पित थे। प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने कहा कि रमेश चंद्र बस्ती जनपद के निवासी थे। जो पूरे जीवन शिक्षामित्रों व संगठन के हित के लिए लड़ते रहे। जिला महामंत्री कुमुद केशव पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल गंगवार, अनिल गंगवार, भगवान सिंह यादव, गिरीश कुमार मौर्य, सुरेंद्र पाल वर्मा, हरिओम, सुल्तान खां आदि उपस्थित रहे।

इज्जतनगर पुलिस ने होटल और ढाबों को किया चेक

बरेली, अमृत विचार : खुलेआम शराब पिलाने की शिकायत पर आबकारी विभाग और इज्जतनगर पुलिस टीम ने क्षेत्र में सुमंगलम समेत कई ढाबा और होटलों को चेक किया। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि पीलीभीत रोड स्थित सुमंगलम व अन्य ढाबों और होटलों पर शराब पिलाई जा रही है। यहां शराब पीकर शराबी उत्पात करते हैं। शिकायत के बाद टीम ने इज्जतनगर पुलिस के साथ पीलीभीत रोड स्थित होटलों और ढाबों पर छापामार कार्रवाई की। टीम को मौके से कहीं भी कुछ नहीं मिला। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस के साथ छापामार कार्रवाई की गई थी, लेकिन मौके से कुछ बरामद नहीं हुआ। बताया कि जिन ढाबों की शिकायत हुई है। वे उनके रडार पर हैं। भविष्य में भी छापामार कार्रवाई जारी रहेगी।

पार्किंग बनने से दूर हो जाएगी जाम की समस्या

बरेली, अमृत विचार : बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन ने सोमवार को बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए मनिकंडन को ज्ञापन देकर पार्किंग की समस्या के बारे में जानकारी दी। संचालकों ने बताया कि बरात घरों के पास जाम लगने मुख्य कारण बैंडबाजा, बग्गी और आतिशबाजी है। कहा कि शहर में जहां भी जगह हो, वहां पर मल्टीलेवल पार्किंग और भूमिगत पार्किंग बन जाए तो काफी हद तक जाम की समस्या हल हो सकती है। एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपेश अग्रवाल, सचिव सचिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष लईक अहमद ने बताया कि शहर प्राधिकरण के गठन के पहले बसा हुआ है। उस समय पार्किंग के नियम नहीं थे। इस कारण पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इस समय हर रोज वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई सरकारी कार्यालय भी हैं, जहां पर पार्किंग नहीं है। बरात घरों का कार्य महज 35 से 40 दिनों का होता है। अन्य दिनों में खाली रहते हैं। यहां पर आयोजन रात में होते हैं, उस समय सभी प्रतिष्ठान बंद रहते हैं। बरात घर गार्ड के जरिए वाहनों को सही तरीके से लगाता है, ताकि जाम की समस्या उत्पन्न न हो। अगर शहर में जिन जगहों पर खाली स्थान हों, वहां पर पार्किंग का निर्माण हो जाए तो समस्या का निदान हो सकता है।

दरगाह पर उमड़ने लगी अकीदतमंदों की भीड़

नवाबगंज, अमृत विचार : शाहजी मियां दरगाह पर आयोजित उर्स में दूरदराज से लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इबादत के बाद दुकानों पर लोग खरीदारी कर रहे हैं। मंगलवार को गांव देहात से चादरों का जुलूस निकाला जाएगा। नगर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भीषण गर्मी में पैदल जा रहे जायरीनों के लिए जगह जगह शरबत वितरण की व्यवस्था की गई है। शाहजी मोहम्मद शेर मियां के सालाना उर्स में लोग पैदल ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक और बसों के अलावा ट्रेन से पहुंच रहे हैं। दरगाह के आसपास के घरों और मुसाफिरखाना में जायरीनों के ठहरने का इंतजाम किया गया है। सोमवार को चादरें हाफिजगंज, हरदुआ, गरगईया, ठिरिया सहित कई गांव के जायरीन लेकर पहुंचे।

राजेंद्र नगर और किला में खुली हेल्पडेस्क

बरेली, अमृत विचार : शहरी क्षेत्र में 2.50 लाख उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति समस्या के लिए अभी तक रामपुर बाग में एक हेल्प डेस्क थी। अब विभाग ने किला और राजेन्द्र नगर में एक-एक हेल्प डेस्क और स्थापित की है। सोमवार को मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने नवनिर्मित हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि राजेंद्र नगर हेल्प डेस्क पर शाहदाना, कोहाड़ापीर, डेलापीर, दुर्गानगर, डीडीपुरम क्षेत्र के करीब 40 हजार उपभोक्ता शिकायत दर्ज करा सकते हैं। किला सबस्टेशन पर हेल्प डेस्क पर सीबीगंज, परसाखेड़ा, सुभाषनगर, सब स्टेशन के 42 हजार उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायत के लिए अब उपभोक्ताओं को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

उर्स-ए-गौहरी का आगाज 8 को होगा, पोस्टर जारी

बरेली, अमृत विचार : शाहजहांपुर रोड परसौना स्थित दरगाह सय्यद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा का सालाना उर्स-ए-गौहरी दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी साहब की सरपरस्ती में 8 जून से शुरू होगा। दरगाह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम साबरी ने बताया कि दरगाह प्रमुख वसीम मियां चिश्ती साबरी के निवास पर सोमवार को बैठक हुई, जिसमें उर्स की तैयारियों पर चर्चा की गई। उर्स का पोस्टर जारी किया गया। दरगाह प्रमुख ने सचिव मोहम्मद रिजवान साबरी को उर्स प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। 10 वॉलंटियर नियुक्त किए गए। उर्स प्रभारी ने कहा कि 8 जून को सुबह 11 बजे परचम कुशाई की रस्म से उर्स का आगाज होगा। शाम 4 बजे मंसूर एजाज कुद्दूसी साबरी का कुल शरीफ होगा। रात में महफिल-ए-कव्वाली होगी। 9 जून को सुबह कुरानख्वानी होगी। शाम 4:30 बजे मस्तान शाह बाबा का कुल शरीफ होगा।

अवैध खनन की मुख्यमंत्री से की शिकायत

देवरनियां, अमृत विचार : क्षेत्र में तीन माह से अवैध खनन हो रहा है, शिकायत के बाद भी पुलिस अंजान बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर अवैध खनन को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को एक्स पर पोस्ट करके शिकायत की गई है। अतुल गंगवार उर्फ आदेश बाबू ने एक्स पर पोस्ट करके मुख्यमंत्री, डीएम और बरेली पुलिस को टैग करते हुए पोस्ट किया है। शिकायत में गांव करनपुर में 10 -12 डंपर अवैध मिट्टी खनन के चलने का जिक्र किया गया है। शिकायत के बाद बरेली पुलिस ने देवरनियां इंस्पेक्टर को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव का कहना है इस मामले की जानकारी ले रहे हैं, अगर अवैध खनन किया जा रहा है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने किसी प्रकार की अवैध वसूली से इंकार किया है।

चोरी का इंजन बेचने जाते समय दो चोर पकड़े

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : ग्राम टिसुआ में हुई इंजन चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरी किए गए इंजन को बरामद कर लिया है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। रविवार रात पुलिस उचसिया मोड़ से गश्त के दौरान टिसुआ गांव के रहने वाले दो युवकों नइम और अमन को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से चोरी किया गया इंजन बरामद हुआ है। आरोपियों के खिलाफ थाना फतेहगंज पूर्वी में पहले से ही मुकदमा दर्ज था। आरोपियों ने बताया उन्होंने अपने दो अन्य साथियों शिबू और आजिद के साथ मिलकर टिसुआ गांव में रहने वाले गुड्डू के खेत से इंजन चोरी किया था। इंजन को एक मोटरसाइकिल वाली ठिलिया में रखकर बेचने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उचसिया मोड़ के पास पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण वे इंजन समेत ठिलिया को वहीं खड़ा कर गए। उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली और कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया गया, जबकि शिबू और आजिद मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कारों की भिड़ंत में भाजपा नेता समेत पांच घायल

ओवरटेक करते समय हुआ हादसा, हादसे के बाद स्टार्ट कार छोड़कर भागे आरोपी, दोनों कार क्षतिग्रस्त

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार: आंवला भमोरा रोड पर दो कारों की आमने- सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई, टक्कर इतनी तेज हुई की एक कार पांच बार पलटी खाकर जिधर से आई थी उसी ओर मुड़कर खड़ी हो गई। वहीं दूसरी कार में सवार लोग सड़क पर ही गाड़ी को स्टार्ट छोड़कर भाग गए। हादसे में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, वहीं भाजपा नेता समेत पांच लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

बिल्सी बदायूं के गांव सरह बघौली निवासी नवनीत शर्मा ने बताया वह बिसौली बदायूं के सरूकपुर निवासी भाजपा नेता सुभाष चौधरी की कार चलाते हैं। सोमवार की सुबह सुभाष चौधरी, मिठामई गांव निवासी राकेश शर्मा, रतनपुर कोट निवासी टिंकू शर्मा, हतसा निवासी विनीत कुमार, बिथरी चैनपुर भाजपा विधायक राघवेंद्र शर्मा से मिलने जा रहे थे। दिन में करीब 11 बजे आंवला भमोरा रोड के रामनगला और बिलौरी गांव के मध्य बरेली की ओर से एक कार तेज गति से अनियंत्रित रुप से आ रही थी। उन्होंने उस कार से बचने के लिए अपनी कार धीमी की। इसी दौरान उस कार ने उनकी कार के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार पांच बार पलटी खाकर खड़ी हो गई। उस कार में सवार लोग गाड़ी छोड़कर भाग निकले। कई पलटी खाने से उसकी कार में सवार वह और सुभाष चौधरी गंभीर घायल हो गए। जबकि राकेश शर्मा, टिंकू शर्मा, विनीत कुमार चोटिल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल में भेजा है। चालक ने बताया कि सुभाष चौधरी की हालत गम्भीर बनी हुई है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

रोडवेज बस पलटने से यात्री घायल

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : रोडवेज की बस सोमवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे कई सवारी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बरेली भेजा। इसके साथ ही बस को राजमार्ग से हटाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया। सोमवार सुबह शाहजहांपुर डिपो की बस बरेली से 22 यात्रियों को लेकर शाहजहांपुर जा रही थी। थाना फतेहगंज पूर्वी से लगभग 5 किमी पहले ग्राम टिसुआ के पास अचानक बस पलटने से दो यात्री ईश्वर चंद्र निवासी ग्राम पथराकच्छ थाना शेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर व आरिफ निवासी मोहल्ला पक्का थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर घायल हो गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, दिन भर झाड़ियों में पड़ा रहा शव

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : किसी वाहन की टक्कर लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई। रोड के किनारे झाड़ियों में कई घंटे तक शव पड़ा रहा। देर शाम जानकारी मिली तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्राम शिवपुरी रधौली निवासी सूरजपाल माली (65) रविवार रात अमृता गांव में होने वाली एक शादी समारोह में फूल लेकर गया था। वह रात में ही गांव आ रहा था, रास्ते में किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह झाड़ियां में जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब सूरजपाल घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। सोमवार देर शाम राहगीरों से परिजनों को सूचना मिली कि एक शव अमृता शिवपुरी मार्ग पर झाड़ियों में पड़ा है तो परिजनों ने देखा वह शव सूरजपाल का ही है। इसके बाद परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी संतोष कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर ने बताया किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ही सूरजपाल की मौत हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 11 लोग घायल

भमोरा, अमृत विचार : भात पहनाकर लौट रहे लोगों की ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा। गांव रामपुर कांकर निवासी राकेश ने बताया उसका भाई बबलू रविवार शाम बिनावर थाना क्षेत्र के गांव भितारा भात पहनने के लिए परिवार के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गए थे। सोमवार सुबह खेड़ा सिंघा मार्ग पर सामने से आ रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में महिलाओं और बच्चे समेत 11 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल जावित्री देवी को अस्पताल भेजा राकेश ने थाना पुलिस को तहरीर दे कार्रवाई की मांग की।

शादी का झांसा देकर किन्नर का किया शोषण

आंवला, अमृत विचार: एक युवक के प्रेम प्रसंग में फंसकर एक लड़की बनने के लिए अपनी सर्जरी कराने को तैयार हो गया। चेस्ट की सर्जरी के बाद किन्नर का प्रेमी अस्पताल में छोड़कर भाग गया। इससे आहत होकर किन्नर ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

किन्नर ने बताया दो साल पूर्व उसकी मुलाकात आंवला थाना क्षेत्र के एक युवक से हुई थी, उसने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। हकीकत जानते हुए भी उसने शादी का वादा किया। पीड़िता का आरोप है युवक उसे कई बार होटलों में ले गया और उसका शोषण किया। उसके विरोध करने पर खुदकुशी करके उसे फंसाने की धमकी देने लगा। उसने बताया युवक ने उससे सर्जरी कराकर लड़की बनने की जिद की। इसके लिए 30 मई को युवक उसे दिल्ली के एक अस्पताल में सर्जरी कराने के लिए ले गया। चेस्ट सर्जरी के बाद युवक बगैर बताए लापता हो गया। अब वह न ही फोन उठा रहा है और न ही उसका कोई पता चल पा रहा है।

पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक

नवाबगंज, अमृत विचार: केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्द्धन परिषद के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी व प्लांटेशन बोर्ड के निदेशक रवि भारद्वाज ने सोमवार को नगर के एसएसटी कॉलेज और गुरुद्वारे में पौधरोपण कर लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित किया।

इन दोनों नेताओं का यहां पहुंचने पर सभासद अजय गंगवार गुड्डू, राम प्रकाश, आशीष गुप्ता, राजीव सक्सेना व भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता के साथ ही भाजपाइयों के जोर दार स्वागत किया। इस दौरान बोर्ड के प्रदेशीय अध्यक्ष बलविन्दर सिंह मान भी उनके साथ रहे और माया अस्पताल और बाइपास स्थित स्वैग राइडर्स पर भी पहुंचे, जहां डॉ. एके गंगवार और सभासद अजय गंगवार आदि ने भी उनका स्वागत किया। समुचित देखरेख न होने के कारण हर वर्ष करोड़ों के पौधे नष्ट हो जाने के सवाल पर पर्यावरण एवं जलवायु संवर्द्धन बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि इस बार पौधों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

मुख्यअतिथि का स्वागत करते भाजपाई।

गोकशी का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार: बिथरी चैनपुर पुलिस ने गोकशी के मामले में एक आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव ढकिया अलकरी, थाना न्यूरिया, जनपद पीलीभीत निवासी अजीम के रूप में हुई।

थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि रविवार देर रात दरोगा नरेंद्र शर्मा टीम के साथ गश्त कर रहे थे। डोहरा रोड पर एक कार में आरोपी बैठा था। शक के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसकी कार को सीज करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सड़क पर कीचड़ होने से चलना हुआ दूभर

संवाददाता, बिशारतगंज

- प्रधानपति ने ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भेजे

अमृत विचार : पीडब्लूडी की ओर से 35 साल पहले बनाई गई सड़क देखरेख और मरम्मत के अभाव में पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है। बार-बार शिकायतों के बाद भी विभाग ने इसकी सुध नहीं ली, ग्रामीण कीचड़ से होकर निकलने को मजबूर है।

ब्लॉक क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव का मुख्य रास्ता, जिसकी लंबाई 650 मीटर है, जिसे पीडब्ल्यूडी ने 35 साल पहले बनाई गई थी, जो अब पूरी तरह गड्ढों और कीचड़ में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए कई बार ग्राम पंचायत की ओर से उसमें पत्थर और मिट्टी डलवाई गई, जिससे निकलने में कुछ आसानी तो हुई किंतु रास्ता और ऊबड़-खाबड़ हो गया। ऐसे में यदि थोड़ी सी बारिश भी होती है तो रास्ता पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। इससे यहां से निकलने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह रास्ता जलाल नगर, निसोई, नूरपुर आदि गांवों को भी जोड़ता है। सफाई कर्मी की लापरवाही के चलते यहां और समस्या होती है, क्योंकि नालियों और गलियों की सफाई नहीं होने से कीचड़ सड़क पर फैल रहता है। रास्ते की बदहाली को देखते हुए प्रधान जैबुननिशा के पति अब्दुल सत्तार अंसारी ने 171 ग्रामीणों के हस्ताक्षर सहित प्रार्थना पत्र बीडीओ मझगवां और ब्लॉक प्रमुख मझगवां और पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप और वर्तमान सांसद नीरज मौर्य, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह एवं जन सुविधा केंद्र से ऑनलाइन पीडब्ल्यूडी को भेजा। किंतु अभी तक किसी ने समस्या के समाधान के कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस विषय में पीडब्ल्यूडी के जेई इलियास अहमद बताते हैं कि इस रास्ते पर नया सीसी निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव विभाग को भेज दिया गया है बहुत जल्द समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

कीचड़ भरी सड़क से निकलता बच्चा।

अवकाशकालीन स्कूल की शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च परिसर में अवकाशकालीन स्कूल की शुरुआत सोमवार को की गई। जिसका उद्घाटन पादरी सुनील मसीह ने किया।

जिसमें 275 छात्रों और 27 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। शाहजहांपुर, नोएडा, हल्द्वानी, बनारस, देहरादून, बदायूं आदि स्थानों के बच्चे यहां पहुंचे। बच्चों ने बाइबिल से जुड़ी धार्मिक गतिविधियां सीखीं। इस दौरान सुनीता जोसफ, डॉ. सलिल बलदेव, बिशप सीजे दयानंद आदि उपस्थित रहे।

मृतक सैनिक की पत्नी ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

देवरनियां, अमृत विचार : सैनिक पति की मौत के बाद से उसके परिजनों ने उसकी पत्नी और बच्चों को संपत्ति और मकान पर कब्जा नहीं दिया, जिससे वह इधर-उधर भटकने को मजबूर है, जबकि संपत्ति उसके नाम दर्ज हो चुकी है।

महिला का आरोप है पुलिस एक स्थानीय नेता के दबाव में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़िता ने अपनी समस्या का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने की मांग की है। गौंटिया रामनगर निवासी पीड़िता सर्वेश देवी ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर बताया है उसके पति देवेन्द्र कुमार सेना में थे, जिनकी मौत हो चुकी है। उसका आरोप है कि उसके ससुराल वाले पति की मौत के बाद न तो घर में घुसने दे रहे हैं, और न ही जमीन पर कब्जा दे रहे है, जिससे उसे और उसके बच्चों को जीवन यापन समस्या हो रही है। पीड़िता का कहना है पति की मौत के बाद उनकी संपत्ति विरासत में उसके नाम दर्ज हो गई है, इसके बाद भी उसे कब्जा नहीं मिल पा रहा है।

मझौआ-गंगापुर सड़क हुई बदहाल

भोजीपुरा, अमृत विचार: गांव मझौआ गंगापुर को नैनीताल हाईवे से जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह बदहाल हो गई है। सड़क पर यात्रियों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी न जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार हैं और न ही लोक निर्माण विभाग।

पूरी सड़क ऊबड़-खाबड़ हो गई है। जगह जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। करीब ढाई किलोमीटर सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। यात्री वाहनों में हिचकोले खाते हुए चलते हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को लिखित और मौखिक रूप से रोड निर्माण कराने की मांग छह माह पहले की थी। न तो जनप्रतिनिधियों ने सुनी और न ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने। अधिकारियों के आश्वासन अभी तक पूरे नहीं हुए। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर रोड का निर्माण कराए जाने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र पाल गंगवार, आशीष गंगवार, मोहित गंगवार नरेश गंगवार पूर्व प्रधान राम निवास गंगवार दुष्यंत गंगवार, उमाशंकर श्रीवास्तव आदि ने चेतावनी दी है कि शीघ्र रोड निर्माण नहीं कराया गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

उबड़- खाबड़ पड़ी सड़क।

- ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र, सड़क बनवाने की मांग

रोटरी डिस्ट्रिक्ट को नदियों और वन की चिंता नए स्वरूप में करने पर दिया जोर

बरेली, अमृत विचार: रोटरी की त्रिदिवसीय डिस्ट्रिक्ट असेंबली अभ्युदय का आयोजन दिल्ली के एक होटल में हुआ। रोटरी के आगामी गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी के नेतृत्व में हुए समारोह में नामचीन हस्तियों ने भागीदारी की। इसका शुभारंभ रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर इलेक्ट फ्लाइट लेफ्टिनेंट केपी नागेश ने किया।

समारोह के दूसरे दिन का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने किया। पद्मभूषण, पद्म श्री पर्यावरणविद अनिल प्रकाश जोशी ने जल जीवन, खेत खलिहान, पहाड़ नदी और वर्तमान को ध्यान में रखकर बहुत बातें रोटेरियन को समझाईं। नदियों, पहाड़, वन की चिंता नए स्वरूप में करने का आह्वान किया। तीसरे दिन का शुभारंभ राहुल जौहरी और रजत शर्मा ने किया। असेंबली अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा के प्रयासों की भी सराहना की गई। रोटरी की डिस्ट्रिक्ट असेंबली में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव टंडन, रवि प्रकाश अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, किशोर कटरू, पवन अग्रवाल, शरद चंद्र, शरद जैन, राजीव शर्मा, संदीप नारंग आदि ने विचार रखे। मोहन गुप्ता, शालिनी विद्यार्थी, अंकित अग्रवाल, दिलीप श्रीवास्तव, डीप सिंह, अरविंद गुप्ता, प्रेम शंकर श्रीवास्तव, इशिता विद्यार्थी, रिचा टंडन इत्यादि मौजूद रहे। संचालन आलोक प्रकाश और सविता मेहरोत्रा ने किया।

रोटरी की दिल्ली में आयोजित त्रिदिवसीय डिस्ट्रिक्ट असेंबली में उपस्थित पदाधिकारी।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, पांच लोग घायल

भमोरा, अमृत विचार: गांव में पड़ रहे चकमार्ग को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, मारपीट में पांच लोग घायल हो गए।

गांव रामपुर कांकर में राजस्व टीम दो खेतों के बीच चकमार्ग डलवा रही थी, जिसको लेकर पूर्व प्रधान और पूर्व कोटेदार पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। पूर्व प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों को थाने ले आई। थाना परिषर में ही दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, कुछ लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता कर दिया। इसके बाद गांव पहुंचे दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी -डंडे और पत्थर चले। मारपीट में एक पक्ष के सुमित शर्मा के ऊपर कार चढ़ा देने से दोनों पैर टूट गए, वही दूसरे पक्ष के यज्ञ दत्त उपाध्याय, रामश्री देवी, अनुपम मिश्रा, मोनिका मिश्रा घायल हो गए।

कार्यालय ग्राम पंचायत भावानीपुर नगला विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

दिनांक : 02.06.2025

नीलामी सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है की गौशाला भावनानीपुर नगला विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 05-06-2025 को दोपहर 02 बजे पंचायत घर पर की जाएगी।

सचिव — प्रधान

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर बरेली

वाद सं. T201812130101086 सन् 2018

धारा-38 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम महगवां उर्फ ऊँचा गांव तह. व जिला बरेली मोती राम बनाम मिढई लाल

1. चन्द्र प्रकाश पुत्र श्याम मूर्ति लाल निवासी ग्राम महगवां उर्फ ऊँचा गांव तह. व जिला बरेली

चूंकि मुसम्मी मोती राम पुत्र तोता राम ने आपके नाम एक नालिश वास्ते अन्तर्गत धारा-38 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 का वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि आप व तारीख 04.06.2025 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज व तारीख 2.6.25 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर बरेली

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर-खीरी

ई-निविदा सूचना

मिल समिति में वर्ष 2025-26 में Supply Erection and commissioning of 01 No. New 3200 Sq. Meter Heating Surface Robert Type Evaporator Body & 01 No. New Dynamic Juice Heater Heaving Heating Surface 406 Sq. Meter से सम्बन्धित ई-बिड निविदा दिनांक 03.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.06.2025 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

ग्राम पंचायत गरगईया विकास खंड नवाबगंज, बरेली

निविदा सूचना

मनरेगा योजना के कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, ईट, रोड़ी, बजरी आदि की आपूर्ति कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्तें एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के जी.एस.टी फर्म का रजिस्ट्रेशन पैन कार्ड की प्रमाणित कापी संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा दिनांक 02.06.2025 से 03.06.2025 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 03.06.2025 को दोपहर 3:00 बजे खोला जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	महमूद के घर से ताजुद्दीन की जगह तक सीसी निर्माण कार्य	393850/-

जावेद आलम-प्रधान — भगवत सरन गंगवार-सचिव

तलाश गुमशुदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सगा भाई बाबूराम उर्फ बब्बू उम्र 30 वर्ष पुत्र श्री कल्लू उर्फ कालीचरन निवासी ग्राम जरेली परगना व तहसील नवाबगंज जिला बरेली दिनांक 01.12.2017 को सुबह घर से कस्बा नवाबगंज जिला बरेली में मजदूरी करने गया था। जो अभी तक लौटकर नहीं आया है। बाबूराम को ओमप्रकाश, ताराचन्द्र, नरेश कुमार, रवि प्रकाश, राजेश कुमार, रामू तथा श्यामाचरन द्वारा तलाश किय गया लेकिन बाबूराम नहीं मिला और ना लौटकर वापस आया है। **रोहन लाल पुत्र श्री कालीचरन उर्फ कल्लू निवासी ग्राम जरेली परगना व तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

कार्यालय ग्राम पंचायत हरनाई विकास खण्ड खुटार जिला शाहजहाँपुर

निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरनाई में वर्ष 2025-26 की अंत्येष्टि योजनाअनुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 10.06.2025 समय दिन के 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	अंत्ये

बिजली विभाग के पांच अवर अभियंताओं को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर पांच अलग-अलग क्षेत्र के अवर अभियंताओं को निलंबित किया। चार को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व की प्राप्ति में कमी, बल्कि एक को ट्रांसफार्मर की देखरेख नहीं करने के मामले में निलंबित किया गया है।

अधीक्षण अभियंता अभियंता महफूज आलम ने बताया कि नवाब गेट बिजली घर में तैनात मोहम्मद इकरार, मिलक क्षेत्र के बिजली घर पीपला शिवनगर में तैनात राम भवन चौहान, बिलासपुर बिजली घर के गोदी में तैनात विनीत कुमार, मसवासी बिजली घर से सत्येंद्र पाल को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व की प्राप्ति नहीं होने के मामले में निलंबित किया। जबकि खौद बिजली घर में तैनात जयदीप मौर्य को ट्रांसफार्मर की देखरेख नहीं करने के मामले में विभागीय कार्रवाई की गई है। उधर एक्सईएन प्रथम पीके शर्मा ने बताया कि नवाब गेट बिजली घर में तैनात जेई मोहम्मद इकरार के सस्पेंड को लेकर अभी तक आदेश नहीं आया हैं। हां अगर ऐसा हैं तो फिर हटाया जाएगा। ऐसे मे शहर के अधिकतर बिजली घरों पर जेई के पद रिक्त हैं। एक एक के पास दो बिजलीघरों के चार्ज हैं।

शहर में बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल है। ऐसे में उपभोक्ताओं को न तो दिन में चैन, रात में सुकून नहीं मिल रहा है। ऐसे में शहर के अधिकतर मोहल्लों की आपूर्ति घंटो घंटो ठप रही है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा : सरयू से कलश में जल लेकर सैकड़ों महिलाएं पहुंची राम मंदिर

प्रायश्चित कर्म पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार और अन्य देव विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम सोमवार से शुरू हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रायश्चित कर्म पूजन से हुआ। इसके पूर्व सरयू तट पर कलश और सरयू पूजन किया गया। इसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र यजमान रहे।

कर्मकांड काशी के आचार्य जयप्रकाश सहित अन्य वैदिक आचार्य ने पूर्ण कराया। पूजन में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी महाराज, परमानंद महाराज और वासुदेवानंद सरस्वती महाराज विशेष रूप से शामिल रहे। इसके बाद 400 मात्र शक्तियों ने सरयू तट से कलश यात्रा निकाली। जिसमें बीच-बीच में धार्मिक जय घोष हो रहे थे। महिलाएं पारंपरिक धार्मिक गीत गाकर संपूर्ण वातावरण को अपने आराध्य श्रीराम को समर्पित कर रही थीं।

सरयू जल लेकर राम मंदिर लौट रहीं कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

- काशी के आचार्य जयप्रकाश सहित अन्य वैदिक आचार्य ने पूर्ण कराया कर्मकांड

कलश यात्रा सरयू तट से लता चौराहा और फिर रामपथ से होते हुए, श्रृंगार हॉट, दशरथ महल के बाद रंग महल बैरियर से होते हुए राम मंदिर स्थित यज्ञ मंडप पर पहुंची। जहां सरयू जल से अन्य कर्मकांड जो की प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित है, संपन्न कराए गए।

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि तीन जून को सुबह 6:30 बजे से मंदिर परिसर में स्थापित आठ देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इनमें भगवान शिव, श्रीगणेश, श्रीहनुमान, सूर्य देव, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा और शेषावतार के मंदिर शामिल हैं। इसके बाद पांच जून को दोपहर एक बजे तक राम दरबार की प्रतिष्ठा पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद भगवान की महाआरती और भोग का आयोजन होगा।

समारोह में मौजूद रहेंगे मुख्यमंत्री

चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। ऐसे में यह दिन अयोध्या और उत्तर प्रदेश दोनों के लिए बेहद शुभ और ऐतिहासिक होने वाला है।

राम दरबार सहित 14 विग्रह के स्थापना का पल

राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने कहा कि राम दरबार सहित 14 विग्रह के स्थापना का सुंदर और पवित्र पल आ गया है। यह शुभ कार्य वैदिक विधि विधान से संपन्न होगा।

तीन से पांच जून तक किसी को आमंत्रण नहीं : चंपत राय

राम मंदिर के दूसरे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आने वाले श्रद्धालुओं से भीषण गर्मी को देखते हुए भावनात्मक अपील की है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। वही लोग अयोध्या आए जिन्हें रामलला का दर्शन करना हो। कहा कि राम दरबार व परकोटे में बनाए गए मंदिरों का दर्शन श्रद्धालु अभी कुछ महीने नहीं कर पाएंगे।

सड़क दुर्घटनाओं की ऑडिट कर तय होगी जिम्मेदारी

सीएम ने दिए निर्देश, बढ़ती दुर्घटनाओं पर जताई चिंता, सभी जिलों में सिविल डिफेंस इकाई गठित करने को कहा

वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए यातायात नियमों की अनदेखी को हादसों का मुख्य कारण बताया। कहा कि रोड इंजीनियरिंग में सुधार, साइनेज, स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अवैध बस/ऑटो स्टैंड तत्काल हटाए जाएं। उहोंने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं की ऑडिट कराकर जिम्मेदारी तय की जाए।

अपने आवास पर शीर्ष अधिकारियों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल, जोन व जिले के प्रशासनिक व

पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों में सिविल डिफेंस इकाई के गठन के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई प्रणाली की समीक्षा करते हुए अच्छा प्रदर्शन करने वालों की सराहना की। उन्होंने अपेक्षानुसार प्रदर्शन न करने वाले अधिकारियों को सुधार के लिए सख्त निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था और जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है। आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का समाधान संतोषजनक और समयबद्ध हो। मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, संतुष्टिपरक समाधान अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल निस्तारण नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही अंतिम मानक है। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत प्रकरणों में निस्तारण से पूर्व आवेदक से संवाद किया जाए। जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक हो, उनमें स्थल निरीक्षण अवश्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यदिवस में अपने कार्यालय में जनसुनवाई करें अपने सभी विभागों व कार्यालयों में पब्लिक ग्रीवांस ऑफिसर तैनात किया जाए।

गंगा दशहरा पर हो घाटों की सफाई व सजावट

योगी ने निर्देश दिए कि गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई व साज-सज्जा कराई जाए। 4 जून को स्वच्छता कार्यक्रम और 5 जून को सायं आरती व अन्य आयोजन सुनिश्चित किए जाएं। घाटों पर स्नान के लिए चिन्हित स्थल निर्धारित किए जाएं। सतर्कता के दृष्टिगत गोताखोरों, पीएसी फ्लड यूनिट, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती रहे।

बर्ड फ्लू पर अलर्ट रहने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में बर्ड फ्लू के केस सामने आने का उल्लेख करते हुए इस पर विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मृत पशुओं को नदियों में प्रवाहित न करने के लिए आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए।

एक पेड़ माँ के नाम थीम पर होगा पौधारोपण अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' थीम पर पौधारोपण कराया जाए। इसमें सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल अनुरूप मास्टर ट्रेनर तैयार कर जिलों में भेजे जाएं। योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी जी की सहभागिता होगी, इसका सीधा प्रसारण सभी स्थलों पर किया जाए।

सहायक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में हाल में सहायक शिक्षक बनाए गए लोगों को ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमानुसार शिक्षकों को नियुक्ति के दो साल के भीतर यह कोर्स पूरा करना होगा।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से जुलाई-अगस्त 2025 से ऑनलाइन यह कोर्स कराने की तैयारी है। एनसीटीई के नियमों के अनुसार बीएड डिग्रीधारकों को प्राथमिक शिक्षक बनने के बाद दो वर्षों के भीतर ब्रिज कोर्स पूरा करना जरूरी है, लेकिन बड़ी संख्या में नियुक्त शिक्षक यह कोर्स नहीं कर पाए, जिससे उनकी नियुक्ति पर सवाल उठने लगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनसीटीई ने एनआईओएस को यह जिम्मेदारी सौंपी है। एनआईओएस ने अपने पोस्ट में बताया है कि जुलाई और अगस्त 2025 से ब्रिज कोर्स के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी।

महिला कारोबारी को झांसा देने वाला भूटान बॉर्डर से दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

- महिला कारोबारी से ऑनलाइन 34 लाख का किया था प्याज का सौदा

अमृत विचार: प्याज का कारोबार करने वाली एक महिला को पश्चिम बंगाल में प्याज का बड़े स्तर पर कारोबार करने का झांसा देने वाले एक साइबर ठग को पुलिस ने भूटान बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है। महिला प्याज कारोबारी को झांसे में लेकर साइबर ठग ने 34 लाख रुपये का ऑनलाइन सौदा किया, लेकिन प्याज नहीं भेजा। वहीं पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सोमवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 26 अप्रैल 2024 को प्याज कारोबारी महिला माधवी पचौरी ने ट्रांजिट कैंप थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। प्याज कारोबारी ने बताया कि उनकी फर्म स्पेयर पार्ट्स और प्याज खरीद और बेचने का काम करती है। राम कृष्णा रोड इटालगाछा, उत्तरी परगना पश्चिम बंगाल निवासी अभिजीत घोष से साल 2024 में उसकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान अभिजीत घोष ने उसे बताया कि उसकी फर्म का ईके गुहा रोड दमदम कोलकाता पश्चिम बंगाल में जीएसटी पंजीकृत है और वह प्याज का विक्रय बड़े स्तर पर करता है। इस पर माधवी पचौरी ने 34 लाख रुपये का ऑनलाइन प्याज का सौदा किया। अलग-अलग तिथि में करीब 34 लाख रुपये दे दिए। बावजूद प्याज नहीं मिला। प्याज कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र को सौंपी गई थी। इस दौरान पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी को कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली।

एसएसपी ने बताया कि बीते दिनों अभिजीत घोष के संबंध में इनपुट मिले थे। वह पश्चिम बंगाल के पास भूटान बार्डर पर था।

मुरादाबाद के मॉब लिंचिंग मामले में अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मुरादाबाद में भीड़ द्वारा एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने (मॉब लिंचिंग) के मामले से जुड़ी एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में मामले की विशेष जांच टीम से जांच कराने और 50 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता मोहम्मद आलम ने याचिका में आरोप लगाया है कि ठेला लगाकर आजीविका कमाने वाले उसके भाई शाहिदीन कुरैशी की पिछले वर्ष दिसंबर में एक समूह ने गोहत्या में संलिप्तता के संदेह में पीट पीटकर हत्या कर दी थी।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने 26 मई के आदेश में केंद्र और राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस को बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग) के तहत प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय धारा 103 (हत्या) के तहत प्राथमिकी

दर्ज की गई और दबाव डालकर शिकायतकर्ता से तहरीर पर हस्ताक्षर कराए गए।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष नहीं है और वास्तविक अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है और निष्पक्ष तरीके से इस मामले की जांच नहीं कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 29 दिसंबर की रात करीब तीन बजे भीड़ ने कथित तौर पर गोकशी करते हुए शाहिदीन और कुछ अन्य लोगों को पकड़ा। अन्य लोग भाग गए, लेकिन शाहिदीन पीछे छूट गया और उसे भीड़ ने करीब एक घंटे तक निर्ममता से पीटा, जिसकी वजह से अगले दिन उसकी मौत हो गई। बाद में मुरादाबाद पुलिस ने शाहिदीन और उसके कथित साथियों पर गो हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

डंपर से कुचलकर सिपाही समेत दो लोगों की मौत

पीलीभीत, अमृत विचार: टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा के पास बाइक सवार सिपाही समेत दो लोगों की डंपर से कुचलकर जान चली गई। हादसा सीसीटीवी में कैद हुआ है।

मूल रूप से जनपद बिजनौर के थाना सियोर क्षेत्र के गांव मिथेपुर के रहने वाले शिवम बालियान (30) पुलिस विभाग में सिपाही पद पर नौकरी करते थे। उनकी वर्तमान में तैनाती सुनगढ़ी थाने में चल रही थी। ड्यूटी खत्म करने के बाद रविवार रात वह घर पुलिस लाइन स्थित आवास पर जा रहे थे। उनके साथ शहर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां का रहने वाला उनका मित्र बॉबी चौधरी (25) था। उसकी भी मौत हो गई।

जुर्माने के खिलाफ पतंजलि की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेसर्स पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के तीन संयंत्रों के खिलाफ केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 122 के तहत कार्यवाही जारी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान जीएसटी व्यवस्था के तहत, जो व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम की धारा 73/74 के तहत कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं, वे धारा 122(1) की उप-धाराओं और उप-धारा 122(2) और 122(3) के तहत दंड के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर भी शराफ और न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र दीक्षित की खंडपीठ ने पतंजलि की

ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने सीजीएसटी अधिनियम की धारा 74 और 122 के तहत होने वाली कार्यवाही को स्पष्ट करते हुए बताया कि सीजीएसटी अधिनियम की धारा 74 के तहत जुर्माना कर का भुगतान न करने, कर का कम भुगतान करने या गलत तरीके से भुगतान करने या जहां आईटीसी का गलत तरीके से लाभ उठाने पर कार्यवाही का प्रावधान है, जबकि धारा 122 के तहत विभिन्न कार्यों/चूक के लिए दंड और कार्रवाई की परिकल्पना की गई है, जो उल्लंघन के बराबर है।

कोर्ट के प्रश्न थे कि क्या उचित अधिकारी/न्यायिक अधिकारी के पास सीजीएसटी अधिनियम की धारा 122 के तहत दिए गए दंड प्रावधान पर निर्णय लेने की शक्ति है और यदि सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत कार्यवाही समाप्त कर दी जाती है, तो क्या इससे सीजीएसटी अधिनियम की धारा 122 के तहत कार्यवाही स्वतः समाप्त हो जाएगी।

उपरोक्त प्रश्न पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि धारा 122 के प्रावधानों के अनुसार किसी भी कर योग्य व्यक्ति पर अधिनियम की धारा 73/74 के तहत कार्यवाही शुरू किए बिना भी धारा 122 के तहत कार्यवाही की जा सकती है।सीजीएसटी अधिनियम की धारा 73/74 के तहत कार्यवाही मुख्य व्यक्ति के खिलाफ समाप्त हो सकती है।

मुख्य व्यक्ति द्वारा फर्जी चालान जारी करने के लिए सीजीएसटी अधिनियम की धारा 122 के तहत दंड की कार्यवाही धारा 74 के तहत कार्यवाही से स्वतंत्र हो सकती है, लेकिन समाप्त नहीं हो सकती है यानी धारा 122 के तहत कार्यवाही धारा 74 के स्पष्टीकरण 1(ii) के अनुसार समाप्त नहीं होगी। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पतंजलि के खिलाफ सीजीएसटी अधिनियम की धारा 74 के तहत कार्यवाही समाप्त होने के बावजूद धारा 122 के तहत कार्यवाही बनाए रखने योग्य है।

बिकरु कांड के आरोपी जयकांत की जमानत याचिका मंजूर

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित बिकरु कांड के आरोपी जयकांत वाजपेयी की दूसरी जमानत याचिका सशर्त स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 के व्यापक अधिदेश और मनीष सिसोदिया बनाम प्रवर्तन निदेशालय मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए वर्तमान जमानत याचिका स्वीकार कर ली।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकलपीठ ने जयकांत वाजपेयी उर्फ जय की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने जेल में क्षमता से 5-6 गुना अधिक विचाराधीन कैदियों की भीड़ पर विचार करने के उपरांत मामले को जमानत के योग्य पाया।

श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामले में सरकार से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वृंदावन की कुंज गलियों और श्रद्धेय ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर के आसपास के मंदिरों के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति मदनपाल सिंह की खंडपीठ ने पंकज सारस्वत द्वारा वर्ष 2023 में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि वर्तमान मामले से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दाखिल विविध आवेदन में उत्तर प्रदेश सरकार को कॉरिडोर पुनर्विकास के लिए मंदिर निधि का उपयोग करने की अनुमति देने वाले 15 मई के फैसले को वापस लेने की मांग की गई है, जो अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई के लिए निर्धारित की गई है।

मेरठ में किसान के घर से निकले सैकड़ों सांप

मेरठ, एजेंसी : जनपद के दौराला क्षेत्र स्थित समौली गांव में एक किसान के घर के आंगन से अचानक सैंकड़ों सांप निकलने लगे। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और डर के मारे किसान ने परिजनों और गांव वालों के साथ मिलकर 50 से अधिक सांपों को मारकर गड्ढे में दबा दिया।

वन विभाग के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राजेश कुमार ने सोमवार को घटना की पुष्टि की है।

पेंशन के लिए बेटे ने मां की लाठी से पीटकर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार: जहानगंज थाना क्षेत्र में पेंशन को लेकर हुए विवाद में बेटे ने मां की लाठी से पीटकर हत्या कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम वर्नाखुर्द निवासी ब्रजराज सिंह पुलिस विभाग में सिपाही पद से रिटायर हुए थे। उनका निधन हो चुका है। ब्रजराज की पत्नी 55 वर्षीय राजवती अपने तीन बेटों व बहुओं के साथ रह रही थीं। बीती होली पर उनके कायमगंज के रुटौल निवासी दामाद की मौत हो गई थी जिसकी वजह से राजवती अपनी बेबा बेटी रानी के पास होली से ही रह रहीं थीं।

उनके बेटों में राजवीर, विवेक व शैलेश हैं। दूसरे नम्बर का पुत्र विवेक अपनी बहन के घर जाकर भी मां से पेंशन और जमीन लेने के लिए गाली-गलौज करता था। बीते दो दिन पूर्व ही राजवती अपने घर आयी थीं। रविवार को विवेक ने पेंशन को लेकर अपनी मां से फिर झगड़ा किया। बात बढ़ने पर उसने अपनी मां राजवती पर लाठी से हमला कर दिया। उसने मां के सिर पर लाठी से कई वार किए जिससे वह मरणासन्न हो गईं। परिजन घायल राजवती को लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे जहां देर शाम उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद आरोपित पुत्र विवेक फरार है। उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने कई जगह दबिश दी है। मामले की जांच की जा रही है।

उत्तराखंड में बदला मौसम, यलो अलर्ट

- रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से पुल क्षतिग्रस्त, नैनीताल में पेड़ गिरा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मानसून की आमद से पहले ही उत्तराखंड का मौसम फिर बिगड़ गया है। उच्च पर्वतीय स्थानों पर बर्फबारी के अलावा निचले इलाकों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने 6 जून तक इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान जताते हुए तीन दिन का यलो अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को गढ़वाल मंडल के कई जिलों में आंधी और बारिश का जोर रहा। देहरादून और टिहरी में भी मौसम में तब्दीली रही। रुद्रप्रयाग में

नैनीताल में माल रोड पर गिरे पेड़ को काटकर अलग करते फायर कर्मी।

भूस्खलन से ताला-बंरगाली मोटर मार्ग स्थित स्पान स्टील गार्डर सेतु का बायां एबटमेंट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ के अधिशासी अभियंता राम प्रकाश नैथानी ने बताया कि यह पुल भारी वाहनों के लिए असुरक्षित हो गया है इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत एक बार में एक हल्के वाहन का ही संचालन किया जाएगा। साथ ही, अन्य आवश्यक परीक्षण भी किए जा रहे हैं। उधर, नैनीताल में दोपहर के समय आंधी-बारिश से स्थानीय लोगों के साथ ही सैलानियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

प्री मानसून की करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश से नगर के नाले उफान पर आ गए। आंधी से माल रोड पर बांज का पेड़ धराशायी हो गया, जिसके कारण करीब आधा घंटा तक जाम की स्थिति रही। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अभी तीन दिन राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना के चलते यलो अलर्ट रहेगा। छह जून के बाद से मौसम सामान्य होना शुरू हो जाएगा। तापमान सामान्य से ऊपर जाएगा।

पूर्वोत्तर के राज्यों को उत्तराखंड देगा मदद

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने असम, त्रिपुरा एवं अरुणाचल प्रदेश में हाल में आई बाढ़ की स्थिति को लेकर संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से सोमवार को दूरभाष पर वार्ता की।

मुख्यमंत्री ने असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से बात कर उनके राज्यों में हो रही भारी वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। कहा कि उत्तराखंड की जनता पूर्वोत्तर राज्यों के साथ खड़ी है। उत्तराखंड सरकार आवश्यकता पड़ने पर संबंधित राज्यों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

शहीद सैनिकों के आश्रितों को अब 50 लाख की अनुग्रह राशि

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- शासनादेश जारी, 26 जुलाई 2024 से होगा अनुमन्य, मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य में अब शहीद सैनिकों के आश्रितों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि अनुमन्य होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस पर प्रदेश में शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने की घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन से संबंधित शासनादेश सोमवार को जारी कर दिया गया। सैनिक कल्याण अनुभाग के स्तर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में यह धनराशि शहीद आश्रितों को 26 जुलाई, 2024 से अनुमन्य की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीर भूमि भी है। हमारे वीर जवानों ने देश की सीमाओं की सुरक्षा में अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों के हित में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। वन रैंक-वन पेंशन, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है।

युवती से गन प्वाइंट पर लूटपाट, मुंह बांध बनाया बंधक

पीलीभीत, अमृत विचार: बेखौफ बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात बदमाशों ने एक घर में घुसकर युवती को गन प्वाइंट पर ले लिया और नकदी जेवरात लूटकर ले गए।

विरोध करने पर युवती से मारपीट की गई और उसका मुंह कपड़े से बांध दिया, ताकि वह शोर न मचा सके। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। फिलहाल चोरी की तहरीर प्राप्त कर पुलिस छानबीन कर रही है। घटना रविवार देर रात कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के कस्बा शेरपुरकलां की है।

एक नजर

लखनऊ समेत 16 जिलों में पैक्स बनाएगा 24 गोदाम

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए एक बड़ी योजना को अमल में लाने जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी समेत 16 जिलों में 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के माध्यम से 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाए जाएंगे। इससे किसानों को उनके कृषि उत्पादों के भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्हें फसल बेचने में जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और उचित दाम मिल सकेगा। यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत संचालित की जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में इन गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इन गोदामों से किसानों को उनकी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा भी मिलेगी।

बैंकाक में दिखेगी यूपी की बौद्ध विरासत

अमृत विचार, लखनऊ : थाईलैंड के बैंकाक में शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले में प्रदेश स्थित बौद्ध विरासतों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रशांत एशिया ट्रेवल एसोसिएशन (पीएटीए) द्वारा आगामी 26 से 28 अगस्त तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेले में उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक, भौगोलिक, अध्यात्मिक तथा ऐतिहासिक हेरीटेज को प्रदर्शित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि थाइलैंड में बहुसंख्यक आबादी बौद्ध धर्म को मानने वाली है। गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल यहां स्थित है। इन स्थलों में सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती सहित अन्य आध्यात्मिक, धार्मिक, विरासत, ईको पर्यटन आदि का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

गर्मी को लेकर अस्पताल अलर्ट मोड पर रहें : पाठक

- उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने जारी किया पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों में दवाएं, मरीजों की भर्ती व इमरजेंसी सेवाओं को और पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। आगामी त्यौहार व भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी चिकित्सा संस्थानों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को अपरिहार्य कारणों के अलावा अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री के सोमवार को जारी निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं की व्यवस्था और बेहतर रहे। डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं। ताकि मरीजों को इलाज हासिल करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि 102, 108 व एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवाएं भी क्रियाशील रखी जाएं। मरीजों को नजदीक के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया जाए।

बैठकों में भाग न लेना भी बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाने जैसा

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने दी कठोर कार्रवाई की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि समीक्षा बैठकों व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग न लेना भी बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाने जैसा कार्य है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली कर्मी ऐसा कोई कार्य न करें, जो बिजली व्यवधान की श्रेणी में आता है। अन्यथा विवश होकर प्रबंधन को कठोर कार्रवाई करनी पड़ेगी। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में सामग्री प्रबंधन व ट्रांसफार्मर वर्कशॉप की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

समीक्षा बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल।

उन्होंने कहा कि कॉरपोरेशन या वितरण निगम स्तर पर जो भी समीक्षा बैठकें की जा रही हैं, वे सब बिजली व्यवस्था व आपूर्ति को लेकर ही होती हैं। उन्होंने कहा कि सेवा शर्तों आदि के लिए प्रबंधन हमेशा वार्ता के लिए तैयार है। कोई भी संगठन बातचीत कर सकता है, पर सरकार की नीति तय करना संगठनों के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में कार्य बहिष्कार या हड़ताल जैसे कार्य करना उचित नहीं है। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए ट्रॉली ट्रांसफार्मर सही रखें, इसके लिए अधिकारी नियमित तौर पर सजगता बरतें। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर इन्हें लगाकर तत्काल आपूर्ति बहाल की जाए, पर लंबे समय तक इन्हें लगाकर न रखें। अधिकतम 48 घंटे में ट्राली ट्रांसफार्मर वहां से अन्यत्र भेज दिए जाएं।

ऊर्जा मंत्री बताएं सब्सिडी मिलेगी या नहीं

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा निगमों के निजीकरण के बाद सब्सिडी देगी या नहीं। इस बीच, निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। प्रयागराज में बुद्धि-शुद्धि यज्ञ किया गया। समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के प्रकरण में कॉरपोरेशन में पैनल पर कार्य कर रहे अधिवक्ताओं से राय ली और 'क्लीन चिट' दे दी गई। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते वर्ष किसानों, बीपीएल उपभोक्ताओं, बुनकरों आदि की सब्सिडी की धनराशि 22,000 करोड़ रुपये से ऊपर की है। यह धनराशि सरकार ने सब्सिडी के रूप में दी है। घाटे के नाम पर निजीकरण करने की दलील देते समय इस धनराशि को जोड़कर घाटा बताया जा रहा है।

नहीं ली गई न्याय विभाग से राय : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सलाहकार कंपनी को बचाने के लिए कॉरपोरेशन प्रबंधन ने निगम व शासन के न्याय विभाग से राय नहीं ली, बल्कि कॉरपोरेशन के पैनल के अधिवक्ताओं से राय ली गई है। इससे सिद्ध हो रहा है कि कॉरपोरेशन सलाहकार कंपनी को बचाने में लगा है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सक्षम अंत्योदय कार्ड धारकों पर नजर

मुख्य सचिव ने की जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा, सीडीओ व बीडीओ को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार की नजर उन अंत्योदय कार्ड धारकों पर भी है, जिनकी आर्थिक स्थिति समय के साथ मजबूत हुई है। दरअसल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रदेशभर के सीडीओ और बीडीओ को सुझाव दिया है कि समय के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन हो सकता है, ऐसे में अंत्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन कराया जाये और मृतक व अपात्र व्यक्तियों को बहिष्कृत किया जाए। साथ ही जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को शीर्ष प्राथमिकता पर अंत्योदय कार्ड का लाभ दिया जाए।

लोकभवन में बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

मुख्य सचिव ने सोमवार को लोकभवन में जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा कर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी सीडीओ एवं बीडीओ को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए लाभार्थियों का जीरो पावर्टी पोर्टल पर सत्यापन प्राथमिकता पर करवाने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्य सचिव के मुताबिक, जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के कार्यों में प्रगति लायी जाये।

जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों का सृजन

अमृत विचार : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा की 12वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासी निकाय द्वारा संकायाध्यक्ष की नियुक्ति को अग्रिम 3 वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसी क्रम में पैथोलॉजी विभाग में पीजी जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों के सृजन के प्रस्ताव तथा पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के नाम को बदलकर डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रदेश के तीन वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। नए डीजीपी की तैनाती होने के बाद सरकार ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, पीसी मीणा को पुलिस महानिदेशक/सीएमडी पुलिस आवास निगम के साथ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। वहीं, आशुतोष पांडेय को पदोन्नत होने के बाद पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम और नीरा रावत को पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराधा शाखा (ईओडब्ल्यू) के साथ यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

शेष 26 जिलों में भी शुरू होंगे बचपन डे केयर सेंटर

- दिव्यांगजनों की बढ़ेंगी सुविधाएं योजनाओं का होगा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम नयी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। इसी कड़ी में सरकार बचपन-डे-केयर सेंटर्स का विस्तार करने जा रही है। प्रदेश में अभी तक 25 जिलों में बचपन-डे-केयर सेंटर्स संचालित हैं, जिसमें सभी मंडल मुख्यालय व 7 महत्वाकांक्षी जिले शामिल हैं। योगी सरकार इसका विस्तार करते हुए इसे 26 और जिलों में संचालित करने की योजना बना रही है।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों को दिव्यांगजन हितैषी बनाए जाने के लिए एक नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके अंतर्गत सभी खेल परिसर अब दिव्यांगजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किए जाएंगे। यह पहल उन्हें न केवल खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को भी सशक्त बनाएगी।

इसके अलावा सरकार मानसिक रूप से मंदित बच्चों के पुनर्वास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके लिए सभी जिलों में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है।

ई-गवर्नेंस का शुरू होगा नया युग

यूपीस्वान के तीसरे चरण की आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू की तैयारी

- यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी किया नियुक्त
- तहसील, ब्लॉक कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : योगी सरकार प्रदेश में ई-गवर्नेंस प्रक्रिया के आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण पर फोकस कर रही है। उत्तर प्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क के तीसरे चरण में ई-गवर्नेंस का 'नया युग' शुरू होगा। इसे लागू करने की तैयारी आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू कर दी है।

इसके लिए शासन ने यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। जल्द ही प्रदेश के सभी तहसील, ब्लॉक, कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को इससे जोड़ा जाएगा। यूपीडेस्को द्वारा तैयार कार्ययोजना तैयार के अनुसार, पूरे राज्य में यूपीस्वान 2.0 से जुड़ने से वंचित रह गए कार्यालयों को जोड़ने की तैयारी है। प्रदेश में स्टेट हेडक्वॉर्टर, कमिश्नरेट ऑफिसेस व जिला मुख्यायल पहले ही जोड़े जा चुके हैं। जबकि, प्रदेश के 351 तहसील मुख्यालयों में से 235 तथा 828 ब्लॉक मुख्यालयों में से 574 को जोड़ने में सफलता मिली है। ऐसे में, तीसरे वर्जन के जरिए 116 तहसील मुख्यालयों, 254 ब्लॉक मुख्यालयों तथा 75 विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी है।

शासन में आईटी सॉल्यूशंस के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देकर विभागों में डिजिटल विभाजन को कम करना है। यह इंडस्ट्री स्टैंडर्ड को लागू करने के साथ ही उन्नत तकनीकों को प्रभावी बनाकर एक स्केलेबल, कॉन्फ़िगर करने योग्य व भविष्य की जरूरतों के अनुसार बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। यह स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क तकनीक को एकीकृत करेगा ताकि मल्टीप्रोटोकॉल स्विचिंग और इंटरनेट लीज्ड लाइन्स में डायनामिक ट्रैफिक रूटिंग सुनिश्चित की जा सकेगी।

विद्युत निगमों को बेचना चाह रही भाजपा : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है।

सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। तार गिर रहे हैं। अघोषित कटौती हो रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है।

राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ प्रथम

- न्यायालयी केस निपटाने में जौनपुर ने मारी बाजी सुल्तानपुर दूसरे व गाजीपुर तीसरे स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा मई माह की जारी रिपोर्ट में कुल राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल रहा, जबकि जौनपुर दूसरे और प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। न्यायालयों में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। सुल्तानपुर दूसरे और गाजीपुर तीसरे स्थान पर है।

प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर नजर आ रहा है। योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा करते हैं।

राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की मई माह की रिपोर्ट के अनुसार, मई में पूरे प्रदेश में कुल 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद जौनपुर कुल 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है। इसी के साथ जनपदीय न्यायायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है।

अयोध्या डीएम कोर्ट प्रदेश में सबसे आगे

मई में अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और अयोध्या प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं, जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये। मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 65 मामले निस्तारित हुए। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में क्रमशः जौनपुर दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है।

भू-राजस्व मामलों के निस्तारण में जौनपुर आगे

अपर जिलाधिकारी भू राजस्व जौनपुर ने निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 208 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व गाजीपुर कुल 61 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं तथा अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व मीरजापुर कुल 24 वादों का निस्तारण कर तीसरे स्थान पर हैं।

धर्म दर्शन

गंगा: भारतीय संस्कृति की प्रतीक

श्रीरामचरित मानस के अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनदायिनी मां गंगा का मनुहारी वर्णन करते हुए कहा है कि 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनि हरनि सब सूला।' अर्थात गंगा समस्त आनंद-मंगलों की मूल हैं। वे सब सुखों को करने वाली और सब पीड़ाओं को हरने वाली हैं। पुराणों में कहा गया है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। भारतीय शास्त्र, पुराण एवं उपनिषद इत्यादि सभी ग्रंथों में गंगा की महिमा और महत्ता का बखान किया गया है। गंगा भारतीय संस्कृति की प्रतीक एवं हजारों साल की आस्था की पूंजी है। शास्त्रों में कहा गया है कि गंगा का पानी अमृत व मोक्षदायिनी है।

पं. मनोज कुमार द्विवेदी
कानपुर

'गंगा दशहरा' हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो गंगा नदी की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्योहार हिन्दू माह ज्येष्ठ के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर गंगा की स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति की जाती है। भक्त नदी के किनारे एकत्र होते हैं, पवित्र स्नान करते हैं, रीति-रिवाज करते हैं और आशीर्वाद के लिए प्रार्थनाएं करते हैं। माना जाता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है और इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह त्योहार गंगा को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व को भी दर्शाता है, जो हिन्दू धर्म में अत्यधिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी के कमंडल से राजा भागीरथ द्वारा देवी गंगा को धरती पर अवतार दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। पृथ्वी पर अवतार से पहले गंगा नदी स्वर्ग का हिस्सा थीं। गंगा दशहरा के दिन भक्त देवी गंगा की पूजा करते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं, और दान-पुण्य, उपवास, भजन और गंगा आरती का आयोजन करते हैं। मान्यता है इस दिन मां गंगा की पूजा करने से भगवान विष्णु की अनंत कृपा प्राप्त होगी।

हिन्दू धर्म में तो गंगा को देवी मां का दर्जा दिया गया है। यह माना जाता है कि जब मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई तो वह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि थी, तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में भौतिक जीवन जी रहे मनुष्य से जाने अनजाने जो पापकर्म हो जाते हैं उनकी मुक्ति के लिए मां गंगा की साधना करनी चाहिए कहने का तात्पर्य है जिस किसी ने भी पापकर्म किये हैं और जिसे अपने किए का पश्चाताप है और इससे मुक्ति पाना चाहता है तो उसे सच्चे मन से मां गंगा की पूजा अवश्य करनी चाहिए।

गंगा दशहरा का महत्व

गंगा दशहरा को लेकर यह धार्मिक मान्यता है कि इस दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर पवित्र गंगा नदी में स्नान जरूर करना चाहिए। अगर आपके लिए ऐसा कर पाना संभव न हो तो आपको घर पर ही स्नान करते हुए पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लेना चाहिए। इस दिन मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है। गंगा दशहरे के पर्व पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि गंगा दशहरा पर दान की जाने वाली वस्तुओं की संख्या 10 होनी चाहिए। इस दिन आप 10 फल, 10 पंखे, 10 सुराही, 10 छाते या फिर 10 हिस्से अन्न का दान कर सकते हैं।

वर्ग पहेली- 450

बाएं से दाएं

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।

5. डरावना, भयानक।

6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।

7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

ऊपर से नीचे

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।

2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।

3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक्कारख़ाना।

5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



वर्ग पहेली -449 का हल

1 अं	त	र	2 अ	य	3 न
शु	■	■	म	■	वी
मा	■	4 वि	ल	स	न
ला	■	■	ता	■	ता
■	5 सु	खा	स	न	■
■	दि	■	■	■	6 ख़ा
7 ति	न	क	ना	■	लू

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 09.56 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वा फाल्गुनी 4 जून 12.58 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आज आप नव समाचारों को लेकर अति उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

वृष — आज अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आयेगा। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है।

मिथुन — आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें। आपकी सलाहों से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाये रखें। अविवाहित महिला जातकों को विवाह की चिन्ता रहेगी।

कर्क — आज दूरस्थ परिजनों के साथ गंभीर चर्चा हो सकती है। जॉब इन्टरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में आज अधिक व्यस्त हो सकते हैं।

सिंह — आज नई संपत्ति खरीदने का विचार बनायेंगे। आज आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मीटिंग्स में सम्मिलित हो सकते हैं।

कन्या — आज आपको उधार लेने से आपको बचना चाहिए। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है।

तुला — आज जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण अत्यन्त सुखमय रहेगा।

वृश्चिक — आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे। मार्केटिंग पर आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा।

धनु — आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती हैं। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जायेंगे। विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होंगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

मकर — आज आवश्यक कार्य दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। हित शत्रु आपकी भावनाओं का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। एनीमिया और विटामिन की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

कुंभ — आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा। वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मीन — आज अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर अधिक सोच-विचार न करें। कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिल सकता है। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण परिवर्तित सकता है।

सुडोकू -174

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				4				
	6							
							5	
2								
			5					
	9						1	
					9			
6								5
			7					

सुडोकू - 173 का हल

1	2	7	9	8	3	4	5	6
5	8	6	1	4	7	2	9	3
4	9	3	5	2	6	8	1	7
7	4	2	6	1	5	3	8	9
6	3	9	4	7	8	5	2	1
8	5	1	3	9	2	7	6	4
2	1	5	7	6	4	9	3	8
3	6	4	8	5	9	1	7	2
9	7	8	2	3	1	6	4	5

एक नजर

वायदा बाजार में सोने का भाव 1300 रुपये चढ़ा

नई दिल्ली। मजबूत मांग के बीच सटोरियों के ताजा सौदों से वायदा कारोबार में सोमवार को सोना 1300 रुपये तेजी के साथ 97,175 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 1300 रुपये यानी 1.36 प्रतिशत तेजी के साथ 97,175 प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 14,336 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) से लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सोमवार को यह कहा। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था। मात्रा के लिहाज से बात करें तो मई में 1,867.7 करोड़ लेनदेन किए गए, जबकि इससे पिछले महीने 1,789.3 करोड़ लेनदेन हुए थे।

छोटी कारों के बाजार को बचाए सरकार

मारुति ने सरकार से की मांग, कहा- दाम ऊंचा होने से आ रही है गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को देश में छोटी कारों की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहनों की मांग की। कंपनी का कहना है कि छोटी कारों का दाम ऊंचा होने की वजह से इस खंड में धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है।

कभी भारतीय यात्री वाहन बाजार में छोटी कारों का दबदबा था। आज कुल यात्री वाहन बाजार में इस खंड की हिस्सेदारी घटकर 30 प्रतिशत से भी कम रह गई है। पांच लाख रुपये से कम कीमत वाली प्रवेश स्तर की कारें जो वित्त वर्ष 2015-16 में लगभग 10 लाख इकाई (9,34,538 यूनिट) हुआ करती थीं, 2024-25 में यह घटकर सिर्फ 25,402 इकाई रह गई हैं।

● पिछले 10 साल में 30 प्रतिशत से भी कम रह गई बाजार में छोटी कारों की हिस्सेदारी

मारुति सुजुकी के ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसे मॉडल की बिक्री मई में घटकर 6,776 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,902 इकाई रही थी। यहां तक कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी मई, 2025 में घटकर 61,502 इकाई रह गई जो पिछले साल इसी महीने 68,206 इकाई की हुई थी।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बढ़े हुए विनियमन के साथ, छोटी कार मॉडलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है, जिसका असर उन खरीदारों पर पड़ा है जो दोपहिया वाहनों से प्रवेश स्तर की कारों तक जाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए कहीं न कहीं सरकार को यह समझना होगा कि अगर वे वाहन उद्योग को गति देना चाहते हैं, तो उन्हें यह समझने की जरूरत है कि समस्या कहां है और छोटी कारों की बिक्री का आकार कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा, कुछ प्रोत्साहनों की आवश्यकता है ताकि जो ग्राहक कार खरीदने में सक्षम नहीं है, वे आ सकें और दोपहिया वाहन से चार पहिया वाहन की ओर जा सकें।

मारुति सुजूकी और हुंदै की मई में बिक्री घटी

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया और हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मई में घट गई है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने भारत-पाकिस्तान संघर्ष और छोटी कारों की बिक्री में गिरावट के बीच उद्योग के खुदरा बिक्री अनुमानों के अनुरूप डीलरों को आपूर्ति को संतुलित किया है। हुंदै ने कहा कि पिछले महीने कंपनी ने चेन्नई स्थित विनिर्माण संयंत्र को एक सप्ताह तक नियमित अर्धवार्षिक रखरखाव के लिए बंद रखा, जिससे बिक्री में गिरावट आई। मारुति की कुल बिक्री मई में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,077 इकाई पर पहुंच गई। मई, 2024 में कंपनी ने कुल 1,74,551 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,35,962 इकाई रह गई।

सेंसेक्स 77 अंक टूटा निफ्टी में भी गिरावट

मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा।

इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ।

रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को अपनी मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत की भारी कटौती कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण चक्र को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए ऐसा किया जा सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। केंद्रीय बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह घटकर छह प्रतिशत पर आ गई है।

● एसबीआई की शोध रिपोर्ट में दावा- ऋण चक्र को बहाल करने के लिए किया जा सकता है ऐसा

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने अपनी अप्रैल की नीति में रुख को तटस्थ से बदलकर उदार करने का भी फैसला किया था। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की शोध रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें जून की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद है, क्योंकि बड़ी दर कटौती अनिश्चितता का मुकाबला करने के काम आ सकती है।' रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी दर कटौती ऋण चक्र को फिर से सक्रिय कर सकती है।

एआई,मशीन लर्निंग में भर्तियां 25% बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

मई माह में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) क्षेत्र में भर्तियों की संख्या में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'नौकरी जॉबस्पीक मई 2025' रिपोर्ट कहती है कि आईटी क्षेत्र से जुड़ी नई नौकरियां मई, 2025 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत घट गईं। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'मई के दौरान महानगरों में एआई एवं मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं पर भर्तियों में लगातार तेजी देखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही। यह प्रवृत्ति पिछले एक साल से मजबूत बनी हुई है।'

● एक रिपोर्ट ने पेश किया मई का आंकड़ा, आईटी में नौकरियां घटीं

रिपोर्ट के मुताबिक, मई, 2025 में कुल भर्ती परिदृश्य स्थिर रहने के बीच रियल एस्टेट पांच प्रतिशत और बीमा छह प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत चमकदार क्षेत्र के रूप में उभरे। इसके उलट खुदरा, दूरसंचार और बैंकिंग, वित्त एवं ब्रोकिंग क्षेत्रों में भर्तियां आठ-नौ प्रतिशत तक घट गईं।

हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में यूनिकॉर्न कंपनियों की भर्तियों में 29 प्रतिशत तक तेजी देखी गई। शहरों के लिहाज से हैदराबाद और कोच्चि में क्रमशः सात प्रतिशत और आठ प्रतिशत की भर्ती वृद्धि देखी गई, जिसमें से अधिकांश वृद्धि 16 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले पेशेवरों की थी।

भारत की जीडीपी वृद्धि घटकर 6.2 प्रतिशत रह जाएगी : नोमुरा

मुंबई। भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 में घटकर 6.2 प्रतिशत रह जाएगी, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत थी। जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने सोमवार को शोध रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि और वाहन बिक्री तथा बैंक ऋण वृद्धि जैसे अन्य उच्च आवृत्ति वृद्धि संकेतकों के बीच विचलन है। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक जीडीपी वृद्धि 2023-24 के 9.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रह गई। आरबीआई को वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत पर बनी रहने की उम्मीद है। नोमुरा ने कहा, हमारा मानना है कि जीडीपी वृद्धि 2024-25 के 6.5 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में 6.2 प्रतिशत रह जाएगी। ब्रोकरेज फर्म ने मार्च, 2026 के लिए निफ्टी के लक्ष्य को संशोधित कर 26,140 अंक कर दिया, जबकि पहले इसके 24,970 अंक पर रहने का अनुमान जताया गया था।

कॉरपोरेट दिवाला संबंधी संशोधन अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

आईबीबीआई ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है, जिसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना, लेनदारों के हितों की रक्षा करना और समाधान प्रक्रियाओं में अधिक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 26 मई को कॉरपोरेट इकाइयों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित चौथे संशोधन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस संशोधन के महत्वपूर्ण बदलावों में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की मंजूरी के साथ समाधान पेशेवरों को न केवल पूरे कॉरपोरेट देनदार के लिए बल्कि व्यक्तिगत परिसंपत्तियों या दोनों के संयोजन के लिए भी अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने की अनुमति देना शामिल है।

● आईबीबीआई ने कहा- संशोधनों का उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना और लेनदारों के हितों की रक्षा करना

आईबीबीआई ने कहा कि दोनों समूहों के लिए आवेदनों को सक्षम बनाने से समाधान प्रक्रिया समयसीमा में कमी ला सकती है, व्यवहार्य खंडों में मूल्यह्रास को रोक सकती है और व्यापक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकती है। विनियमों ने चरणों में निष्पादित समाधान योजनाओं के तहत भुगतान के लिए रूपरेखा को भी संशोधित किया है।

ऐसे मामलों में, वित्तीय लेनदार जो समाधान योजना का समर्थन नहीं करते थे, उन्हें अब कम से कम आनुपातिक आधार पर और पक्ष में मतदान करने वालों से पहले भुगतान प्राप्त होगा। बोर्ड ने कहा कि यह दृष्टिकोण चरणबद्ध कार्यान्वयन की व्यावहारिक बाधाओं के साथ असहमत लेनदारों के वैध अधिकारों को संतुलित करता है।

राष्ट्रीय

सिक्किम में भूस्खलन से तीन जवानों की मौत

छह सुरक्षाकर्मी अब भी लापता, राज्य के उत्तरी हिस्से में भी हालात गंभीर, सड़क संपर्क हुआ बहाल

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से तीन जवानों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हो गए। उत्तरी सिक्किम में भी हालात गंभीर हैं। लाचुंग और चुंगथांग कस्बों में भूस्खलन के बाद फंसे 1,678 पर्यटकों को सोमवार को निकाला गया। लेकिन 100 से अधिक पर्यटक अब भी लाचेन में फंसे हुए हैं।

एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मंगन जिले के लाचेन नगर में भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन रविवार शाम हुआ। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है। लापता छह जवानों की तलाश की जा रही है।

● लाचुंग और चुंगथांग कस्बों में फंसे 1,678 पर्यटकों को निकाला गया 100 से अधिक अब भी फंसे

उधर, मंगन जिले के लाचुंग में सड़क संपर्क बहाल करने के बाद फंसे हुए पर्यटकों को निकालने का काम शुरू किया गया है। यहां 29 मई से लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के कई हिस्सों में भूस्खलन हुआ, जिससे फिदांग और संगकालांग में पुलों को क्षति पहुंची और कई दिन सड़क संपर्क बाधित रहा। लाचुंग और चुंगथांग कस्बों में फंसे 1,678 पर्यटक 284 वाहनों और 16 मोटरसाइकिलों से द्जोंगू शहर के पास फिदांग के रास्ते गंगटोक रवाना हुए। उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे 100 से ज्यादा सैलानियों को भी लेकर 18 वाहनों का पहला समूह लोअर द्ज़ोंगू के फिदांग पहुंच गया है।



सिक्किम के लाचेन नगर में भूस्खलन के बाद सैन्य शिविर क्षतिग्रस्त हो गया।

असम को बाढ़मुक्त बनाने का भाजपा ने नहीं निभाया वादा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश से हो रही तबाही पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने असम को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन वह मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगे रहे और बाढ़ रोकने के ठोस प्रयास नहीं किए। समूचा पूर्वोत्तर भारी बारिश के कारण हो रहे विनाशकारी भूस्खलन तथा बाढ़ से जूझ रहा है। लोगों की जान जा रही है इसलिए प्रधानमंत्री को पीएम केयर्स फंड में बिना ऑडिट के पड़ी भारी भरकम राशि का इस्तेमाल पूर्वोत्तर के लोगों को इस आपदा के समय सहायता देने के लिए करना चाहिए।

पूर्वोत्तर: मृतक संख्या 36 5.5 लाख लोग प्रभावित

गुवाहाटी/ईटानगर। पूर्वोत्तर में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही और बाढ़ एवं भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 36 पहुंच गई है, जबकि क्षेत्र के कई राज्यों में 5.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन के कारण असम में सबसे अधिक 11 लोगों की जान गई है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश में 10, मेघालय में छह, मिजोरम में पांच, सिक्किम में तीन और त्रिपुरा में एक व्यक्ति की मौत हुई है। यहां एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया है कि असम में 22 जिलों में बाढ़ से 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि एक व्यक्ति की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, जबकि 15 नदियां उफान पर हैं।

ओडिशा: पति को पेट्रोल डालकर जला दिया

भुवनेश्वर। ओडिशा के नयागढ़ जिले में पति की हत्या के आरोप में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान नयागढ़ जिले के शिशिर साहू के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शिशिर की पत्नी नमिता और पुत्र अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है। किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद नमिता ने अभिषेक की मदद से शिशिर पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि दमकल कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर के अंदर से शिशिर का अधजला शव बरामद किया गया, इसके बाद पत्नी और पुत्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान मृतक की पत्नी और पुत्र ने अपराध कबूल कर लिया।

रियासती संपत्ति विवादों में कोर्ट के अधिकारों की होगी पड़ताल

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस बात की पड़ताल करने पर सहमति जताई कि क्या संविधान का अनुच्छेद 363 अदालतों को संविधान-पूर्व अनुबंधों के तहत उल्लिखित पूर्ववर्ती रियासतों की संपत्तियों से जुड़े विवादों की सुनवाई और किसी रियासत और भारत सरकार के बीच हुई संधियों, समझौतों, अनुबंधों, सनद आदि से उत्पन्न होने वाले किसी विवाद में हस्तक्षेप को रोकता है।

इसी के चलते न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने जयपुर के शाही परिवार के सदस्यों राजमाता पद्मिनी देवी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और सवाई पद्मनाभ सिंह द्वारा टाउन हॉल (पुरानी विधानसभा) और पुराने शहर में स्थित अन्य संपत्तियों के कब्जे को लेकर दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। उन्होंने राजस्थान हाईकोर्ट के उस निर्णय को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया था कि तत्कालीन रियासत और भारत संघ के बीच हुए समझौते में उल्लिखित टाउन हॉल (पुरानी विधानसभा) पर कब्जे की मांग करने वाले मुकदमों पर संविधान के अनुच्छेद 363 के तहत दीवानी अदालतें विचार नहीं कर सकतीं।

● जयपुर के शाही परिवार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सहमत

एक नजर

केरल तट के पास से दो यमनी छात्र लापता

कोच्चि। नौ यमनी नागरिकों के एक समूह के दो व्यक्ति सोमवार को यहां के निकट समुद्र में लापता हो गए। यह जानकारी एर्णाकुलम जिला अधिकारियों ने दी। यह घटना कोच्चि तालुक के एलमकुन्नापुझा गांव के वलप्पु समुद्र तट की है। लापता व्यक्ति तमिलनाडु के कोयम्बटूर स्थित कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्र हैं। अधिकारियों ने बताया कि तटीय पुलिस दल नजारक्कल पुलिस और वाइपिन फायर फोर्स की मदद से घटनास्थल पर खोज अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग की नौकाएं और भारतीय नौसेना का एक हेलीकॉप्टर भी इस अभियान में शामिल हो गया है।

दुष्कर्म पीड़िता की मौत पर बिहार सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म और क्रूर शारीरिक हमले की शिकार नौ वर्षीय लड़की की पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु पर बिहार सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग ने मेडिकल कॉलेज में उपचार में देरी के कारण हुई मौत का स्वतः संज्ञान लिया है और बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अस्पताल पर आरोप है कि पीड़ित बच्ची का इलाज शुरू करने के लिए बिस्तर मिलने से पहले उसे कई घंटों तक एम्बुलेंस में ही इंतजार करना पड़ा था।

ठग लाइफ की रिलीज से पहले कमल हासन कोर्ट पहुंचे

बेंगलुरु। अभिनेता कमल हासन ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य में फिल्म 'ठग लाइफ' की सुचारू रिलीज के लिए सुरक्षा देने का अनुरोध किया है। यह कदम कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स की हाल की घोषणा के जवाब में उठाया गया है, जिसमें उसने कहा था कि वह कर्नाटक में फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति तब तक नहीं देगा, जब तक हासन उस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते, जिसमें उन्होंने कहा था कि कन्नड़ तमिल से विकसित हुई है। कर्नाटक में फिल्म निर्माताओं, वितरकों-प्रदर्शकों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था ने पांच जून को रिलीज होने वाली इस फिल्म के बहिष्कार की घोषणा की है।

आईआरएस अधिकारी के ठिकानों से एक करोड़ कैश और 3.5 किलो सोना जब्त

नई दिल्ली। सीबीआई ने वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी अमित कुमार सिंघल के ठिकानों से एक करोड़ रुपये नकद और 3.5 किलोग्राम सोना जब्त किया है। सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में उनके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया गया था।

सिंघल यहां करदाता सेवा निदेशालय में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात थे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली और पंजाब में सिंघल के ठिकानों पर छापे सीबीआई ने एक करोड़ रुपये नकद, 3.5 किलो सोना और दो किलो चांदी जब्त की। सिंघल को 'ला पिनोज पिज्जा' के मालिक से 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने 'ला पिनोज पिज्जा' के मालिक सनम कपूर को जारी आयकर नोटिस का निपटान करने के लिए कथित तौर पर कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

राहत अभियान

भारी बारिश से अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों में लोग फंस गए हैं। आईटीबीपी के जवानों को उन्हें खाद्य वस्तुएं, दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने के लिए दुर्गम इलाकों से गुजरना पड़ रहा है। एजेंसी

शीर्ष कोर्ट का असम में निर्वासन के विरुद्ध दायर याचिका पर विचार करने से इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के समाप्त हुए बिना संदिग्ध विदेशी लोगों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं। हेगड़े ने कहा कि यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के एक आदेश पर आधारित है। पीठ ने कहा, कृपया गुवाहाटी हाईकोर्ट जाएं।

● सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा

हेगड़े ने कहा कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट के समक्ष उचित कदम उठाने के लिए याचिका वापस लेंगे। पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। अधिवक्ता अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में शीर्ष अदालत के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था।

मेघालय में लापता हुए इंदौर के पर्यटक का शव खाई में मिला

शिलांग। मेघालय में कुछ दिन पहले पत्नी के साथ लापता हुए इंदौर के राजा रघुवंशी का शव सोमवार को पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा क्षेत्र में झरने के पास गहरी खाई में मिला। अधिकारियों ने बताया कि राजा और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को नोंग्रियाट गांव में स्थित अतिथि गृह से निकलने के कुछ घंटे बाद से ही लापता थे। नोंग्रियाट गांव उस जगह से 20 किलोमीटर की दूरी पर है, जहां उनका शव मिला। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पुलिस के ड्रोन ने वेइसाडोंग जलप्रपात पार्किंग स्थल के नीचे गहरी खाई में शव का पता लगाया। शाम को शव को मजिस्ट्रेट जांच के लिए ले जाया गया। मृतक के रिश्तेदारों ने मृतक के दाहिने हाथ पर राजा लिखे टैटू के आधार पर शव की पहचान की। मौके से महिला की सफेद शर्ट, दवाई, मोबाइल फोन की स्क्रीन का हिस्सा और स्मार्टवॉच मिले है।

पेशेवर संस्थानों में घुसपैठ कर उन्हें बर्बाद कर रहा है संघ

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) से जुड़ी कथित अनियमितताओं का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की व्यवस्थित 'घुसपैठ' हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना (एबीआईएसवाई) नामक आरएसएस संगठन है। कांग्रेस के आरोपों पर फिलहाल आईसीएचआर और एबीआईएसवाई की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है।' उन्होंने आरोप लगाया, अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपये का घोटाला है, जो आईसीएचआर के लिए एक बड़ी रकम है। घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है।

● कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद में गड़बड़ियों का लगाया आरोप

औरेंज कैप
साई सुदर्शन
(गुजरात)

759 रन

पर्पल कैप
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)

25 विकेट

उच्चतम स्कोर

2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई)	717 रन
3. शुभमन गिल (गुजरात)	650 रन
4. मिचेल मार्श (लखनऊ)	627 रन
5. विराट कोहली (बेंगलुरु)	614 रन

सर्वाधिक विकेट

2. नूर अहमद (चेन्नई)	24 विकेट
3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई)	22 विकेट
4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु)	21 विकेट
5. साई किशोर (गुजरात)	19 विकेट

एक पारी में उच्चतम स्कोर

1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद)	141 रन
2. रिषभ पंत (लखनऊ)	118* रन
3. मिचेल मार्श (लखनऊ)	117 रन
4. केएल राहुल (दिल्ली)	112* रन
5. साई सुदर्शन (गुजरात)	108* रन

सर्वाधिक छक्के

1. निकोलस पूरन (लखनऊ)	40 छक्के
2. श्रेयस अय्यर (पंजाब)	39 छक्के
3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई)	38 छक्के
4. मिचेल मार्श (लखनऊ)	37 छक्के
5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद)	28 छक्के

18 साल का सूखा खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु-पंजाब

टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर रहेंगी निगाहें, पहले क्वालीफायर में पंजाब को हराकर आरसीबी पहुंची है फाइनल में

अहमदाबाद, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं।

आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस

रजत पाटीदार | श्रेयस अय्यर

वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है।

दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। दूसरी बार फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल.

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

मैच शाम 7:30 बजे

पंजाब किंग्स ने खुद को पहले स्थान पर रहने के लिए किया है तैयार : होप्स

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। होप्स ने कहा, हम पिछले कुछ महीनों से इस तरह से खेल रहे थे कि हम तीसरे स्थान पर न आएं। हम पहले स्थान पर आने का मौका चाहते थे और अब हमने खुद को वह मौका दे दिया है। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

काम अभी अधूरा है : श्रेयस

कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए काम अभी अधूरा है क्योंकि उनकी नजरें नई टीम पंजाब किंग्स के साथ दूसरा खिताब जीतने पर लगी है। पिछले साल कोलकाता को अपनी कप्तानी में खिताब दिलाने वाले अय्यर ने मुंबई के खिलाफ रविवार को 41 गेंद में नाबाद 87 रन बनाकर 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया। अय्यर ने फाइनल से पहले कहा, टीम के लिए मैच जीतना सबसे अच्छा अहसास है और दबाव के हालात में तो मैं इसे अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी कहूंगा। मैं हालात के अनुरूप खेलने की कोशिश करता हूं और ज्यादा आगे की नहीं सोचता। अगर मैं लक्ष्य का पीछा कर रहा हूं तो जरूरी रनरेट देखता हूं और यह कि विकेट कैसा है और कौन से गेंदबाज आने हैं। इसके आधार पर ही मैं रणनीति बनाता हूं और मैच को आखिर तक ले जाने की कोशिश करता हूं। काम अभी आधा हुआ है लिहाजा रविवार को उनका जश्न मनाने का मन नहीं हुआ।

हमें करना होगा श्रेष्ठ प्रदर्शन : पाटीदार

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि विराट कोहली ने अपने करियर के 18 साल टीम को दिए हैं और वह बखूबी जानते हैं कि देश के महान क्रिकेटरों में शुमार इस स्टार बल्लेबाज के लिए आईपीएल का खिताब जीतना कितना मायने रखता है। आरसीबी ने इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में तीन फाइनल खेले हैं, जिसमें प्रत्येक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम खिताब का सूखा खत्म नहीं कर पाई। पाटीदार ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने आरसीबी और अंतर्राष्ट्रीय टीम को भी बहुत साल दिए हैं। हम फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि हम फाइनल में हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे।

खेल डायरी

शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

नई दिल्ली। अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं।

श्रीलंका के अनुरोध पर महिला एमर्जिंग एशिया कप स्थगित

लाहौर। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण 6 जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार के बाद लिया गया, जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर कायम

नई दिल्ली। एथले टिक्स नैतिकता इकाई (एआईयू) ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन से प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है, जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों से अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

अय्यर और पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

अहमदाबाद। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगा है। अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया क्योंकि आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख का जुर्माना लगाया गया। पंजाब का यह न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों के तहत इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया। न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित तीसरा अपराध होने से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 30 सितंबर से

दुबई, एजेंसी

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत-श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था, लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान भारत नहीं आएगा और चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।

मैक्सवेल ने लिया वनडे क्रिकेट से संन्यास

मेलबर्न, एजेंसी

- भारत-श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर अब करेंगे ध्यान केंद्रित

आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे खेले।

मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली, जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी है। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मेरा शरीर जिस तरह से परिस्थितियों के अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, उससे मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा था। मैंने (चयनसमिति के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। मैक्सवेल ने कहा, हमने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। अब समय आ गया है कि आप अन्य खिलाड़ियों के लिए योजना बनानी शुरू करें। मैक्सवेल को हाल में उंगली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था।

क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

केपटाउन। द. अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकताएं तय करने की कवायद में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 33 वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी-20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

कार्लसन को हराकर गुकेश ने लिया पिछली हार का बदला

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

स्टावेंजर, एजेंसी

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं।

प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।

डी गुकेश

जो रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने जीती श्रृंखला

कार्डिफ। जो रूट की नाबाद 166 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने 139 गेंदों की पारी में 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।

जुरेल का दूसरा, जायसवाल और ईश्वरन का भी अर्धशतक

कैंटरबरी, एजेंसी

भारत ए के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने सोमवार को सपाट बल्लेबाजी ट्रैक का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़े, जिससे इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक 'टेस्ट' ड्रॉ हो गया। इंग्लैंड लायंस के निचले क्रम ने भारत ए के गेंदबाजों को हताश किया, जिससे मेजबान टीम ने पहले सत्र के दौरान पहली पारी में 587 रन बनाकर 30 रन की बढ़त के साथ दबदबा बनाया।

यशस्वी जायसवाल (64), कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (68), ध्रुव जुरेल (नाबाद 53) और नीतिश कुमार रेड्डी (नाबाद 52) ने अर्धशतक बनाकर नॉर्थम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे 'टेस्ट' से पहले आत्मविश्वास हासिल किया। भारत ए ने अंतिम दिन 41 ओवर में दूसरी पारी में दो विकेट पर 241 रन बना लिए थे जिसके बाद मैच खत्म कर दिया गया तब 25 ओवर बचे थे। इंडिया ए के कोच ऋषिकेश कानिटकर ने रेड्डी को चौथे नंबर पर भेजा क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में होने वाले पहले टेस्ट में उनका खेलना लगभग तय है। पहली पारी में 94 रन बनाने वाले जुरेल ने मैच में अपना दूसरा अर्धशतक बनाया। अगर टीम प्रबंधन



इस तरह से ही सोचे तो जुरेल के पास पूरी तरह से बल्लेबाज के तौर पर खेलने की तकनीक है। दूसरी पारी की शुरुआत जायसवाल ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हुल की गेंद पर छक्का लगाकर की। लंच के बाद के सत्र में जायसवाल और ईश्वरन ने आठ आठ चौके लगाए। पिच में कुछ खास नहीं था और इंग्लैंड लायंस की गेंदबाजी भी भारतीय आक्रमण की तरह ही औसत दर्जे की थी जिसमें कोई भी बल्लेबाजों को किसी तरह की परेशानी में नहीं डालना चाहता था। टेस्ट टीम के सदस्यों के लिए कुछ रन जुटाना महत्वपूर्ण था इसलिए टीम प्रबंधन परिणाम से संतुष्ट होगा। रेड्डी ने क्रीज पर पूरा आनंद लिया और तीन बड़े छक्के लगाए।

अल्काराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, एलिना भी अगले दौर में

पेरिस, एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल के तीसरे दौर में बेन शेल्टन को शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में एलिना स्वितोलिना ने पिछले साल की उपविजेता जैस्मिन पाओलिनी को पराजित किया। दूसरे वरीय और चार बार ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने शेल्टन पर तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (8), 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना अमेरिका के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।

महिला वर्ग में 13वीं वरीय स्वितोलिना ने 2024 की उप विजेता पाओलिनी को 4-6, 7-6 (6), 6-1 से हराकर पांचवीं बार रोलां गैरां के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। स्वियातेक ने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में अन्य क्वार्टरफाइनल में नंबर एक आर्यना सबालेंका का सामना झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 7-5, 6-3 से हराया जबकि 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग ने लियूडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (5), 1-6, 6-3 से मात दी।

कार्लोस अल्काराज

एलिना स्वितोलिना

बोइसन और गॉफ क्वार्टर में पहुंची

फ्रांस की गैर वरीय 21 साल की लुईस बोइसन ने सोमवार को अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। बोइसन कभी भी फ्रेंच ओपन में नहीं खेली हैं और वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली 361वीं रैंकिंग की इस खिलाड़ी है। पेगुला पिछले साल अमेरिकी ओपन की उप विजेता थीं। स्थानीय खिलाड़ी बोइसन बुधवार को क्वार्टरफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा से खेलेंगी। बोइसन दूसरी वरीय कोको गॉफ के साथ चौथे दौर में पहुंच गई हैं। 2023 अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ ने 20वीं रैंकिंग की इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। अमेरिका की मैडिसन कीज ने हमवतन हेली बापटिस्टे को और आंद्रीवा ने दारिया कसातकिना को हराया।

जोकोविच ने दर्ज की करियर की 100वीं जीत

सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने सोमवार को चौथे दौर में कैम नूरी को 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन में करियर की 100वीं जीत दर्ज की। जोकोविच अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में से तीन रोलां गैरां में जीत चुके हैं और उन्होंने क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी

रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाजू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

युद्धबंदियों व मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों को लेने-देने पर सहमत हुए रूस और यूक्रेन

इस्तांबुल, एजेंसी

- दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच नए दौर की प्रत्यक्ष शांति वार्ता एक घंटे तक चली

रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच नए दौर की प्रत्यक्ष शांति वार्ता के बाद जेलेंस्की ने लिथुआनिया के विनियस में कहा कि दोनों पक्षों ने तुर्किये के माध्यम से दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया और हम नए सिरे से युद्धबंदियों की अदला-बदली की तैयारी कर रहे हैं।

शांति वार्ता में रूस और यूक्रेन युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली करने पर भी सहमत हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि 16 मई को हुई पिछली दौर की वार्ता के बाद दोनों पक्षों के 1,000 बंदियों की अदला-बदली हुई थी। जेलेंस्की के कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने कहा कि यूक्रेन ने रूस को उन बच्चों की एक आधिकारिक सूची भी सौंपी है, जिनके बारे में कहा गया है कि उन्हें जबरन निर्वासित किया गया था और उन्हें वापस किया जाना चाहिए।

यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम ने किया जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ।

पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी : अमेरिका

पेरिस। अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गये हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की।

आसमान में रोंगटे खड़े करता एयर टर्बुलेंस

हजारों फीट की ऊंचाई पर उड़ान भर रहे विमान अक्सर खराब मौसम के कारण एयर टर्बुलेंस की जद में आ जाते हैं। इससे विमान में सवार यात्रियों की कई बार सांसे तक थम जाती हैं। टर्बुलेंस का सामना होने पर विमान हिलने लगता है। टर्बुलेंस तेज होने पर कई बार तो विमान अपने निर्धारित मार्ग से हट जाते हैं। कई बार तो ये चंद सेकेंड में सैकड़ों फीट नीचे तक आ जाते हैं। इस दौरान यात्रियों की सांसें अटकी रहती हैं।

ऐसे में पायलट की सूझबूझ और अनुभव काफी काम आता है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के मुताबिक 2009 से 2021 के बीच 116 क्रू मेंबर्स को गंभीर चोटें आईं। सालाना लगभग 4 अरब हवाई यात्री होने के बावजूद, ये घटनाएं दुर्लभ हैं। टर्बुलेंस की हालत में कुछ दिशा निर्देश होते हैं जिनका पालन करना यात्रियों के लिए जरूरी माना जाता है, इनमें हमेशा सीट बेल्ट बांधकर रखें, भले ही सीट बेल्ट साइन बंद हो। फ्लाइट अटेंडेंट् के निर्देशों का पालन करें।खिड़की के पास की सीट चुनें, वहां कम झटका महसूस होता है।



55% एयर टर्बुलेंस के गंभीर मामले 40 वर्षों में आए सामने

116 क्रू मेंबर्स को 2009-2021 के बीच गंभीर चोटें आईं

टर्बुलेंस की बड़ी घटनाएं

- **22 मई 2025 :** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की फ्लाइट ओलावृष्टि के कारण टर्बुलेंस की चपेट में आ गई, विमान में 227 यात्री सवार थे।
- **21 मई 2024 :** सिंगापुर एयरलाइंस के विमान ने तीन मिनट में 6,000 फुट का गोता लगा दिया। इससे हलचल से एक व्यक्ति की मौत हो गई, 18 यात्री जख्मी हुए।
- **11 जुलाई 2019 :** हवाई से कनाडा लौट रही फ्लाइट को अचानक क्लियर एयर टर्बुलेंस ने झकझोर दिया। 37 यात्री घायल हुए।
- **1997 :** जापान के पास टर्बुलेंस में फंसने से प्लेन अचानक नीचे गिरा, 1 यात्री की मौत हुई और 100 ज्यादा घायल हुए।

टर्बुलेंस क्या है और यह क्यों होता है

- टर्बुलेंस एक तरह की अनियमित और अप्रत्याशित वायु गति है जिससे हवाई जहाज को झटके लगते हैं। जैसे तूफान, पहाड़ों के पास की हवा, और तेज़ वायुमंडलीय धाराएं जिन्हें जेट स्ट्रीम कहा जाता है। टर्बुलेंस चार तरह के होते हैं-हल्का, मध्यम, गंभीर और अत्यंत गंभीर। हल्की और मध्यम टर्बुलेंस में यात्री अपनी सीट बेल्ट से खिंचाव महसूस कर सकते हैं लेकिन गंभीर या अत्यंत गंभीर मामलों में यात्री केबिन में उछल सकते हैं, जिससे गंभीर चोट या मौत तक हो सकती है।

जलवायु परिवर्तन गंभीर टर्बुलेंस का कारण

- यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग की एक रिपोर्ट कहती है कि पिछले 40 वर्षों में गंभीर टर्बुलेंस में 55% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। विशेष रूप से नॉर्थ अटलांटिक रूट पर, 1979 से 2020 के बीच गंभीर टर्बुलेंस की कुल वार्षिक अवधि में यह वृद्धि देखी गई। आने वाले दशकों में टर्बुलेंस का समय दोगुना या तिगुना हो सकता है। यानी अगर एक ट्रांस-अटलांटिक फ्लाइट में 10 मिनट टर्बुलेंस होता है, तो भविष्य में यह 20-30 मिनट तक हो सकता है।

एक नजर

त्रिनिदाद-टोबैगो में मनाया भारतीय आगमन दिवस

पोर्ट ऑफ स्पेन। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मिशन ने कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय प्रवासियों के पहले समूह के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय आगमन दिवस मनाया। रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम उच्चायोग द्वारा 1845 में भारतीयों के पहले समूह के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया पहला ऐसा उत्सव है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 15 लाख की आबादी वाले कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय मूल के 5,48,279 व्यक्ति निवास करते हैं।

गाजा: बच्चों और महिलाओं समेत 14 फलस्तीनी मारे गए

दीर अल-बलाह। गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं।

सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ पर आरोप

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ लोगों पर सोमवार को जालसाजों को कथित तौर पर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के आरोप लगाए गए। द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के मुताबिक, आरोपियों में युवन थिरुमारन (24) और अमरजीत सिंह जुगिंदर सिंह (50) समेत छह पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे मोदी

नई दिल्ली। छह साल में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित होने वाले आगामी जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना नहीं है। मामले से परिचित लोगों ने सोमवार को यह बात कही। कनाडा 15 से 17 जून तक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। ओटावा द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री को शिखर सम्मेलन के लिए अभी तक निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

अमेरिका के मॉल में आतंकी हमला

कार्यक्रम के दौरान पेट्रोल बम फेंका, 8 जख्मी, फलस्तीन आजाद करो के नारे लगाए

बोल्डर (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका में फलस्तीन को आजाद करो का नारे लगाते हुए गाजा में इजराइली बंधकों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए जमा हुए समूह पर पेट्रोल बम फेंक दिया जिसमें आठ लोग जख्मी हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एफबीआई ने इसे आतंकी हमला बताया है। हमले को कथित रूप से अंजाम देने वाले संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय साबरी सोलिमन के तौर पर हुई है और एफबीआई हमले की जांच आतंकी कृत्य के तौर पर कर रहा है।

सोलिमन को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा। यह हमला बोल्डर शहर के लोकप्रिय पर्ल स्ट्रीट पेडेस्ट्रेन मॉल में हुआ है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में यह घटना हुई। इस जंग ने वैश्विक तनाव को बढ़ा दिया है और इसकी वजह से अमेरिका में यहूदी विरोधी हिंसा में वृद्धि हुई है। हमला यहूदी पर्व शवोत की शुरुआत पर हुआ है। इस घटना से ठीक एक हफ्ते पहले वाशिंगटन में एक यहूदी संग्रहालय के बाहर फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाने वाले एक व्यक्ति पर इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह, उनकी पत्नी और पूरा इजराइल कोलोराडो में हुए भयंकर आतंकवादी हमले में घायल लोगों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है। यह हमला शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ था जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करना चाहते थे, क्योंकि वे यहूदी थे।

बोल्डर में आतंकी हमले के बाद तैनात सुरक्षाबल।

हमले पूरे देश में आम होते जा रहे : मिचलेक

एफबीआई के प्रभारी विशेष एजेंट मार्क मिचलेक ने कहा, इस तरह के हमले पूरे देश में आम होते जा रहे हैं। हिंसा करने वाले देश भर में लोगों को डरा रहे है। घायलों की उम्र 52 से 88 वर्ष के बीच है तथा कुछ लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब रन फॉर देयर लाइव्स नामक स्वयंसेवी समूह के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के वास्ते अपना साप्ताहिक प्रदर्शन समाप्त कर रहे थे।

वीडियो में एक के बाद एक बम फेंकते दिखा आरोपी

घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है, वह 'मोलोटोव कॉकटेल' (पेट्रोल बम) फेंक रहा है। वहीं, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक तानकर संदिग्ध व्यक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिसने दोनों हाथों में कंटेनर पकड़ रखे हैं। सैन डिएगो के एलेक्स ओसांटे ने बताया कि वह मॉल के सामने एक रेस्तरां के बाहर दोपहर का भोजन कर रहे थे, तभी उन्होंने जमीन पर बोतल टूटने की आवाज सुनी, जिसके बाद एक 'धमाका' हुआ और उसके बाद लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। उसने फिर पेट्रोल बम फेंका, लेकिन इसे फेंकते समय वह गलती से आग की चपेट में आ गया।

लॉस एंजिलिस काउंटी में गोलीबारी में एक अधिकारी की मौत, एक घायल

अमेरिका। अमेरिका के लॉस एंजिलिस काउंटी में एक व्यक्ति के राइफल से गोलीबारी करने और एक घायल व्यक्ति के सड़क पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंचे एक पुलिस अधिकारी की गोलीबारी में मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि अधिकारी रविवार रात को जब घटनास्थल पहुंचे तो संदिग्ध ने उन पर गोलीबारी की। एक अधिकारी ने इसके जवाब में गोलियां चलाईं। लॉस एंजिलिस शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक संदिग्ध घायल हो गया जिसे हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने मारे गए अधिकारी की पहचान सैमुएल रिवेरोस के रूप में की है।

भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट : मोदी

- प्रधानमंत्री ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की।

पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। कहा, हम इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं।

पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

पराग्वे ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग

प्रधानमंत्री ने पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा, भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

नकल पर उतारू पाकिस्तान, अपने सांसदों के दल को भी भेजा विदेश

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने वैश्विक कूटनीतिक प्रयास का ब्योरा जारी किया और दोनों देशों के बीच समस्याओं से निपटने के लिए बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिये दो प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग दिशाओं में भेजे हैं।

यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक संपर्क के तहत 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे। विदेश कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है।

पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में दर्शाना वास्तविकता से दूर

इस्लामाबाद। विदेश कार्यालय (एफओ) ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में चित्रित करने का कोई भी प्रयास वास्तविकता से अलग है। एफओ आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भारतीय नेतृत्व द्वारा की गई आलोचना का जवाब दे रहा था। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भारतीय नेताओं ने हाल के दिनों में सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन

कराची। सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने हैदराबाद शहर में एक ऐतिहासिक मंदिर की छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कराची से 185 किमी दूर मूसा खातियान जिले के टांडो जाम कस्बे में रविवार को हुआ। हिंदू समुदाय की नेता सीतल मेघवार ने मीडिया से कहा, इन लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर पहले ही अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। महिलाओं व बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद-पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन (पीडीआई) के आह्वान पर बाहर आए, जो हिंदू समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए लड़ता है। अन्य नेता राम सुंदर ने कहा, मंदिर हमारे लिए पवित्र है और इन बिल्डरों ने समुदाय के श्मशान घाट सहित मंदिर के आसपास की जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया है।

मानव हित में है आतंकवाद का खात्मा

- सिंगापुर में हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जताया समर्थन

लंदन/काहिरा/कुआलालंपुर, एजेंसी

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने सोमवार को कई देशों के नेताओं से मुलाकात की और आतंकवाद से लड़ने के भारत के संकल्प को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडलों ने इस बात पर जोर दिया कि मानवता के हित के लिए आतंकवाद का खात्मा किया जाना चाहिए। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन वेस्ट से मुलाकात की।

इस दौरान, वेस्ट ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ब्रिटेन आतंकवाद से लड़ने के प्रयासों में भारत के साथ है। भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को चार देशों (बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और अल्जीरिया) की अपनी यात्रा पूरी की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पूर्व राजनयिक हर्षवी श्रृंगला ने बताया कि यात्रा के अंतिम पड़ाव अल्जीरिया में, सदस्यों ने आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति को सफलतापूर्वक रेखांकित किया। श्रृंगला ने एक्स' पर पोस्ट किया, राजनीतिक, भाषाई और आध्यात्मिक रूप से विविध समूह, जो 'भारत प्रथम' की सर्वोत्तम भावना के साथ एक स्वर में बोलता है। सदस्यों ने रविवार रात अल्जीरियाई संसद में विदेश मामलों, सहयोग और राष्ट्रीय समुदाय संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष मोहम्मद खोउने से मुलाकात की, जिन्होंने उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। पांडा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आपसी हितों के व्यापक विषयों और आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने की भारत की प्रतिबद्धता पर चर्चा की गई।

लंदन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल और 3 कोड़े मारने की सजा

सिंगापुर। यहां की एक अदालत ने 16 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने, इस कृत्य का वीडियो बनाने और उससे जबरन धन वसूली के मामले में भारतीय मूल के सिंगापुर के एक नागरिक को तीन साल से अधिक की जेल और तीन कोड़े मारने की सजा सुनाई है। 27 वर्षीय मार्क जस्टिन लैंड्रियो चंद्रमोहन की सजा शुक्रवार से शुरू होगी क्योंकि उसे अपना कर्जा चुकाने के लिए कुछ समय दिया गया है। पीड़िता 'शुगर डैडी' व्यवस्था से पीछे हट गई थी जिसके बाद चंद्रमोहन ने उस पर दबाव बनाया। शुगर डैडी' शब्द का प्रयोग आमतौर पर एक वृद्ध, धनी व्यक्ति के लिए किया जाता है जो किसी कम उम्र की महिला या व्यक्ति से संबंध रखने, यौन संबंध के बदले में वित्तीय या भौतिक सहायता प्रदान करता है।

ठाणे में एटीएस का छापा, 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई।

एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी।

- सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों के घरों को खंगाला

उन्होंने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं।

सहयोग भारत का रक्षा कवच होगा और मजबूत, रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने दी जानकारी

रूस 2026 तक देगा बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस 2025-2026 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बाकी इकाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबुश्किन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष में एस-400 मिसाइल प्रणाली ने बेहद प्रभावी ढंग से काम किया।

बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों के क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा, हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत ही प्रभावी ढंग से काम किया। हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। यूरोप और यहां की स्थिति के मद्देनजर, हम महसूस कर रहे हैं कि वायु रक्षा प्रणाली सामान्य रूप से रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के सबसे आशाजनक पहलुओं में से एक है। बाबुश्किन ने इस बात की पुष्टि की कि बाकी दो एस-400 इकाइयों के लिए अनुबंध प्रगति पर है और इनकी आपूर्ति सार्वजनिक रूप से घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है।

रूसी राजदूत ने कहा- उनका देश कई वर्षों से खतरे का कर रहा सामना

उन्होंने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए इस साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। बाबुश्किन ने मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिवेश में इस तरह के सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। ड्रोन के बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए, खास तौर पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उनके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर, बाबुश्किन ने ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने में रूस के अनुभव को रेखांकित किया। बाबुश्किन ने कहा, हम कई वर्षों से इस खतरे का सामना कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हमारी प्रणालियों का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के साझा हित में होगा कि इस खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए और कुछ अन्य सहयोग कायम किए जाएं।" उन्होंने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां पहले से जारी भारत-रूस रक्षा वार्ता में शामिल हैं। बाबुश्किन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संभावित भारत यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह किसी भी समय हो सकती है। हम इसके (यात्रा के) इसी महीने होने की उम्मीद कर रहे हैं।

पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी करोल की जीत

- नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हुए हासिल

वारसॉ (पोलैंड)। पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं। प्रारंभिक एग्जिट पोल में त्राज्स्कोव्स्की जीत की ओर अग्रसर दिखाने के कुछ घंटे बाद नतीजों ने तस्वीर उलट दी।